राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 सचिन तेंदुलकर ने खेली थी ...

दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया-रूस सैन्य... 12

वर्ष : 14 | अंक : 283 | नई दिल्ली, रविवार, 25 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 22°C
न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 63,810
चांदी 75,400
सेंसेक्स 73,142
निफ्टी 22,212

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने संत रविदास को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी और कहा कि समानता व सद्भाव पर आधारित उनका संदेश हर पीढ़ी को प्रेरित करेगा। मोदी शुक्रवार को संत रविदास की 647वीं जयंती के उपलक्ष्य में अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक समारोह में शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, समानता व सद्भाव पर आधारित उनका संदेश हर पीढ़ी को प्रेरित करेगा। रविदास विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं और किसी भी प्रकार के भेदभाव के खिलाफ उनके विचारों से प्रभावित लोगों की अच्छी-खासी तादाद है।

### कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

बेलगावी (कर्नाटक)। कर्नाटक के बेलागावी जिले से लगभग 90 किलोमीटर दूर दत्त जंबोटी रोड पर हुई दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को हुई दुर्घटना में पांच लोगों की घटनास्थल पर जबकि एक अन्य की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार एक कार ने खड़े हुए दोपहिया वाहन और फिर एक अन्य दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, खड़े हुए वाहन के पास मौजूद दो लोगों को गंभीर चोट आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनमें से हनमंत मलप्पा माल्यागोल नामक व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि अन्य मृतकों की पहचान एकनाथ भीमप्पा पदतारी (22), मल्लिकार्जुन रामप्पा मराठे, आकाश रामप्पा मराठे, लक्ष्मी रामप्पा मराठे और नागपा लक्ष्मण यादवन्नावर के रूप में हुई है। मुर्गोड पुलिस ने दुर्घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है।बेलगावी जिले के पुलिस अधीक्षक भीमाशंकर गुलेद ने कहा कि पिछले तीन दिन में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत हुई है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और तेज गति से वाहन चलाने से बचने की अपील की।

### तीन नये आपराधिक कानून एक जुलाई 2024 से होंगे प्रभावी

नई दिल्ली। देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-एक जुलाई से लागू होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

# भविष्य में बुलेट ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर होंगी आत्मनिर्भर : वैष्णव

## रेल मंत्री ने मुंबई-अहमदाबाद गलियारे पर निर्माण कार्य का लिया जायजा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। भविष्य में बुलेट ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक पर आत्मनिर्भर होंगी। यह बात रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निर्माण कार्य का जायजा लेने के दौरान कही। उन्होंने बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत मुंबई-अहमदाबाद गलियारे पर निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए कहा कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब हाई स्पीड रेल (एचएसआर) या बुलेट ट्रेन परियोजनाएं पूरी तरह स्वदेशी हो सकती हैं। रेल मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के आत्मनिर्भरता के प्रयासों से यह तो पक्का हो जाएगा कि भविष्य में बुलेट ट्रेन परियोजनाओं के लिए विदेशी तकनीकी भागीदार की जरूरत नहीं होगी। मगर वैष्णव ने इसकी समय सीमा नहीं बताई है। गौरतलब है कि भारत के पास फिलहाल हाई स्पीड रेल परियोजनाओं के लिए स्वदेशी तकनीक नहीं है। महाराष्ट्र-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल गलियारा बनाने के लिए जापान की मदद ली जा रही है। इस परियोजना के लिए जापान इंटरनैशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जिका) से कर्ज भी मिला है। जब आगे चलकर दूसरे बुलेट ट्रेन गलियारों को मंजूरी दिए जाने के बारे में वैष्णव ने कहा कि भारत को विकसित बनाने की दिशा में कई कदम उठाए जाएंगे। मगर उन्होंने किसी खास बुलेट ट्रेन गलियारे के बारे में कुछ नहीं कहा। रेल मंत्री वैष्णव ने सेमी हाई-स्पीड ट्रेन तकनीक का जिक्र किया। वंदे भारत के नाम से चलने वाली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन पूरी तरह स्वदेशी है। उन्होंने कहा कि विदेशी भागीदारों के साथ बुनियादी ढांचा तैयार करने की प्रक्रिया काफी लंबी होती है।



इसमें काफी समय तकनीक अपनाने में भी लग जाता है, जिसे भविष्य में स्वदेशी बनाने में मदद मिलती है। वहीं अधिकारियों ने कहा कि निकट भविष्य में हाई स्पीड गलियारे के लिए पूरी तरह स्वदेशी तकनीक तैयार होने की उम्मीद जल्दबाजी होगी। इतना तय है कि नए बनाने वाले गलियारों में भारत महाराष्ट्र-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल गलियारे की तुलना में ज्यादा स्वदेशी तकनीक और उपक्रम का उपयोग कर सकेगा। रेल मंत्री वैष्णव ने कहा कि आज हम जिस तकनीक को सीखते हैं, उसका इस्तेमाल बाद में कई तरह से किया जा सकता है। उदाहरण के लिए जटिल मेट्रो और रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजनाओं को पूरा करने की भारत की कुशलता और क्षमता भी बढ़ी है। हाई स्पीड रेल परियोजना को भी हम तकनीक सीखने का मौका मान रहे हैं ़ उन्होंने कहा कि परियोजना पर 1.08 लाख करोड़ रुपये की स्वीकृत रकम के मुकाबले ज्यादा लागत आना लगभग तय है। मगर इसका कुल अनुमान रेलगाड़ियों तथा अन्य उपकरणों की आपूर्ति के लिए जापान में ठेके देने के बाद ही लगाया जा सकता है।

# पीएम ने राज्यों में अनाज वितरण के लिए 11 गोदामों का किया उद्घाटन

- लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने में सहायक है सहकारी क्षेत्र : मोदी

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता को भारत की प्राचीन अवधारणा बताते हुए कहा कि सहकारी क्षेत्र एक लचीली अर्थव्यवस्था को आकार देने और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में सहायक है। उन्होंने सहकारी समितियों से खाद्य तेल जैसी कृषि वस्तुओं पर भारत की आयात निर्भरता कम करने और श्रीअन्न (मोटे अनाज) ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को दिल्ली के भारत मंडपम में सहकारिता से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने 11 राज्यों में अनाज वितरण के लिए 11 पैक्स भंडारण सुविधाओं की शुरूआत की और 500 पैक्स भंडारण केंद्रों के निर्माण की आधारशिला रखी।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दुनिया के सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की शुरूआत की गई है। इसके परिणामस्वरूप देश के हर कोने में हजारों वेयरहाउस और गोदाम बनाए जाएंगे। इसके अलावा आज 18000 पैक्स के कंप्यूटराइजेशन का काम भी पूरा हुआ है। इससे देश के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव आयेगा और कृषि क्षेत्र से आधुनिक तकनीक जुड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि सहकारिता भारत के लिए प्राचीन अवधारणा है। उन्होंने एक ग्रंथ का हवाला देते हुए बताया कि छोटे संसाधनों को एक साथ मिलाने पर बड़ा काम पूरा किया जा सकता है और भारत में गांवों की प्राचीन व्यवस्था में इसी मॉडल का पालन किया जाता था। उन्होंने कहा कि खेती और किसानी की नींव को मजबूत करने में सहकारिता की शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है। इस सोच के साथ हमने अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि इस नए मंत्रालय के माध्यम से सरकार का लक्ष्य भारत के कृषि क्षेत्र की खंडित शक्तियों को एक साथ लाना है। किसान उत्पादक संगठन का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने गांवों में छोटे किसानों के बीच बढ़ती उद्यमशीलता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अलग मंत्रालय होने के कारण देश में 10,000 एफपीओ के लक्ष्य में से 8000 एफपीओ पहले से ही कार्यरत हैं। सहकारिता का लाभ अब मछुआरों और पशुपालकों तक भी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां अब गांवों में सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में काम कर रही हैं और सैकड़ों सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि इससे गांवों में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



# कांग्रेस के साथ हुआ आप का सीट बंटवारा

- लोकसभा चुनाव: दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर लड़ेगी

प्रात : किरण/एजेंसी





नई दिल्ली। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली समेत कुछ राज्यों में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, लेकिन चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीट बंटवारे की घोषणा से कुछ दिनों पहले ही उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीट में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और अतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की। इस मौके कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली भी मौजूद थे। वासनिक ने कहा, ह्य दिल्ली में आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आप दक्षिणी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उतारेगी, जबकि कांग्रेस चांदनी चौक, उत्तर पश्चिम दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर चुनाव लड़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में सात लोकसभा सीट हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में सभी सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत दर्ज की थी। वासनिक ने कहा कि आम आदमी पार्टी गुजरात में भरूच और भावनगर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट भी आम आदमी पार्टी को दी गई है। गुजरात में लोकसभा की 26 सीट है। 24 सीट पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ लोकसभा सीट को को लेकर लंबी चर्चा की गई और आखिर में फैसला हुआ कि यहां से कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वासनिक ने कहा कि गोवा को लेकर तय किया गया कि राज्य की दोनों सीट पर कांग्रेस लड़ेगी। भरूच को लेकर के पिछले कुछ दिनों से दोनों दलों के बीच पेंच फंसा हुआ था क्योंकि कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अहमद पटेल के पुत्र फैसल पटेल और पुत्री मुमताज पटेल यह सीट आम आदमी पार्टी को दिए जाने का विरोध कर रहे थे। फैसल पटेल ने तो यहां तक कह दिया था कि अगर यह सीट आम आदमी पार्टी के खाते में जाएगी तो वह और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता आप प्रत्याशी का सहयोग नहीं करेंगे।

# टीएमसी के लिए कांग्रेस के दरवाजे हमेशा खुले : जयराम रमेश

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि टीएमसी से अभी भी बातचीत चल रही है। टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। उधर टीएमसी ने भी कहा है कि वे इंडिया गठबंधन को मजबूत करना चाहते हैं और उनका सबसे बड़ा मकसद भाजपा को हराना है। इस मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी के पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों, असम की कुछ सीट और मेघालय की एक सीट पर चुनाव लड़ने के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। बता दें कि डेरेक ओ ब्रायन का यह बयान उस समय आया है, जब कहा गया है कि कांग्रेस जल्द ही तृणमूल कांग्रेस के साथ सीट समझौते को अंतिम रूप दे देगी। वहीं कांग्रेस ने कहा है कि उनके टीएमसी के लिए दरवाजे हमेशा के लिए खुले हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि टीएमसी से अभी भी बातचीत चल रही है। टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। टीएमसी ने भी कहा है कि हम ममता बनर्जी का बड़ा सम्मान करते हैं। कांग्रेस और ममता बनर्जी नीत तृणमूल कांग्रेस विपक्षी ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंसह्ण का हिस्सा हैं। दोनों दलों के बीच हालांकि सीट बंटवारे पर सहमति नहीं बन पा रही है, जिसके चलते दोनों दलों में गठबंधन की बातचीत रुक गई थी। अब कहा जा रहा है कि दोनों दलों में फिर से बातचीत हुई है।



# यूपी सड़क हादसा : ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से 22 की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। पटियाली-दरियावगंज मार्ग पर सुबह करीब 10 बजे श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। तालाब में जाकर ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। जिसमें ज्यादातर श्रद्धालु दब गए। इस हादसे में 22 लोगों की मौत अब तक हो चुकी है। मृतकों में आठ महिलाएं और साथ बच्चे शामिल हैं। कई गंभीर घायल श्रद्धालुओं का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है और कुछ को रेफर किया गया है। घटनास्थल से लेकर जिला अस्पताल तक अफरा तफरी का महौल बना हुआ है। डीएम, एसपी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राहत और बचाव का कार्य किया जा रहा है।

परिवारों में चीत्कार मचा हुआ है। मृतकों में एक एक परिवार के कई कई लोग शामिल हैं। प्रशासन के द्वारा अब तक 22 लोगों की मौत की पुष्टि की जा चुकी है। सीएमओ डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि सात बच्चे और आठ महिला पटियाली के सीएचसी पर मृतक घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही पांच और को मृत घोषित कर दिया गया। एंबुलेंस से जो अन्य घायल जिला अस्पताल लाए गए हैं उनका परीक्षण चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका बनी हुई है। स्थिति अधिक गंभीर है।



## पीएम ने कासगंज हादसे पर जताया शोक

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के कासगंज में हुए सड़क दुर्घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। साथ ही घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा गया, हृदयविदारक! उत्तर प्रदेश के कासगंज में ट्रैक्टर ट्रॉली के तालाब में गिरने से हुआ हादसा दुख से भर देने वाला है। इसमें जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है। इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कासगंज हादसे पर दुख जताया। उन्होंने हादसे में मरने वालों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया। साथ ही घायलों के निःशुल्क इलाज करने के आदेश दिए। सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जनपद कासगंज में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

## कोरोना के बाद अचानक मौतों पर हुआ अध्ययन

नई दिल्ली। कोरोना के बाद से विभिन्न समारोहों में नाचते गाते या जिम में व्यायाम करने के दौरान अचानक मौत के मामले सुर्खियों में रहे हैं। ऐसे मामलों में अक्सर वीडियो देखकर मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट (अचानक हृदय गति बंद हो जाना) मान लिया जाता है। बहुत हद तक यह बात सही भी है। हालांकि, एम्स के फारेंसिक विभाग द्वारा किए गए एक अध्ययन की प्राथमिक रिपोर्ट में पाया गया है कि ऐसे करीब 22 प्रतिशत मामलों में सांस रुकने से लोगों की अचानक जान गंवाई। एम्स के फारेंसिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने ऐसे मामलों के लिए प्रदूषण को भी एक कारण बताया। डॉ. सुधीर गुप्ता ने बताया कि कोरोना के बाद युवाओं के अचानक मौत के मामले बढ़ने पर भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने इस पर एक शोध करने की जिम्मेदारी दी है। जिसमें यह देखा जा रहा है कि मौत का कारण कोरोना के बाद की समस्याएं या टीके का किसी तरह दुष्प्रभाव तो नहीं है। इस अध्ययन की प्राथमिक रिपोर्ट में कोरोना के बाद की समस्याओं या टीके के कारण मौत की पुष्टि नहीं हुई।

# अधिकारियों के तबादला की नीति का पालन हर हाल में हो : आयोग

- निर्वाचन आयोग ने राज्यों से नीति सुनिश्चित करने को कहा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने राज्यों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि जिन अधिकारियों का किसी जिले से तबादला चुनाव के पहले उसकी नीति के तहत किया जाता है उनकी नियुक्ति उसी संसदीय क्षेत्र में किसी जिले में नहीं हो। चुनाव से पहले अधिकारियों को स्थानांतरित करने की अपनी नीति में बदलाव करके निर्वाचन आयोग ने उन खामियों को दूर करने की कोशिश की है जिनका राज्य सरकारों द्वारा बेजा फायदा उठाया जा रहा था। यह कदम चुनाव प्राधिकरण द्वारा उन मामलों पर गंभीरता से ध्यान देने के बाद उठाया गया है जिनमें राज्य सरकारों की ओर से अधिकारियों को उसी संसदीय क्षेत्र के निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरित किया गया था। चुनाव आयोग की नीति के अनुसार सभी अधिकारी जो या तो अपने गृह जिले में तैनात थे या एक ही स्थान पर तीन साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें लोकसभा या विधानसभा चुनावों से पहले यह सुनिश्चित करने के लिये स्थानांतरित कर दिया जाता है कि वे किसी उम्मीदवार या पार्टी के पक्ष में समान अवसर को बाधित न करें। आयोग ने एक बयान में शनिवार को कहा, आयोग ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी मौजूदा स्थानांतरण नीति को मजबूत किया है कि अधिकारी चुनावों में समान अवसर में बाधा न पैदा कर सकें। आयोग ने कहा, मौजूदा निदेशों में खामियों को दूर करते हुए आयोग ने निर्देश दिया है कि दो संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर सभी राज्य यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन अधिकारियों को जिले से बाहर स्थानांतरित किया गया है उनकी नियुक्ति उसी संसदीय क्षेत्र में नहीं की जाए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में निर्वाचन आयोग ने राज्यों से कहा है कि नीति का पालन किया जाना चाहिए इसका महज दिखावा न हो।





**यात्रा** | उप्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे चरण में प्रियंका गांधी भी रहीं मौजूद

# देशभक्त नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाते हैं : राहुल

प्रात : किरण संवाददाता

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण शनिवार को मुरादाबाद से शुभारंभ हुआ। राहुल के साथ उनकी बहन एवं पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी यात्रा में शामिल हुईं। न्याय यात्रा में कांग्रेस के साथ ही गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद लोगों को राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत पार्टी के कई प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। राहुल ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देशभक्त नफरत की नहीं, मोहब्बत की दुकान चलाते हैं। नफरत हमेशा मोहब्बत से कटती है। हमें संकल्प लेना चाहिए कि इस देश में हम नफरत को नहीं फैलने देंगे। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत जनता में दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक शामिल हैं लेकिन देश की बड़ी कंपनियों के मालिक इन 90 प्रतिशत लोगों में से नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जैसे हड्डी टूटने पर पहले चरण में हाथ का एक्सरे कराया जाता है वैसे ही इन 90 प्रतिशत लोगों की सभी जगह भागीदारी हो इसके लिए प्रथम चरण में जातिगत जनगणना आवश्यक है। मुरादाबाद की बहू प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जब तक आप बदलाव नहीं लाएंगे तब तक आपकी स्थिति नहीं बदलेगी। बदलाव तब आएगा, जब आप अपनी परिस्थिति को समझ कर वोट करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि इस सरकार में किसानों के कर्ज माफ नहीं होते हैं, सिर्फ बड़े-बड़े उद्योगपतियों के कर्ज ही माफ होते हैं। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल एवं संजय कपूर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 25 फरवरी, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### बकाया नहीं देने पर 83 कनेक्शन काटे

**रूड़की, एजेंसी।** ऊर्जा निगम ने बकाया नहीं देने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर 83 बकायेदारों के कनेक्शन काटे। इस दौरान विभाग ने करीब 5.50 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की। साथ ही तीन घरों में बिजली चोरी पकड़ी। बुधवार को ऊर्जा निगम के रामनगर डिवीजन के अधिशासी अभियंता अनूप सैनी के नेतृत्व में टीम ने रामनगर क्षेत्र में बकाया वसूली के लिए अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने ऐसे लोगों की लिस्ट तैयार की जिनपर विभाग का 20 से 50 हजार रुपये तक बकाया चल रहा था। इस दौरान टीम ने भारतनगर, रामपुर और पुरानी तहसील में अभियान चलाया। ईई अनूप सैनी ने बताया कि इस दौरान बकाया नहीं देने पर 83 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। कनेक्शन काटे जाने के बाद चार बकायेदारों ने बकाया जमा करवाकर कनेक्शन जुड़वा लिया। इसके अलावा ऐसे उपभोक्ता भी थे जिन्होंने तुरंत ही बकाया जमा करवा दिया। ऐसे में टीम ने 5.50 लाख रुपये की वसूली की। उन्होंने बताया कि बकाया वसूली का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर एसडीओ ओमपाल सिंह, जेई मनमोहन, नसीम और लाइनमैन महावीर आदि मौजूद रहे।

### भुगतान आवेदन के लिए काउंटर खुलवाने की मांग

**कोटद्वार, एजेंसी।** ठगी पीड़ितों ने अनियमित जमा योजना पाबंदी कानून (बर्ड्स एक्ट) के तहत तहसील स्तर पर भुगतान आवेदन के लिए काउंटर खुलवाने की मांग की। उन्होंने इस संबंध में तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार चौहान को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 21 जुलाई, 2023 के शासनादेश में ठगी पीड़ितों के भुगतान के लिए आवेदन जमा करवाने के लिए जिला स्तर पर सक्षम अधिकारी और सहायक सक्षम अधिकारी नियुक्त कर तहसील स्तर पर काउंटर खोलने के आदेश दिए थे। मगर पौड़ी जनपद में अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में भुगतान काउंटर खोले जा चुके हैं। ज्ञापन भेजने वालों में प्रदेश अध्यक्ष मुकेश चंद्र, जिला संयोजक गजे सिंह, प्रदेश संयोजक सुखदेव शास्त्री, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी बिष्ट, रीना आर्य, इंदु बिष्ट, कल्पना रावत, राजेंद्र कुमार, विजय लक्ष्मी, रीता आदि शामिल रहे।

### निजी वाहनों का पार्किंग स्थल बन गया चंपावत रोडवेज स्टेशन

**चंपावत, एजेंसी।** जिला मुख्यालय का रोडवेज स्टेशन निजी वाहनों का पार्किंग स्थल बन गया है। बस स्टेशन में रोडवेज की बसें कम और निजी वाहन ज्यादा खड़े रहते हैं जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टेशन में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लोगों को नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया जाता है लेकिन लोग सुधरने के लिए तैयार नहीं हैं। बस स्टेशन के दोनों गेट पर पीआरडी जवानों की तैनाती की गई है। बावजूद इसके निजी वाहनों के स्टेशन में पार्किंग करने का सिलसिला जारी है। नागरिकों की ओर से कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पात्र व्यक्तियों को समय पर मिले सेवा अधिकार का लाभ

**चंपावत, एजेंसी।** उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग अधिनियम 2011 के प्रभावी क्रियान्वयन और अनुश्रवण पर हुई कार्यशाला में आयोग के अधिकारियों ने कहा कि सेवा का अधिकार आयोग जनहित में चलाई जा रही सेवाओं के प्रति गंभीर है। इसमें नागरिकों को सेवाओं से लाभान्वित करने की अपील की गई। जिला कार्यालय सभागार में जिले के विभिन्न विभागों के अपीलीय अधिकारियों की कार्यशाला हुई।। उत्तराखंड सेवा का अधिकार आयोग के उप रजिस्ट्रार एसएसएस पांगती, कैलाश चंद्र पंत और सहायक रजिस्ट्रार एसएम कंडवाल, जसपाल लाल भाटिया ने आयोग के कार्य, शक्तियां, दायित्वों आदि की जानकारी दी। कार्यशाला में अधिकारियों को उनके संबंधित विभाग में जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों और उनके निस्तारण की मासिक रिपोर्ट भी नियमित रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

# आपस में भिड़े भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता, एक-दूसरे पर पथराव किया; लगाए आरोप-प्रत्यारोप

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर की शक्ति विहार कॉलोनी में सड़क के लोकार्पण का शिलापट को शिफ्ट करने को लेकर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा भिड़ गए। सीपी का आरोप है कि रामपाल ने परिजन और समर्थकों के साथ उनको दौड़ाकर पीटा।

रुद्रपुर शहर की शक्ति विहार कॉलोनी में सड़क के लोकार्पण का शिलापट को शिफ्ट करने को लेकर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह और कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा भिड़ गए। सीपी का आरोप है कि रामपाल ने परिजन और समर्थकों के साथ उनको दौड़ाकर पीटा। यही नहीं उन पर ईंट-पत्थर भी फेंके। रामपाल ने सीपी व साथियों पर मारपीट और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर धमकाने का आरोप मढ़ा। घटना के बाद चोटिल सीपी ने जिला अस्पताल में इलाज कराया, वहीं रामपाल को अस्पताल में भर्ती किया गया।



शक्ति विहार कॉलोनी के गेट पर एक साल पहले नगर निगम की ओर से बनाई गई सड़कों के लोकार्पण का शिलापट लगाया गया था। कॉलोनी के नए गेट के लिए विधायक निधि से प्रस्ताव मंजूर हुआ है। नया गेट बनवाने के लिए शक्ति विहार कॉलोनी के सोसायटी अध्यक्ष व कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा शिलापट को दूसरे जगह शिफ्ट करना चाह रहे थे लेकिन इसी कॉलोनी में रहने वाले निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने इस पर असहमति जताई थी। उन्होंने वर्तमान गेट की जगह पर ही नया गेट बनाने का सुझाव दिया था।

शुक्रवार दोपहर कॉलोनी गेट पर सीपी शर्मा शिलापट को शिफ्ट करा रहे थे। इसी बीच रामपाल अपने सहयोगियों के साथ पहुंच गए। दोनों पक्षों में गहमागहमी के बाद मारपीट हो गई। मारपीट में सीपी को खुली और रामपाल को गुम चोटें आई। दोनों ही इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद सीपी को छुट्टी दे दी। वहीं रामपाल को दर्द की शिकायत पर भर्ती कर लिया। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि विवाद और मारपीट की सूचना मिली है। किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है। मामले में तहरीर मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मारपीट की घटना के बाद सीपी शर्मा इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। सूचना मिलने पर जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. गणेश उपाध्याय, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संदीप चीमा, निवर्तमान पार्षद मोहन खेड़ा, मोनू निषाद सहित तमाम कांग्रेसियों ने अस्पताल पहुंचकर हाल चाल जाना। प्राथमिक इलाज कराकर सभी लोग सीपी को घर ले गए। वहीं निवर्तमान मेयर के अस्पताल पहुंचने की जानकारी के बाद विधायक शिव अरोरा, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, राकेश सिंह, निवर्तमान पार्षद प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने उनका हाल चाल जाना। उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। संवाद शिलापट शिफ्टिंग को लेकर भिड़े रामपाल सिंह और सीपी शर्मा शक्ति विहार कॉलोनी के वाशिंदे हैं। सीपी वर्तमान में सोसायटी के अध्यक्ष हैं। शिलापट शिफ्ट करने का विवाद कुछ दिनों से चल रहा था। शुक्रवार को सोसायटी के व्हाट्सएप ग्रुप में सीपी ने शिलापट को सम्मानपूर्वक शिफ्ट करने का मैसेज भी डाला था। इसके बाद वे शिलापट शिफ्ट करवाने लगे और विवाद खड़ा हो गया। शिलापट को लेकर हुए विवाद में दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि जहां पर विवाद हुआ था, वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने की बात कही जा रही है। मारपीट की घटना के बाद कालोनी के लोग भी सकते हैं। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र में इस प्रकार की घटिया मानसिकता का कोई स्थान नहीं है। विपक्षी पार्टी के लोगों की ओर से अशोभनीय कार्य किया गया है, निंदनीय है। यह कांग्रेस पार्टी के संस्कार और सोच को दर्शाता है। कांग्रेसी विकास कार्यों के शिलापट को जबरन हटाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसी घटना का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। हमको अपने पद और प्रतिष्ठा का ध्यान रखते हुए मर्यादा का पालन करना चाहिए। मामले में कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि शिलापट को शिफ्ट करने का मामला चल रहा था तो उसे बैठकर हल करना चाहिए था।

## ड्रायपोर्ट को जोड़ने वाले रास्ते से लिंक रोड बनाने की मांग

**बनबसा, एजेंसी।** बनबसा बॉर्डर पर नेपाल में बनने वाले सूखा बंदरगाह (ड्रायपोर्ट) को भारत से जोड़ने वाले निर्माणाधीन एनएच 109डी पर ग्रामीणों को सुविधाएं नहीं देने पर उन्होंने विरोध जताया है। ग्रामीणों ने मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन करने के साथ ही चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है।

बृहस्पतिवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर धरना दिया। उन्होंने ग्रामीणों को मुख्यमार्ग से जोड़ने के लिए लिंक रोड निर्माण करने के अलावा पचपकरिया में पुलिया निर्माण, पचपकरिया गुदमी मुख्यमार्ग स्थित गड्ढों को भरने और स्पीड ब्रेकर का निर्माण करने की मांग रखी।

सड़क निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अमित शर्मा ने उनकी हर संभव समस्याओं को अपने स्तर से पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मुख्यमार्ग से लिंक मार्ग बनाकर गांवों को जोड़ने पर असहमति जताते हुए ग्रामीणों को सरकार या एनएचएआई मुख्यालय में अपनी समस्या रखने को कहा। वहां जिला पंचायत सदस्य पुष्कर दत्त कापड़ी, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बहादुर सिंह पाटनी, ग्रामप्रधान महेश मुरारी, देवीपुरा प्रधान दीपक प्रकाश चंद, गुदमी प्रधान विनीता राना, पूर्व प्रधान प्रकाश आर्या, पूर्व बीडीसी सदस्य जसवंत सिंह बसेड़ा आदि ग्रामीण थे।

## प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल : 17 ने कराया नामांकन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल की नगर इकाई के चुनाव के लिए 17 दावेदारों ने अपने नामांकनपत्र जमा किए। अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवारों ने नामांकन कराया। प्रांतीय उद्योग प्रतिनिधि मंडल के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया हुई।

संगठन के मुख्य निर्वाचन अधिकारी दीप सिंह डांगी ने बताया की छह पदों के लिए 25 में से 17 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इसमें अध्यक्ष पद के लिए दीपक वर्मा, संजय अग्रवाल, प्रत्येश कुमार पांडे, अजय कुमार वर्मा ने नामांकन किया है। मुकुल जोशी, नरेंद्र लाल साह, राजेंद्र प्रसाद उपाध्यक्ष, लीला जोशी, जया साह महिला उपाध्यक्ष, प्रयाग चंद्र जोशी, वकुल साह महासचिव, कुणाल नयाल, मनोज अधिकारी, राहुल बिष्ट कोषाध्यक्ष, आशीष कुमार, नरेंद्र कुमार, अश्वनी नेगी ने उपसचिव पद के लिए नामांकन कराया है।

## बिजली लाइन में गार्डिंग और सेपरेटर लगाने का कार्य शुरू



**नैनीताल, एजेंसी।** ऊर्जा निगम ने सूखाताल और पाइंस स्थित उपकेंद्रों से निकलने वाली एलटी और एचटी लाइनों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। लाइनों में मरम्मत आदि का यह कार्य दो मार्च तक चलेगा। इस दौरान शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक शटडाउन के चलते बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बृहस्पतिवार को सूखाताल उपकेंद्र से निकलने वाली 33 केवी लाइन की मरम्मत कराई गई। इस कारण माल रोड, रिक्शा स्टेंड के पास के क्षेत्र में शटडाउन लिया गया। 23 फरवरी को माल रोड, एसबीआई मल्लीताल व पुलिस थाना क्षेत्र, 24 फरवरी को हाईकोर्ट, नैनीताल क्लब व सात नंबर क्षेत्र, 25 को हाईकोर्ट, सात नंबर क्षेत्र व इनकम टैक्स कार्यालय के आसपास के क्षेत्र, 26 को मस्जिद क्षेत्र, पुलिस थाना, अंडा मार्केट के आसपास, 27 को माल रोड, शीलामार व सिलबटन होटल और इसके आसपास के क्षेत्र, 28 को होटल मनुमहारानी, मल्लीताल बाजार, नयना देवी मंदिर और आसपास, 29 को माल रोड, तल्लीताल स्थित चर्च, तल्लीताल बाजार क्षेत्र, एक मार्च को कुमाऊं विश्वविद्यालय परिसर व सूखाताल पंप हाउस क्षेत्र, दो मार्च को आयारपाटा व किरलानी कंपाउंड क्षेत्र में विद्युत लाइनों की मरम्मत का काम होगा। उन्होंने बताया कि उक्त तिथियों को एलटी व एचटी लाइनों की गार्डिंग व लाइनों में सेपरेटर लगाने का काम किया जाएगा।

## महिला अस्पताल का सर्वर डाउन, हाथ से काटनी पड़ी पर्ची

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला महिला अस्पताल में सर्वर डाउन होने से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्वर डाउन होने मरीजों की रोगी पर्ची मैनुअल काटनी पड़ी। जिला और महिला अस्पताल के एकीकरण के बाद गर्भवतियों महिलाओं को समस्या न हो इसके लिए महिला अस्पताल में उपचार को आने वाली गर्भवतियों और अन्य मरीजों के पर्चे वहीं काटे जा रहे हैं। बृहस्पतिवार को जिला महिला अस्पताल में सर्वर अचानक डाउन हो गया। इससे पर्ची काउंटर में कतार में लगे मरीज पर्चे न कटने पर परेशान दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि सर्वर डाउन होने पर करीब 40 से अधिक पर्चे मैनुअल काटने पड़े।

### एक्सरे तकनीशियन के तीन पद रिक्त

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिला अस्पताल नर्सिंग अधिकारी, तकनीशियन, फार्मासिस्ट और अन्य कार्मिकों के 16 पद रिक्त हैं। एक्सरे तकनीशियन के स्वीकृत तीन में से एक भी पद पर तैनाती नहीं हुई है।

जिला अस्पताल में मरीजों का काफी दबाव रहता है। ताकुला, बाड़ेछीना, चितई, बख, पौधार, लमगड़ा, शहरफाटक, छड़ौजा, जागेश्वर, दन्या, शीतलाखेत समेत कई स्थानों से मरीज उपचार कराने आते हैं।

## पिथौरागढ़ में 9858 विद्यार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर डीएम रीना जोशी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभाग को परीक्षा शांति पूर्व संपन्न कराने के निर्देश दिए।

बृहस्पतिवार को गंगोत्री गर्ब्याल जीजीआईसी में हुई बैठक की अध्यक्षता डीएम रीना जोशी ने की। मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार जुकरिया ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के लिए जिले कुल 85 परीक्षा केंद्र हैं। सभी परीक्षा केंद्र मिश्रित हैं। इसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों की परीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी।

इस बार चार नए राइंका नमजला, राइंका चौकोड़ी, राइंका दिगतोली और राइंका लुमती शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा 9858 बच्चे देगें। इनमें हाईस्कूल के 5231 बच्चे और इंटरमीडिएट के 4627 बच्चे शामिल हैं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हवलदार प्रसाद सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

चंपावत। 27 फरवरी से 16 मार्च तक चलने वाली उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएम नवनीत पांडे ने जिला सभागार में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। डीएम ने बोर्ड परीक्षा को संपन्न कराने में नियुक्त अधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए सौंपे गए दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएम ने शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता की शपथ भी दिलाई।

सीईओ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में कुल 76 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें हाईस्कूल के 39, इंटरमीडिएट के 37 परीक्षा केंद्र हैं। हाईस्कूल में कुल 2995 छात्र-छात्राएं है, जिनमें 1520 बालक, 1461 बालिकाएं संस्थागत और सात बालक, सात बालिकाएं व्यक्तिगत तौर पर परीक्षा देंगे। इसी तरह इंटरमीडिएट में 2997 छात्र-छात्राएं हैं इनमें 1125 बालक, 1221 बालिकाएं संस्थागत और 29 बालक, 22 बालिकाएं व्यक्तिगत परीक्षा देंगे।

परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 10 सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्ति कर दिए हैं। सचल दल की तीन टीमें गठित की गई हैं। 11 परीक्षा केंद्रों को संवेदनशील सूची में डाला गया है। बैठक में सीओ विपिन चंद पंत, एसडीएम रिंकू बिष्ट, बीईओ भरत जोशी, भानु प्रताप कुशवाहा, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

## बासमती धान का दाम पांच हजार रुपये प्रति क्विंटल तय

**भीमताल (नैनीताल), एजेंसी।** विकास भवन सभागार में बृहस्पतिवार को मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश यादव ने प्रकृति जैव खाद्य समिति हरियाणा के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में जैविक उत्पादों का अधिक उत्पादन और किसानों को अधिक लाभ दिलाने पर चर्चा की गई।



डॉ. यादव ने कहा कि जिले में कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ खरीफ वर्ष 2024 में धान के क्षेत्रफल को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कहा कि जैविक बासमती धान के उत्पादन के लिए विकासखंड कोटाबाग, बेतालघाट, रामनगर, भीमताल और हल्द्वानी को चिह्नित किया है। किसानों को जैविक बासमती धान का उचित मूल्य दिलाने के लिए बासमती का पांच हजार रुपये प्रति क्विंटल दाम तय किया है। कहा कि कंपनी ने इस वर्ष 250 मीट्रिक टन बासमती धान का मूल्य 4700 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय किया है। इससे किसानों को लगभग 2517 रुपये प्रति क्विंटल अधिक लाभ मिलेगा। कहा कि किसानों की फसलों को उचित मूल्य दिलाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान परियोजना प्रबंधक प्रतिनिधि रवि राजूरा, एलटी फाउंडेशन अध्यक्ष बहादुर सिंह बजवाल आदि रहे।

# बर्फ से लकदक पहाड़ियां : बर्फबारी के बीच शूटिंग करते नजर आए लोग

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इसी बीच दारमा घाटी में मुंबई से आए कलाकारों को शूटिंग के दौरान भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बर्फबारी से दारमा घाटी में मुंबई से आए कलाकारों को शूटिंग के दौरान भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। पंचाचुली, ओम पर्वत और आदि कैलाश की चोटियों में दो फुट से अधिक बर्फ पड़ चुकी है।

चीन और नेपाल सीमा से सटे दारमा घाटी और व्यास घाटी के गांवों में पिछले तीन दिनों से लगातार बर्फबारी और बारिश होने से आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गुंजी निवासी भूपेद्र गुंज्याल और नरेंद्र सिंह ने बताया की लगातार बर्फबारी होने से गांव के प्राकृतिक पानी के स्रोत का पानी जम गया है। जिसके कारण गांव में रह रहे लोगों को मजबूरन बर्फ पिघलाकर और कुटी नदी से पानी लाने को मजबूर है। वहीं, बर्फबारी के कारण सड़क निर्माण कार्य भी ठप पड़ा हुआ है। सड़कों में बर्फ होने से वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई है।

वहीं, दारमा घाटी के ग्राम दांतू के होम स्टे संचालक महेश दताल और मनोज दताल ने बताया की पिछले कुछ दिनों से यहां लगातार बर्फबारी हो रही है। मुंबई से 35 लोगों की टीम दांतू में फिल्म की शूटिंग के लिए आई हुई है लेकिन बर्फबारी के कारण उन्हें शूटिंग करने में परेशानी हो रही है। तीन दिनों से लगातार बर्फबारी होने के कारण गांवों में करीब दो फुट बर्फ पड़ चुकी है। थोड़ा मौसम ठीक होने पर ग्रामीण बर्फबारी में खूब मस्ती कर रहे है। महेश दताल ने बताया की नागलिंग से ऊपर की ओर सड़कों पर बर्फ होने से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। उन्होंने बीआरओ से मौसम ठीक होने पर सड़क खोलने की मांग की है। जिससे ग्रामीणों को राहत



मिल सके। भूपेंद्र गुंज्याल,महेश दताल ने बताया की पंचाचुली, ओम पर्वत और आदि कैलाश की चोटियों में दो फुट से अधिक बर्फ पड़ चुकी है। साथ ही समय-समय पर बर्फबारी के साथ आंधी तूफान भी आ रहा है। जिसके कारण ठंड ही काफी बढ़ चुकी है।

## नैनीताल में कैंसर रोगियों को जल्द मिलेगी कीमोथेरेपी की सुविधा

**नैनीताल, एजेंसी।** नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में कैंसर के मरीजों के लिए जल्द ही कीमोथेरेपी की सुविधा शुरू होने जा रही है। इससे कैंसर के मरीजों को कीमोथेरेपी के लिए निजी अस्पताल या हल्द्वानी नहीं जाना पड़ेगा। जल्द ही अस्पताल में कीमोथेरेपी यूनिट स्थापित की जाएगी।

बीते कुछ वर्षों में नैनीताल बीडी पांडे में संसाधन और सुविधाएं बढ़ी हैं। बीडी पांडे अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ, चेस्ट फिजिशियन, मनोचिकित्सक और हड्डी रोग विशेषज्ञ की तैनाती समेत 50 नर्स अस्पताल को मिली हैं। अस्पताल में सात कमरों का प्राइवेट वार्ड भी संचालित हो रहा है। अस्पताल में मरीजों के लिए लिफ्ट लगाने का काम जारी है। अब अस्पताल में कैंसर के मरीजों के लिए कीमोथेरेपी यूनिट स्थापित करने का काम शुरू हो चुका है। इसके बाद कैंसर के मरीजों को बीडी पांडे अस्पताल में ही कीमोथेरेपी की सुविधा मिल पाएगी। अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टम्टा ने बताया कि एनएचएम की ओर से अस्पताल में कीमोथेरेपी यूनिट स्थापित की जानी है। इसमें पांच बेड की सुविधा मिलेगी। जल्द ही यूनिट में बेड, मॉनिटर डिस्पले और ऑक्सीजन लाइन लगा दी जाएगी। विभागीय स्तर पर प्रयास तेज हैं। जल्द ही कैंसर के मरीज को अस्पताल में इलाज मिल सकेगा।

# इंडिया का एलान : दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में आप-कांग्रेस मिलकर लड़ेगी चुनाव

## गुजरात में भरूच और भाव नगर, हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा- मुकुल वासनिक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर शनिवार को बड़ा एलान किया। इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, चंडीगढ़ और गोवा में मिलकर चुनाव लड़ेगी। दिल्ली की 7 में से चार लोकसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी और तीन सीटों पर कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। दिल्ली की नई दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली व ईस्ट दिल्ली सीट आप के हिस्से आई है, जबकि चांदनी चौक, नॉर्थ ईस्ट व नॉर्थ वेस्ट सीट कांग्रेस के पास है। इसके अलावा, गुजरात की 26 में से भरूच और भाव नगर और हरियाणा की कुरूक्षेत्र सीट पर भी आप का प्रत्याशी होगा। जबकि गुजरात की शेष 24 व हरियाणा की 9 और गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस का प्रत्याशी होगा। इसकी घोषणा करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने-अपने चुनाव चिन्ह पर प्रत्याशी उतारेगी, लेकिन सभी राज्यों में एक-दूसरे के प्रत्याशी को जीताने में पूरा सहयोग करेगी। वहीं, आप के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच समझौता होने से भाजपा की राणनीति में उलटफेर हो जाएगा। इंडिया गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा और जीतेगा।

इंडिया गठबंधन के घटक दल आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने शनिवार को साझा प्रेस कांफ्रेंस कर दिल्ली समेत कई राज्यों में सीट शेयरिंग की घोषणा कर दी। यह साझा प्रेस कांफ्रेंस आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक, आतिशी और सौरभ भारद्वाज और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने की। सीट शेयरिंग की घोषणा करते हुए मुकुल वासनिक ने कहा कि पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन के विभिन्न राजनैतिक दलों के साथ में लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग को लेकर चर्चा चल रही थी। दो दिन पहले ही समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस का सीट शेयरिंग को लेकर समझौता हुआ और उसकी घोषणा लखनउ से हुई। समाजवादी पार्टी को मध्यप्रदेश में खजुराव लोकसभा सीट देने का ऐलान किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि पिछले दिनों आम आदमी पार्टी के साथ सीट शेयरिंग को लेकर लंबी चर्चा हुई और इसके उपरांत कांग्रेस और आप के बीच सीटों को लेकर समझौता हुआ है। मुझे बहुत खुशी है कि इंडिया गठबंधन के दो महत्वपूर्ण राजनीतिक दल आने वाले लोकसभा चुनाव का जिम्मा एक साथ संभालेंगे और हमारे मुल्क में लोकतंत्र और संविधान के सामने जिस तरह की चुनौतियां बनी हैं, इंडिया गठबंधन पूरे सशक्त तरीके से उसका मुलाबला करने के लिए तैयार है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर समझौता हुआ। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में सात लोकसभा की सीटें हैं। दिल्ली की सात सीटों में से चार पर आम आदमी पार्टी और तीन पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी दिल्ली की नई दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, साउथ दिल्ली और ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, कांग्रेस चांदनी चौक, नॉर्थ ईस्ट और नॉर्थ वेस्ट सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने बताया कि गुजरात में 26 लोकसभा सीटें हैं। इसमें से 24 सीटों कांग्रेस और 2 सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात के भरूच और भाव नगर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा में 10 लोकसभा सीटों में से 9 पर कांग्रेस और कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ेगी। चंडीगढ़ लोकसभा सीट को लेकर लंबी चर्चा हुई और आखिर में तय किया गया कि इस सीट पर कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। गोवा में खासकर दक्षिण गोवा पर विस्तार से चर्चा हुई और अंत में तय किया गया कि गोवा की दोनों सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक ने कहा कि दो अलग-अलग राजनीतिक दल होने की वजह से हम अलग-अलग चुनाव चिंन्हों पर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन हमारी जिम्मेदारी रहेगी कि दिल्ली में कांग्रेस अपने तीन प्रत्याशी रखने के बाद भी सातों पर हम किस तरह से कामयाब हो सकते हैं, उस दिशा में हमारा प्रयास रहेगा और हमारे तमाम नेता व कार्यकर्ता उस दिशा में काम करेंगे। इसी तरह की स्थित दूसरे राज्यों में भी इंडिया गठबंधन के घटक दल आपसी तालमेल के साथ काम करेंगे और अपने प्रत्याशियों को जीताने का प्रयास करेंगे।

# हाईकोर्ट ने विरोध प्रदर्शन के खिलाफ दिल्ली विश्वविद्यालय की याचिका खारिज की

- दिल्ली विश्वविद्यालय ने याचिका दायर की थी, इसमें आरोप लगाया गया था कि डॉ. रितु सिंह और उनके अनुयायियों ने कला संकाय के गेट नंबर 4 के सामने जमीन पर अनधिकृत कब्जा करना शुरू कर दिया




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने नॉर्थ कैंपस में एक पूर्व प्रोफेसर के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के संबंध में दिल्ली विश्वविद्यालय की एक याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि स्थिति कानून और व्यवस्था का मुद्दा प्रस्तुत करती है, जिसको हैंडल करना दिल्ली पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है।

अदालत ने इस स्तर पर मामले को आगे बढ़ाने की अनिच्छा व्यक्त की, इससे याचिका का निपटारा हो गया। दिल्ली विश्वविद्यालय ने याचिका दायर की थी, इसमें आरोप लगाया गया था कि डॉ. रितु सिंह और उनके अनुयायियों ने कला संकाय के गेट नंबर 4 के सामने जमीन पर अनधिकृत कब्जा करना शुरू कर दिया, विरोध प्रदर्शन और धरने आयोजित किए, इससे विश्वविद्यालय का संचालन बाधित हुआ। विश्वविद्यालय ने अदालत से हस्तक्षेप की मांग की, ताकि दिल्ली पुलिस आयुक्त को विश्वविद्यालय और उससे जुड़े कॉलेजों और विभागों के निर्बाध और शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा सके।

विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील मोनिका अरोड़ा ने अदालत को बताया कि सिंह के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी, जो न तो वर्तमान शिक्षक हैं, न ही छात्र हैं, न ही स्टाफ सदस्य हैं, अनिवार्य रूप से व्यवधान पैदा करने वाले बाहरी लोग हैं।

जवाब में न्यायमूर्ति प्रसाद ने ऐसे मामलों में पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी बताई और पुलिस कार्रवाई के लिए निर्देश (परमादेश) जारी करने में अनिच्छा व्यक्त की।

# कार्डियक अरेस्ट: अभियान चला लोगों को किया जागरूक



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

चौड़सोहनलाल-संतोष चैरिटेबल ट्रस्ट व आनकोप्लस हस्पताल के द्वारा कार्डियक अरेस्ट के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए एक कैम्पेन की शुरूआत डिफेंस कालोनी स्थित आनकोप्लस अस्पताल से की गई। जिसके तहत आस-पास के लोगों को बेसिक लाईफ सपोर्ट व फर्स्ट एड की ट्रेनिंग डाक्टर दीक्षित कुमार व डाक्टर गणेश द्वारा दी गई। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि सीपीआर एक ऐसी इमर्जेंसी मेडिकल टेक्निक है जिसके जरिए किसी व्यक्ति की सांस या दिल के रूक जाने पर उसकी जान बचाई जा सकती है। जब किसी व्यक्ति का दिल धड़कना बंद कर देता है तो उसे कार्डियक अरेस्ट होता है, कार्डियक अरेस्ट के दौरान हृदय मस्तिष्क और फेफड़ो सहित शरीर के बाकी हिस्सों में खून पंप नहीं कर पाता है उपचार के बिना मिनटों में ही मृत्यु हो सकती है। सीपीआर में मरीज की छाती पर दबाव बनाया जाता है जिससे ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के चेयरमैन संजय कुमार द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर और घरों में सी पी आर की मदद से आप किसी की जान बचा सकते है। शिविर को सफल बनाने में अमित भटनागर अमनदीप, मोहित व चन्दनका सराहनीय योगदान रहा।

# दिल्ली दरबार उत्सव में सूफी, शास्त्रीय संगीत व कामेडी से मंत्रमुग्ध हुए लोग



राजधानी दिल्ली के गांधी दर्शन संग्रहालय राजघाट में आयोजित तीन दिवसीय सुरों के संगम दिल्ली दरबार-2024 में आज दूसरे दिन जहां जाने-माने सूफी गायक और शास्त्रीय संगीतकारों ने लोगों को अपनी प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध किया। वहीं जाने-माने रेडियो जॉकी आरजे नावेद ने अपनी कॉमिडी से लोगों को जमकर हंसाया। उत्सव में कल रविवार को जाने-माने पंजाबी गायक सांसद एवं पदमश्री हंसराज हंस को प्रतिष्ठित संगीत मार्तंड उस्ताद चांद खान लाईफटाईम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा।

भारत की संस्कृति प्रेम सद्भाव और शास्त्रीय संगीत को लोगों में विशेष कर युवाओं में जीवंत रखने के उद्देश्य से होने वाले प्रेम, संगीत सांस्कृतिक और आध्यात्मिकता का उत्सव सुरसागर सोसाइटी ऑफ दिल्ली घराना द्वारा केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय दिल्ली टूरिज्म और गांधी दर्शन समिति के सहयोग से होने वाले इस उत्सव में बिग शोज की निदेशक रुपेंद्र कौर की देखरेख में इवेंट मैनेजमेंट की व्यवस्था की जा रही है।

अजमेर ग्लोबल सूफी फाउंडेशन के संस्थापक और सूरसागर सोसाइटी ऑफ दिल्ली घराने के मुख्य संरक्षक सैयद रियाजुद्दीन चिश्ती एवं दिल्ली घराने की महासचिव वुसत इकबाल खान के मुताबिक आज जहां उस्ताद वसिफुद्दीन डागर, पदमश्री उस्ताद प्रहलाद सिंह टिपानिया, रेखा भारद्वाज ने अपने सूफी व शास्त्रीय संगीत और कथक नृत्यांगना पदमश्री शोवना नारायण ने अपनी साथी कलाकारों के साथ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध किया वहीं जाने-माने रेडियो जॉकी आर जे नावेद अपनी कामेडी से लोगों का मनोरंजन किया। नेशनल स्टूडेंट टेलेन्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमीत सिंह ने कलाकारों को सम्मानित किया।

दिल्ली घराने के सह संस्थापक एवं कोषाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल खान ने बताया कि कल 25 फरवरी रविवार को उत्सव में पदमश्री पंजाबी गायक हंसराज हंस को लाईफटाईम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा जाएगा इसी दिन पद्मश्री जानकी रमन, उषा उथुप, शुभा मुद्गल हंसराज हंस, इम्तियाज अली जैसे प्रतिभागियों की एक लंबी सूची के साथ दिल्ली दरबार 2024 में आध्यात्मिकता और प्रेम की अभिश्रण का अदभुत मिलन होगा।

सम्मान का महत्वः दिल्ली दरबार 2024 के दौरान संगीत मार्तंड उस्ताद चांद खान लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया जाना गहरा महत्व रखता है, जो कलात्मक उत्कृष्टता की खोज के लिए समर्पित जीवन की परिणति का प्रतीक है। यह भारतीय संगीत की स्थायी विरासत और भावी पीढ़ियों के लिए हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के महत्व की याद दिलाता है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के माध्यम से, संगीत की दुनिया पर पद्मश्री हंसराज हंस का प्रभाव अमर हो गया है, जिसने भारतीय संगीत के क्षेत्र में रचनात्मकता और नवीनता के

# दिल्ली में झपटमारों ने चाकू गोदकर की एक शख्स की हत्या

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी दिल्ली में चार अज्ञात लोगों द्वारा चाकू मारे जाने से 32 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। आरोपी उसका बैग और मोबाइल फोन लेकर भाग गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान मंडावली निवासी नरेंद्र के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार की मध्यरात्रि को मंडावली पुलिस स्टेशन में एक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल प्राप्त हुई, इसमें कॉलर ने कहा कि वह अपने दोस्त नरेंद्र के साथ सीएनजी गैस स्टेशन, आईपी एक्सटेंशन के सामने डीडीए पार्क में शराब पीने गया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, चार अज्ञात लोग आए और नरेंद्र पर कई बार चाकू से हमला किया और उसका बैग और मोबाइल फोन छीन लिए। अधिकारी ने कहा, घायल को एलबीएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# आप व कांग्रेस के गठबंधन पर मनोज तिवारी बोले,चोर-चोर मौसेरे भाई

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन हो गया है। इसकी आज आधिकारिक घोषणा की गई है। इस घोषणा के बाद नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। भाजपा नेता मनोज तिवारी ने इस गठबंधन को चोर-चोर मौसेरे भाई की संज्ञा दी है।मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घोर निराशा में हैं, क्योंकि उनके मुखिया अरविंद केजरीवाल हमेशा बोलते थे कि इन कांग्रेसियों, राहुल गांधी और सोनिया गांधी को जेल भेजना है और अब जाकर उनके पैरों में ही लेट गए। कांग्रेस कार्यकर्ता भी हताश हैं। जिस कांग्रेस को गालियां दे देकर अरविंद केजरीवाल ने 15 साल की सत्ता से बाहर किया था, आज वही अरविंद केजरीवाल राहुल गांधी के साथ रोटियां तोड़ रहे हैं। मनोज तिवारी ने कहा कि इनको वीवीआईपी कल्चर की आदत है। जनता के पैसे से यह अपना शीश महल बनवाते हैं। जेड सिक्योरिटी लेकर घूमते फिरते हैं। चाहे जनता के गलियों में पानी भरे, नालियां टूटे या फिर उन्हें पानी ही न नसीब हो, इन पर असर नहीं होता। मनोज तिवारी ने कहा कि कुछ नेताओं के जुड़ने से जनता नहीं जुड़ती है। जनता के दिल में तो वह है, जो कहता है और करके दिखाता है। नरेंद्र मोदी जी जनता के दिल में है और वह जो कहते हैं, करके दिखाते हैं। भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी जी सबके दिल में हैं। मनोज तिवारी ने अरविंद केजरीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब तो वह कसम भी याद आएगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि हम किसी के साथ नहीं जाएंगे, अकेले ही काम करेंगे।

# पंचकर्म अस्पताल के विस्तार कार्य का हुए शिलान्यास



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के पंचकर्म अस्पताल (माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर) के विस्तार कार्य का शिलान्यास दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा द्वारा किया गया। स्थानीय पार्षद प्रवेश वाही की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता सम्मलित हुए।

इस अवसर पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की रोहिणी के लोगों ने लम्बे समय से भाजपा पर विश्वास किया है और भाजपा विधायक एवं पार्षदों ने क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है। आज रोहिणी में पंचकर्मा अस्पताल का विस्तार प्रारम्भ होने क्षेत्रीय पार्षद प्रवेश वाही के समर्पण का परिणाम है। वहीं विजेंद्र गुप्ता ने इस अस्पताल के पुराने इतिहास व तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आड़वाणी जी द्वारा इसका शुभारंभ करने की बात याद दिलाई और कहा भाजपा 2025 में दिल्ली में सत्ता में आयेगी तो रोहिणी को मॉडल विधानसभा क्षेत्र के रूप में विकसित करेगी।

इस मौके अपर प्रवेश वाही ने बताया कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपए से इस अस्पताल का कायाकल्प किया जाएगा जहां इसके लिए दो बड़े कमरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है वहीं इसके सुंदरीकरण लगभग 50 एलईडी की सुंदर लाइट से प्रकाश व्यवस्था को भी प्रारंभ किया गया। 101 नए हर्बल पौधे, आधुनिक उपकरण से युक्त दो बड़े कमरे जिससे आधुनिक तरीके से आयुर्वेदिक इलाज संभव होगा का शुभारंभ किया गया। इसी के साथ निकट स्थित वीर सावरकर पार्क में भी हाई मास्ट लाइट एवं उसके आसपास का सुंदरीकरण व वीर सावरकर जी की जीवनी का शिलापट्ट भी लगाया गया एवं हाई मास्टर लाइट का भी शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सत्यनारायण गौतम, पूर्व रोहिणी क्षेत्र अध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी, नॉमिनेटेड निगम पार्षद राजपाल राणा, वार्ड 52 की निगम पार्षद रितु गोयल एवं स्मिता कौशिक, मंडल अध्यक्ष हरीश गुलाटी, पंकज अग्रवाल, अतुल सिंहल, महामंत्री प्रवीण जैन निर्मला चहल, संतोष गर्ग संदीप बंसल, शिव बंसल, ज्ञान अग्रवाल मोहनलाल यादव, बलदेव दत्त आदि एवं अनेक आर एस गोस्वामी आर.पी चौहान आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन ने आज स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया।

# आप-कांग्रेस गठबंधन का एकमात्र एजेंडा देश लूटना : सिरसा

नई दिल्ली । भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने आज कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रंग बदलने की दौड़ में गिरगिट को हरा दिया है और बड़े अंतर से रेस जीत ली है तथा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन बनाकर उन्होंने ऐसा किया है। यहां जारी एक बयान में सरदार सिरसा ने कहा कि श्री केजरीवाल ने अपने राजनीतिक सफर में जो पाखंड और दोहरापन दिखाया है, उसकी कोई बराबरी नहीं है। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने पहली बार कांग्रेस पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन चुनाव के बाद कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सरकार बना ली, फिर उन्होंने कांग्रेस पार्टी को लात मारी और कांग्रेस और उसके नेतृत्व पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ने श्री केजरीवाल द्वारा पिछले दिनों किए गए ट्वीट को पढ़ते हुए कहा कि केजरीवाल ने लिखा था कि कांग्रेस अगर कैग के साथ होती तो कभी का देश बेच दिया होता। उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया था कि उन्होंने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर मामले में भ्रष्टाचार के लिए गांधी परिवार की भूमिका की जांच क्यों नहीं करवाई। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के दिल्ली नेताओं ने हमेशा श्री केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, चाहे वह शीश महल का निर्माण हो, दिल्ली की शराब नीति को खत्म करना हो या अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार के अन्य घोटाले हों। उन्होंने कांग्रेस नेताओं के साथ-साथ अरविंद केजरीवाल से भी सवाल किया गया कि क्या उन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को विशेष वाशिंग मशीन में धोया गया था जिसके बाद अब वह भ्रष्टाचार के सभी आरोपों से मुक्त होकर बेदाग हो गए हैं।

# आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती समस्या पर वेबसाइट लॉन्च

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



कुत्तों के काटने पर शिकायतें दर्ज कराने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने शनिवार को एक वेबसाइट लॉन्च की। गोयल का कहना है कि यह वेबसाइट एक सार्वजनिक मंच है, जो आवारा कुत्तों के संबंध में जागरुकता बढ़ाने, उनसे होने वाली समस्याओं को समझने और समाधान प्रस्तुत करने के लिए बनाई गई है। यहां कुत्तों से संबंधित सभी तरह की जानकारियां उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि आवारा कुत्तों के काटने की समस्याएं दिन प्रति दिन बढ़ रही हैं। गोयल ने कहा कि समस्या आवारा कुत्ते नहीं हैं, बल्कि उनकी बढ़ती संख्या है।

गौरतलब है कि पिछले लगभग एक वर्ष से गोयल आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या के खिलाफ एक देशव्यापी मुहिम की अगुआई कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि समस्या आवारा कुत्तों से नहीं है, बल्कि समस्या उनकी बढ़ती हुई संख्या और उनके काटने की प्रवृत्ति से है, जो कि करोडों में है। एक अनुमान के अनुसार देश में 8 करोड़ से भी ज्यादा लोगों को हर साल कुत्ते काटते हैं, दिल्ली में लगभग 8 लाख। गोयल ने यह भी बताया कि इस वेबसाईट के माध्यम से लोग आवारा कुत्तों से जुड़ी समस्या एवं उसके समाधान हमें भेज सकते हैं। साथ ही वे आवारा कुत्तों से जुड़ी कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

गोयल ने कहा कि आवारा कुत्तों की विकराल समस्या के खिलाफ उनका यह आन्दोलन लगातार चल रहा है और वह इस समस्या से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। यह वेबसाईट आवारा कुत्तों की समस्याओं के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है, और इसमें ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े और सार्वजनिक हित्त में इस समस्या के निवारण के लिए सहयोग करे।

# भव्य मां अन्नपूर्णा संगीतमय कथा का आयोजन 15 मार्च को

नई दिल्ली। अन्नपूर्णा सेवा परिवार ट्रस्ट रजि. द्वारा दिल्ली में पहली आर भव्य मां अन्नपूर्णा संगीतमय कथा का आयोजन 15 मार्च 2024 को पीतमपुरा स्थित मां जगदंबा टेंट में आयोजित किया जा रहा है। मां अन्नपूर्णा संगीतमय कथा वाचक मशहूर कथा व्यास परम श्रद्धेय श्री अजय भाई जी द्वारा किया जाएगा। संगीतमय कथा संध्या में करीब 10 से 15 हजार मां के भक्तों की कथा में आने की संभावना है। अन्नपूर्णा सेवा परिवार ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष संजय मंगला ने कहा कि दिल्ली में पहली बार इस तरह के संगीतमय कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूरे दिन उत्सव का माहौल रहेगा। इस महोत्सव को सफल बनाने में समिति के कई गणमान्य सदस्य संस्थापक चेयरमैन सूरज मान जिंदल, संस्थापक अध्यक्ष संजय मंगला, संस्थापक महामंत्री अमित गोयल, संस्थापक कोषाध्यक्ष तपस गुप्ता सहित संस्था के कई गणमान्य सदस्य भरपूर प्रयास कर रहे हैं। संजय मंगला ने यह भी बताया कि ट्रस्ट प्रतिमाह प्रथम सप्ताह में सरकारी अस्पताल में मासिक भंडारा सेवा का आयोजन करता आ रहा है। संस्था सिर्फ. 1 साल पुरानी है। अन्नपूर्णा सेवा परिवार टस्ट के संस्थापक चेयरमैन सूरज मान जिंदल ने बताया की मां अन्नपूर्णा को 56 भोग का प्रसाद भी चढेगा, जिसमें मुख्य रुप से दही, खीर, मक्खन, मिसरी, घेवर, रसगुल्ला, लड्डू, मोदक व अन्य चीजों रहेगी साथ ही मां का श्रृंगार फूलों से किया जाएगा।

# तय तारीख और तय समय होगी डीएनटी महापंचायत : रोमी भाटी

## परमिशन रद्द करने के बाद जंतर मंतर से हुई स्थानांतरित

नई दिल्ली। भारतीय गुर्जर परिषद के आह्वान पर प्रस्तावित डीएनटी महापंचायत का आयोजन अब जंतर मंतर की जगह कोटला मुबारकपुर में होगा। पहले यह आयोजन जंतर मंतर पर होने वाला था लेकिन पुलिस द्वारा परमिशन रद्द करने के बाद अब इसे जंतर मंतर से स्थानांतरित कर दिया गया है। शनिवार को इस बाबत जानकारी देते हुए परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश लोहिया ने बताया कि इस महापंचायत की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, लेकिन प्रशासन ने जंतर मंतर की हमारी परमिशन को रद्द कर दिया। वहीं, परिषद के राष्ट्रीय सचिव रोमी भाटी ने बताया कि चाहे महापंचायत का हमारा स्थान बदला हो, लेकिन हमारे इरादे और संकल्प में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। भाटी ने ये भी बताया कि महापंचायत में कई बड़े फैसले लेने की उम्मीद है। जिन विमुक्त जातियों को चिन्हित किया गया है वो असल में क्रांतिकारी जातियां थीं। इन सभी ने अंग्रेजों से युद्ध किया था और हमें भरोसा है कि हमें सरकारों से इन जातियों के न्याय, अधिकार और सम्मान की जो लड़ाई शुरू की है उसमे हमे जीत मिलेगी। भाटी ने कहा कि हमने डीएनटी पर सभी मांगों को मनवा लेने का संकल्प लिया है। भारतीय गुर्जर परिषद तब तक चैन से नहीं बैठेगा जब तक बी आर इदाते कमीशन को लागू नहीं करवा लेते। उन्होंने बताया कि पिछले हफ्ते दिल्ली विधानसभा में डीएनटी के विषय को पेश करवाने से हम इसे आगे की ओर बढ़ा एक छोटा सा कदम के तरह देख रहे हैं। परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर बसोया ने बताया कि इस महापंचायत में 17 राज्यों से लोगों को जंतर मंतर पर पहुंचना था लेकिन हमारी परमिशन रद्द करने की वजह से हमें बेहद खेद के साथ लोगों को मना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस महापंचायत के बाद हम सभी राज्यों में जाकर पंचायत करने पर विचार हो रहा है।

# हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ने के लिए कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन : भाजपा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन और सीटों के तालमेल को घुटनाटेक राजनीति का पर्याय बताते हुए केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने दावा किया है कि अरविंद केजरीवाल 2012-2013 से ही सोनिया गांधी से जुड़े हुए हैं और हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ने के लिए इन दोनों दलों ने गठबंधन किया है। लेकिन, आप-कांग्रेस के साथ आने के बावजूद भाजपा दिल्ली में लोकसभा की सभी 7 सीटों पर जीत हासिल करेगी। मीनाक्षी लेखी ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दोनों ही दल यह जानते हैं कि हार तय है। दोनों ही दलों ने भ्रष्टाचार किया है, इसलिए हार का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ने और भ्रष्टाचार के मामले में कार्रवाई से बचने के लिए आप और कांग्रेस ने गठबंधन किया है। उन्होंने भाजपा को दिल्ली में पिछले लोकसभा चुनाव में मिले मत का आंकड़ा सामने रखते हुए कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में भाजपा को अकेले 57 प्रतिशत के लगभग वोट मिला था, जबकि कांग्रेस को 22.51 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी को सिर्फ 18.11 प्रतिशत वोट ही मिला था। लेखी ने कहा कि जिन-जिन राज्यों में इन दोनों दलों ने गठबंधन किया है, उन-उन राज्यों का गणित भी भाजपा के पक्ष में ही है। वैसे भी राजनीति गणित नहीं है, ये केमिस्ट्री है। भ्रष्टाचारियों की अलग केमिस्ट्री है और सेवादारों की अलग केमिस्ट्री है। सेवादारों के सामने भ्रष्टाचारियों की केमिस्ट्री चलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि दलों का गठबंधन दिलों का गठबंधन नहीं होता है। लेखी ने कांग्रेस का हाथ हमेशा झाड़ू के साथ रहने का बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के कारण ही एक नवगठित आम आदमी पार्टी को उस समय झाड़ू का चुनाव चिन्ह मिल गया था। बच्चों की कसम खाने के बावजूद केजरीवाल कांग्रेस के साथ गठबंधन कर रहे हैं। जिस कांग्रेस के नेताओं को केजरीवाल भ्रष्टाचारी कहा करते थे, आज उन्हीं के साथ गठबंधन कर रहे हैं। 2013 में आम आदमी पार्टी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचारी पार्टी है और कांग्रेस में सारे के सारे भ्रष्टाचारी हैं। आज 10 साल बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में कंपटीशन चल रहा है कि कौन ज्यादा भ्रष्टाचारी है। भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप-कांग्रेस गठबंधन को चोर-चोर मौसेरे भाई के गठबंधन की संज्ञा देते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का फैसला करके यह दिखा दिया है कि उन्होंने दिल्ली का विश्वास खो दिया है। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले ये दोनों दल एक हो गए हैं।

# बवाना में शुरू हुए विकास कार्य, जल्द ही पांच करोड़ के काम भी होंगे शुरू

नई दिल्ली। बवाना में वर्षों से लंबित पड़े गलियों के निर्माण और सुधार का कार्य शनिवार से शुरू हो गया है। बवाना के पार्षद पवन सहरावत ने स्थानीय नागरिकों के साथ निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान स्थानीय नागरि कों और गांव के प्रमुख लोगों ने पार्षद को आशीर्वाद देते हुए कार्यों के लिए साधुवाद दिया। पवन सहराव ने बताया कि बवाना गांव में औचंदी रोड पर व मुखत्यार सिंह मार्ग पर आने वाली गलियों को नए सिरे बनाया जाएगा। इससे खराब पड़ी सड़कों से जो नागरिकों को दिक्कत हो रही थी वह इन सड़कों व गलियों के बनने के बाद नहीं होगी। सहरावत ने कहा कि बवाना वार्ड की समस्याओं के समाधान के लिए दिन रात कार्य कर रहे हैं। साथ ही विभिन्न एजेंसियों से फंड लाकर कार्य करा रहे हैं। सहरावत ने कहा कि आने वाले कुछ माह में करीब पांच करोड़ के और विकास कार्य शुरू होंगे। इसके लिए विभिन्न विभागों फाइलें स्वीकृति के लिए लगी हुई है। जो सड़के हैं बची हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का प्रयास चल रहा है। इस मौके पर मौजूद साहब प्रधान, दिलबाग, सतबीर, राजेश, बिजेंद्र, बल्ले, नरेश, रणधीर (धीरे), सतीश मौजूद थे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धि पत्र

विषयः निविदा सूचना संख्या 299-DRM-MB-23-24 dated 22.02.2024. के सम्बन्ध में

उपरोक्त निविदा दिनांक 18.03.2024 को खोली जानी है। निविदा के कार्य का विवरण Heavy Repair/ improvement of existing washing lines of MB depot- के स्थान पर Provision of combined 100 KLD sewage treatment plant/Effluent treatment plant at Divisional railway hospital/MB in the section of SSE/W/North colony/MB under ADEN/HQ/MB- पढ़ा जाये निविदा की अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

588/24

# दिल्ली में आप और कांग्रेस गठबंधन का एलान

## इस लोकसभा चुनाव में जानें किस सीट से कौन सा दल लड़ेगा चुनाव

- आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट- दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ेगी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता





लोकसभा चुनाव 2024 लंबे इंतजार और अटकलबाजियों के बाद शनिवार को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन की घोषणा कर दी गई है। आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट- दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ेगी। हरियाणा, गुजरात और गोवा में भी दोनों दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट दी गई है। यूपी एमपी में सपा के बाद अब आप के साथ भी हुआ समझौता-कांग्रेस द्वारा सीट शेयरिंग के लिए गठित समिति के सदस्य मुकुल वासनिक ने प्रेसवार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ समझौता के बाद अब आप के साथ भी समझौता हो गया है। दिल्ली में आप दिल्ली इन सीटों पर चुनाव-सीटों को लेकर आप के साथ लंबी चर्चा हुई। दोनों प्रमुख दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी नई दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली पर लड़ेगी। कांग्रेस इन सीटों पर दिल्ली में लड़ेगी चुनाव-कांग्रेस को चांदनी चौक, उत्तर पश्चिमी और उत्तर पूर्वी सीट दी है। गुजरात में इन दो सीटों पर लड़ेगी आम आदमी पार्टी-गुजरात में 24 सीट पर कांग्रेस और भरूच और भावनगर दो सीट पर आप चुनाव लड़ेगी। हरियाणा में आप को कुरुक्षेत्र सीट दी गई है। शेष नौ सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार लड़ेंगे। गोवा में दोनों सीटों पर कांग्रेस लड़ेगी। लोकतंत्र की हत्या की जा रही है-आप नेता संदीप पाठक ने कहा, चुनाव जीतने के लिए लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। वोट चोरी की जा रही है, विपक्ष के नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। किसान सड़कों पर हैं। देशहित में एक होकर लड़ रहे चुनाव-आईएनडीआईए गठबंधन देशहित के लिए एक होकर चुनाव लड़ेगा। प्रेसवार्ता में आप नेता आतिशी व सौरभ भारद्वाज, कांग्रेस के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया, प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली उपस्थित थे।

# केशवपुरम में अवैध डेरी संचालकों के घरों पर कार्रवाई

- पांच मकान गिराए गए, हमले में निगम के 4 कर्मचारी घायल




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली नगर निगम केशवपुरम जोन ने शनिवार सुबह अवैध डेरी संचालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू की। निगम ने बैरम खां गांव में भारी पुलिस बल के साथ पांच डेरी संचालकों के घर गिराने की कार्रवाई शुरू कर दी। कुछ प्रापर्टी सील भी की है। इससे पहले कार्रवाई शुरू होने के साथ ही लोगों ने नगर निगम टीम पर हमला कर दिया। इस हमले तीन से चार कर्मचारी घायल हो गए। केशवपुरम जोन की उपायुक्त वंदना राव और उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त जितेन्द्र कुमार मीना समेत वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। इनकी देखरेख में कार्रवाई हो रही है। हालांकि स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए पुलिस की भारी तैनाती की गई है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने भारी तैयारी कर रखी है। कार्रवाई से किराएदारों में काफी रोष-केशवपुरम क्षेत्र में अवैध डेरी संचालकों के घरों को तोड़े जाने की कार्रवाई से किराएदारों में काफी रोष है। गालियों में खड़े किरायेदारों ने कहा कि वे इन मकानों में कई सालों से रहते आ रहे हैं। आज सुबह करीब 10 बजे पुलिस और एमसीडी कर्मचारियों अचानक पहुंचे और उनके घरों को खाली करा दिया। सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया गया-लोगों ने कहा कि कमरों में रखे सामानों को निकलने तक का मौका नहीं दिया। ताले तक लगाने नहीं दिए गए। लाखों का सामान इनके कमरों में ही पड़े हैं। एक इमारत में चार परिवार रहते थे, किसी को भी सामान निकलने की मोहलत नहीं दिया। सभी को डर सता रहा है कि कहीं उनके सामान न बर्बाद हो जाएं।

# दिल्ली-हरियाणा के लाखों लोगों को फायदा

## 11 दिन बाद सड़कें खोलने का किया जा रहा काम



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली मेट्रो को राजधानी में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। वहीं यह यात्रियों की हरकतों को लेकर भी सुर्खियां बटोरती रहती है। मेट्रो का कोई-न-कोई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहता है। वहीं इन दिनों दो महिलाओं के बीच मेट्रो का झगड़ा काफी वायरल हो रहा है। दोनों की लड़ाई मारपीट तक पहुंच गई। वायरल वीडियो में दो महिलाएं संभवतः सीट को लेकर झगड़ गई हैं। यह झगड़ा मारपीट की नौबत तक पहुंच गई। दोनों के बीच इतना झगड़ा हुआ कि दोनों ने एक दूसरे को पीट दिया। एक ने दूसरे को धक्का दिया। इसके जवाब में दूसरे ने थप्पड़ मारा और पैर अड़ाकर गिराने की कोशिश की। वहीं पहली लड़की पलटकर कहती है- तू जानती नहीं है मैं कौन हूं? इतना फोड़ूगी तुझे, क्योंकि मैं एक सिंगर हूं। इसके बाद वह किसी को फोन मिलाने लगती है। हालांकि ये वीडियो कब कहा है, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। लेकिन यह सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। महिलाएं मूकदर्शक बनी रही-वहीं घटना के वक्त आसपास खड़ी महिलाएं मूकदर्शक बनीं रहती है। किसी ने दोनों को समझाने की कोशिश नहीं की। कई महिलाएं तो सीट पर बैठी रहीं और कईयों ने बस मुस्काराती रहीं। वहीं सोशल मीडिया पर भी लोगों के जबर्दस्त रिएक्शन आ रहे हैं। किसी ने घटना के बारे में दोनों को खूब खरी-खोटी सुनाई तो किसी ने जमकर मजे भी लिए। मेट्रो प्रशासन ने किया था आगाह-बता दें, मेट्रो प्रशासन ने ट्रेन के अंदर इस तरह की गतिविधियों को लेकर समय-समय पर आगाह करती रही है। हर प्लेटफॉर्म पर बकायदा बड़े-बड़े बैनर लगाकर सोशल मीडिया रील बनाने से परहेज करने की बात कही गई है। बावजूद इसके लोग ऐसी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। दिल्ली मेट्रो प्रमुख ने हाल ही में कहा था कि अगर कोई भी यात्री मेट्रो या मेट्रो परिसर में आपत्तिजनक हरकतें देखे जाते हैं तो इसकी सूचना सुरक्षाकर्मियों को दें। आपत्तिजनक हरकतों से यात्रियों को कई परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

# आप-कांग्रेस गठबंधन के बाद धरी रह जाएगी बीजेपी की सारी रणनीति : डॉ. संदीप पाठक

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच चुनावी गठबंधन की घोषणा शनिवार को की गई। दिल्ली में आप चार और कांग्रेस तीन सीटों पर लड़ेगी। हरियाणा गुजरात और गोवा में भी दोनों दल मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। आप को हरियाणा में एक और गुजरात में दो सीट दी गई है। वहीं आप सांसद संदीप पाठक ने गठबंधन को लेकर बड़ा दावा किया है। आप-कांग्रेस सीट बंटवारे पर आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, गठबंधन देश हित को देखकर बनाया गया है। कुछ सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, जबकि कुछ सीटों पर आप चुनाव लड़ेगी। लेकिन सच तो यह है कि हम साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे और इसमें INDIA जीतेगा। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के बाद बीजेपी की सारी रणनीति धरी की धरी रह जाएगी।

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान को मिलेगी जमानत?

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली वक्फ बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आप विधायक अमानतुल्लाह खान को अंतरिम जमानत पर फैसला अब एक मार्च को आएगा। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को इस पर फैसला सुरक्षित रख लिया। उन्होंने इस मामले में अंतरिम जमानत की मांग की थी। ईडी ने उन्हें इस मामले में समन किया था। इससे पहले 20 फरवरी को कोर्ट ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया था। इससे पहले, आप विधायक अमानतुल्ला खान को दिल्ली हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। हाईकोर्ट ने ईडी के द्वारा जारी समन पर तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया था। ईडी ने उन्हें पूछताछ में शामिल होने को कहा था।

# गाजीपुर मुर्गा मंडी में गंदगी की भरमार से लोग परेशान

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली स्थित गाजीपुर स्थित मुर्गा मंडी में गंदगी की भरमार से वहां आने-जाने वाले लोग बेहद परेशान हैं हालत यह है कि वहां खड़ा होना भी भारी लगता है ऐसे में काम करना कितना कठिन होगा इसका अंदाज लगाया जा सकता है। समाज सुधार कल्याण समिति के प्रमुख राजन तनेजा का कहना है कि इस विषय में तमाम संबंधित विभागों को शिकायत करने के बाद भी कहीं कोई असर नहीं होता यह अपने में बहुत चिंता का विषय है। एक तरफ हमारे नेता और सरकार की हर जगह को तुरंत किया जाएगा। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा लेकिन गाजीपुर मुर्गा मंडी को एक बार आकर जो देखेगा वह यही रहेगा की इतनी बुरी सफाई की हालत कहीं नहीं हो सकती गंदगी के चलते बीमारियों का फैलने का खतरा भी हर समय बना रहता है।

# "तू जानती नहीं मुझे"

## दो महिलाओं का झगड़ा मार-पिटाई तक पहुंचा; वीडियों वायरल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली मेट्रो को राजधानी में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। वहीं यह यात्रियों की हरकतों को लेकर भी सुर्खियां बटोरती रहती है। मेट्रो का कोई-न-कोई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते रहता है। वहीं इन दिनों दो महिलाओं के बीच मेट्रो का झगड़ा काफी वायरल हो रहा है। दोनों की लड़ाई मारपीट तक पहुंच गई। वायरल वीडियो में दो महिलाएं संभवतः सीट को लेकर झगड़ गई हैं। यह झगड़ा मारपीट की नौबत तक पहुंच गई। दोनों के बीच इतना झगड़ा हुआ कि दोनों ने एक दूसरे को पीट दिया। एक ने दूसरे को धक्का दिया। इसके जवाब में दूसरे ने थप्पड़ मारा और पैर अड़ाकर गिराने की कोशिश की। वहीं पहली लड़की पलटकर कहती है- तू जानती नहीं है मैं कौन हूं? इतना फोड़ूगी तुझे, क्योंकि मैं एक सिंगर हूं। इसके बाद वह किसी को फोन मिलाने लगती है। हालांकि ये वीडियो कब कहा है, इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती। लेकिन यह सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। महिलाएं मूकदर्शक बनी रही-वहीं घटना के वक्त आसपास खड़ी महिलाएं मूकदर्शक बनीं रहती है। किसी ने दोनों को समझाने की कोशिश नहीं की। कई महिलाएं तो सीट पर बैठी रहीं और कईयों ने बस मुस्काराती रहीं। वहीं सोशल मीडिया पर भी लोगों के जबर्दस्त रिएक्शन आ रहे हैं। किसी ने घटना के बारे में दोनों को खूब खरी-खोटी सुनाई तो किसी ने जमकर मजे भी लिए। मेट्रो प्रशासन ने किया था आगाह-बता दें, मेट्रो प्रशासन ने ट्रेन के अंदर इस तरह की गतिविधियों को लेकर समय-समय पर आगाह करती रही है। हर प्लेटफॉर्म पर बकायदा बड़े-बड़े बैनर लगाकर सोशल मीडिया रील बनाने से परहेज करने की बात कही गई है। बावजूद इसके लोग ऐसी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। दिल्ली मेट्रो प्रमुख ने हाल ही में कहा था कि अगर कोई भी यात्री मेट्रो या मेट्रो परिसर में आपत्तिजनक हरकतें देखे जाते हैं तो इसकी सूचना सुरक्षाकर्मियों को दें। आपत्तिजनक हरकतों से यात्रियों को कई परेशानियां का सामना करना पड़ता है।

# गौरव शर्मा ने राष्ट्रीय आइस स्टॉक प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के गौरव शर्मा ने आइस रिंक गुलमर्ग जम्मू कश्मीर में आयोजित 10वें राष्ट्रीय आइस स्टॉक प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण पदक सहित 5 पदक जीते। गौरव शर्मा ने टीम टारगेट और टीम गेम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता इसके अलावा उन्होंने व्यक्तिगत डिस्टेंस और टीम डिस्टेंस स्पर्धा में रजत पदक जीता और व्यक्तिगत टारगेट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता इसे पहले गौरव शर्मा ने पिछले वर्ष खेलो इंडिया विंटर गेम्स में दिल्ली की टीम का प्रतिनित्वा किया और पदक हासिल किया था आइसस्टॉक स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष हेमलता मिश्रा और महासचिव सेवक मिश्रा ने भी शुभकामनाएं दी।

# डिग्री प्राप्त करने वालों के लिए एक लॉन्च पैड है शताब्दी दीक्षांत समारोह : जगदीप धनखड़

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली। भारत के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने नव ग्रेजुएट विद्यार्थियों से कहा कि विकसित भारत@2047 की कुंजी आपके पास है, इसे अनलॉक करें। उप राष्ट्रपति दिल्ली विश्वविद्यालय के 100वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने विस्तृत भाषण में कहा कि गणतंत्र के 75वें साल में ये शताब्दी दीक्षांत समारोह सिर्फ एक समारोह से कहीं आगे है। यह आप सभी के लिए एक लॉन्च पैड है। यह कुछ हद तक श्रीहरिकोटा में इसरो रॉकेट लॉन्च पैड के समान है। यह सुरक्षित लॉन्च पैड आपको न केवल नई मंजिलों तक ले जाएगा, बल्कि इस विश्वविद्यालय में आपके द्वारा एकत्र किए गए अमृत से प्रेरित होकर नई ऊंचाइयों तक भी ले जाएगा। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। इस समारोह के दौरान 2022-23 में अपनी डिग्री पूरी करने वाले यूजी, पीजी व पीएचडी के 138020 और पीएचडी के 659 विद्यार्थी को डिग्री प्रदान की गई। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यायल के 101 वर्षों की गौरावशाली यात्रा का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया।

# दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर चौंकाने वाले चेहरे ला सकती है भाजपा

- यह सभी चेहरे जीतने वाले व साफ सुथरे होंगे

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। सर्दियों का असर कम होते और तापमान के हल्के-हल्के माने के साथ राजधानी दिल्ली का राजनीतिक तापमान भी गरमाता जा रहा है। भले ही दिल्ली के लोकसभा सांसद और उनके समर्थक कुछ भी दावे कर रहे हो लेकिन अब मान जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी सभी सातों सीटों पर नए चेहरे उतारने का मन बना चुकी है और यह सभी नाम भी ऐसे हो सकते हैं जिनको लोगों को अचरज हो लेकिन यह सभी चेहरे जीतने वाले व साफ सुथरे होंगे। आम आदमी पार्टी कांग्रेस के गठबंधन के बाद भाजपा ने सभी चेहरे बदलने का मन और मजबूत कर लिया है क्योंकि पार्टी को पता है की सभी सांसद पिछली दो परियों से से अपने नाम पर नहीं अपितु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर में जीत रहे थे लेकिन अब सभी तो नहीं दो-तीन में तो ऐसा दिखाना शुरू कर दिया है कि जैसे वह अपनी छवि पर ही जीत कर आए हैं और पार्टी के आगे उनके आगे कोई विकल्प नहीं है इतना ही नहीं उनके समर्थ को ना तो घमंड में यहां तक कहना शुरू कर दिया है कि उनको पार्टी ने हरी झंडी दे दी है लेकिन हाई कमान के सूत्र कहते हैं कि अभी तो फैसला पहली पंक्ति के नेताओं का नहीं हुआ फिर दिल्ली के सांसद यह कैसे गलतफहमी पाल रहे हैं उन्हें नहीं पता की पार्टी इस बार कई उन केंद्रीय मंत्रियों को भी टिकट से वंचित करने वाली है जिनका बहुत बड़ा कद है फिर दिल्ली के सांसद की तो बात ही कुछ नहीं है उसके बाद यदि वह आंखें दिखा रहे हैं तो उनका भी इलाज ढंग से कर दिया जाएगा। पार्टी सूत्रों का कहना है की आंखें दिखाने वाले सांसदों को पार्टी पूरी तरीके से पैदल कर सकती है और उनकी गलतफहमियां दूर की जाएगी पार्टी सूत्रों का कहना है की पिछली बार महेश गिरी और उदित राज के टिकट पार्टी ने काटे थे हालांकि यह दोनों नेता अपने क्षेत्र में 5 साल बेहद सक्रिय रहे थे लेकिन उसके बावजूद अपनी गलतियों से अपने टिकट खो बैठे थे महेश गिरी शांत रहने के चलते संगठन में फिर भी स्थान का गए थे लेकिन उदित राज को गलतफहमी थी कि उनके बिना भाजपा क्षेत्र से नहीं जीत सकती लेकिन उनकी गलतफहमी तब दूर हो गई जब पिछला लोकसभा चुनाव भाजपा ने उत्तर पश्चिम दिल्ली सीट पर सबसे रिकॉर्ड वोटो से जीता जिसने है साबित कर दिया की जनता नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट दे रही है ना की कोई सांसद सोच उसकी छवि उसके ग्लैमर पर वोट मिल रहे हैं इसलिए इन सांसदों को पार्टी जवाब देना चाहती है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जब राजस्थान मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में मामा शिवराज वसुंधरा राजे सिंधिया रमन सिंह को झटके में बदला जा सकता है फिर कोई गलतफहमी पाल यह उसकी दिक्कत है पार्टी में पहले भी नवजोत सिंह सिद्धू कीर्ति आजाद इसी गलतफहमी का शिकार होकर आज कहां है सबको पता है। सातों सीट पर नए चेहरे कौन होंगे इस विषय में यह कहा जा रहा है ।

# मौजूदा बीएड प्रोग्राम के स्थान पर चार वर्ष का एकीकृत बीएड प्रोग्राम होगा : डॉ. जितेन्द्र कुमार

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकदि नई दिल्ली। दिल्ली संस्कृत अकादमी दिल्ली सरकार द्वारा अकादमी कार्यालय के सभागर में संस्कृत शिक्षकों के लिये संस्कृत शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कायष्शार्ला में शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में संस्कृत शिक्षा के सन्दर्भ में विषय रखा गया था। संस्कृत शिक्षण कार्यशाला के मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के सह आचार्य डॉ. जितेन्द्र कुमार थे। डॉ. जितेन्द्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से बताया तथा संस्कृत के बारे में विस्तार से अवगत कराया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 को 30 जुलाई, 2020 को जारी किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) ने जून 2017 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए एक कमिटी (चेयररू डॉ. के. कस्तूरीरंगन) का गठन किया था। कमिटी ने मई 2019 में सार्वजनिक टिप्पणियों के लिए ड्राफ्ट एनईपी सौंपा। एनईपी 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्थान लेगी। ईसीसीई में छोटे बच्चों के लिए खेल आधारित और गतिविधि आधारित पढाई होती है जिसमें एल्फाबेट्स, भाषा, पजल्स, पेटिंग और संगीत शामिल होता है। कमिटी ने कहा कि छह वर्ष की आयु तक बच्चों के दिमाग का 85 प्रतिशत संचयी विकास हो जाता है। उसने सुझाव दिया कि 5.3.3.4 के स्कूली करिकुलम को अपनाकर 3 से 6 वर्ष के बच्चे के लिए ईसीसीई को स्कूली संरचना में शामिल किया जाना चाहिए। शिक्षकों के प्रशिक्षण के मौजूदा बीएड प्रोग्राम के स्थान पर चार वर्ष का एकीकृत बीएड प्रोग्राम होगा जिसमें उच्च क्वालिटी का कंटेट, पेडेगॉगी और व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल होगा। इसके अतिरिक्त शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाएगी कि वे हर वर्ष न्यूनतम 50 घंटे निरंतर पेशेवर विकास का प्रशिक्षण प्राप्त करें। राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षण परिषद एनसीईआरटी के सहयोग से शिक्षकों की शिक्षा का राष्ट्रीय करिकुलम फ्रेमवर्क तैयार करेगा। शिक्षकों से शिक्षण के अतिरिक्त प्रशासनिक कार्य नहीं कराए जाएंगे और उनके बहुत अधिक तबादले नहीं किए जाएंगे। अकादमी के सचिव डॉ. अरूण कुमार झा के मार्ग निर्देशन में ये कार्यशाला आयोजित की गई। इस विषय के लिये डॉ. झा ने विशेष रूप से इस कार्यशाला के आयेजन के लिये कहा कि संस्कृत शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी आवश्यक है।

# दिल्ली सरकार के कला संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा निजामुद्दीन सुंदर नर्सरी में चार दिवसीय उर्दू फैस्टिवल का आयोजन किया गया है

- कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




राजधानी का सांस्कृतिक परिदृश्य उर्दू के वैभव से जीवंत हो गया है क्योंकि चार दिवसीय उर्दू विरासत महोत्सव दिल्ली के निजामुद्दीन, हुमायूं के मकबरे के पास सुंदर नर्सरी में शुरू हुआ है। जश्न-ए-उर्दू, उर्दू के सार का जश्न मनाने वाला यह त्योहार, भाषा के साथ शहर की गहरी आत्मीयता को सामने लाता है। यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति और भाषा विभाग के तत्वावधान में और उर्दू अकादमी दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह उत्सव उर्दू भाषा के समृद्ध सांस्कृतिक ताने-बाने को उजागर करता है। इस असाधारण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग ढेर सारे सांस्कृतिक उत्सवों का आनंद ले सकते हैं, जिनमें आत्मा-रोमांचक संगीत प्रस्तुतियाँ, उत्तेजक नाटक, गहन काव्यात्मक प्रदर्शन और विचारोत्तेजक बहसें शामिल हैं। कार्यक्रम में आए लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया गया है और विभाग के लोगों ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर बहुत मेहनत की है कउन्होंने कहा कि वह इन सभी लोगों की मेहनत को सलाम करते हैं और इतनी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सभी को तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार लगातार दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर रही है कइन कार्यक्रमों के पीछे एकमात्र उद्देश्य हमारी युवा पीढ़ी के दिलों में हमारी गंगा-जमुनी (समग्र और समावेशी) संस्कृति को स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि उर्दू एक बहुत ही मीठी भाषा है जो एक इंसान को दूसरे इंसान से जोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर 22 से 25 तारीख तक चार दिनों तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इस कार्यक्रम के लिए, दिल्ली सरकार ने गजल और सूफी संगीत की दुनिया से प्रतिष्ठित हस्तियों को आमंत्रित किया है, जैसे निजामी ब्रदर्स, खन्नक जोशी, तलत अजीज और वॉयस ऑफ इंडिया के विजेता सलमान अली। साथ ही साथ इस कार्यक्रम में पहली बार उर्दू के माध्यम से रामलीला के मंचन का अद्भुत दृश्य लोगों के लिए यहां आयोजित किया गया करामायण का मंचन उर्दू जबान में किया जाना अपने आप में एक अद्भुत बात है कहमारे देश की हजारों वर्ष पुरानी गंगा जमुनी तहजीब का यह एक प्रत्यक्ष उदाहरण रहा। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कार्यक्रम में आए लोगों का दिल से आभार व्यक्त किया और सभी से अपील की, कि वे अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को भी कार्यक्रम के बारे में बताएं, ताकि अधिक से अधिक लोग दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रमों का आनंद ले सकें। निर्धारित कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक मुख्य आकर्षण ह्लदास्तान-ए-रामायणः उर्दू में रामलीलाह है, जो फरीदाबाद के श्रद्धा रामलीला समूह द्वारा एक अनूठा चित्रण है, जो पौराणिक महाकाव्य के चित्रण में हिंदी और उर्दू के उत्कृष्ट एकीकरण को दर्शाता है। घटनाओं का पूरक पैनल चर्चा रामायण उर्दू के आईने में है, जो उर्दू के चिंतनशील लेंस से रामायण पर विचार करता है। खालिद अल्वी, खालिद अशरफ और मोहम्मद काज़िम जैसे प्रतिष्ठित विद्वान इस ज्ञानवर्धक सत्र के दौरान रामायण के संबंध में अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम के तीसरे दिन की यही सबसे बड़ी खासियत रही, कि इस कार्यक्रम में एक उर्दू के डायलॉग वाली रामलीला का आयोजन किया गया कजिसमें की रामलीला के सभी पात्रों द्वारा उर्दू में डायलॉग बोले गए क संस्कृत और उर्दू का यह अद्भुत संगम लोगों को बेहद पसंद आया करामायण के मंचन के पश्चात कई उर्दू स्कॉलर्स और इतिहासकारों ने उर्दू में छपी अलग-अलग रामायनों पर बेहतरीन चर्चा की कयह कार्यक्रम हमारे गंगा जमुनी तहजीब की एक बहुत बड़ी मिसाल है। कार्यक्रम में आए बॉलीवुड के मशहूर गजल गायक तलत अजीज द्वारा बेहतरीन गजलों का गायन किया गया ककार्यक्रम में आए तमाम दर्शकों ने जोरदार तालिया के साथ तलत अजीज साहब की गजलों का स्वागत किया कलोग गजलों में इस कदर खो गए, कि मानो कार्यक्रम का पूरा माहौल एकदम सूफियाना सा हो गया था।

# सिद्धांतहीन समझौते का धोखा जनता की समझ में आ रहा है : बिधूड़ी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर भले ही कितने सिद्धांतहीन समझौते कर लें, वे मिलकर भी भाजपा के वोटों के आसपास नहीं पहुंच सकते। देशभर में मोदी जी के काम और नाम का डंका बज रहा है। इसलिए भाजपा को आगामी लोकसभा चुनावों में 2019 से भी ज्यादा समर्थन मिलने वाला है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को दिल्ली ने 56.9 प्रतिशत वोट देकर जिताया था जबकि कांग्रेस को केवल 22.5 और आप को 18.1 प्रतिशत वोट ही मिले थे। बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पक्ष में देशभर में समर्थन का सैलाब आया हुआ है। जन कल्याणकारी योजनाओं और विकास के साथ-साथ भाजपा सरकार ने वे काम करके दिखाए हैं, जो 70 साल में नहीं हुए। इसीलिए इस बार भाजपा 370 के पार और एनडीए 400 सीटों के पार पहुंचने वाला है। इसी को देखते हुए विपक्षी दलों में हड़बड़ी मची हुई है और वे बेमेल और सिद्धांतहीन समझौते कर रहे हैं। मगर, जनता उनके इस धोखे में आने वाली नहीं है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली का कांग्रेस कार्यकर्ता सोनिया गांधी और शीला दीक्षित दोनों को ही मां कहा करता है और अरविंद केजरीवाल ने इन दोनों महिलाओं के प्रति जहर उगला है, उसे वह भूला नहीं होगा। केजरीवाल इन दोनों को जेल में डालने की धमकियां देते रहे हैं। दोनों पार्टियों के कार्यकताओं में एक-दूसरे के प्रति नफरत है क्योंकि उन्हें पता है कि दोनों का वोट बैंक भी एक ही है। लोकसभा चुनावों के कुछ महीने बाद ही विधानसभा चुनाव भी आने वाले हैं।

# दोस्त के साथ पी रहा था, शराब तभी आ धमके चार बदमाश

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली हाईकदिल्ली के मधु विहार इलाके में शुक्रवार देर रात एक ऐसी घटना घटी जिसने एक बार फिर से कई सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वारदात ये भी दिखाती है कि आज के समय में इनसान की जान कितनी सस्ती हो गई है कि सिर्फ एक फोन और पर्स लूटने के लिए हत्या कर दी जा रही है। जानकारी के अनुसार पूर्वी दिल्ली के मधु विहार में एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात के दौरान उसके साथ लूटपाट भी की गई। डीडीए पार्क में दोस्त संग बैठा था नरेंद्र शनिवार सुबह घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा कि यह घटना शुक्रवार देर रात की है।

## संक्षिप्त खबरें

### तेज रफ्तार कैंटर ने पांच कारों को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर जिले के खतौली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक माल वाहक वाहन (कैंटर) ने एक रेस्त्रां के बाहर खड़ी पांच कारों को टक्कर मार दी। पुलिस ने शनिवार को बताया कि हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी जबकि 16 अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात जिले के खतौली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर तगाई कट के पास एक तेज रफ्तार कैंटर पर चालक नियंत्रण नहीं रख सका। तेज रफ्तार वाहन ने एक रेस्तरां के बाहर खड़ी पांच कारों को टक्कर मार दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) यतेंद्र नागर ने शनिवार को भाषा को बताया कि मृतकों की पहचान सुनील कुमार (30) और उनकी रिश्तेदार श्वेता (24) निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। घायलों को अस्पलताल में भर्ती कराया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने पांच कारों को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर एक माल वाहक वाहन (ट्रक) ने चीतल रेस्तरां के पास खड़ी पांच कारों को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि 16 अन्य घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर रात खतौली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर तगाई कट के पास एक तेज रफ्तार ट्रक पर चालक नियंत्रण नहीं रख सका। ट्रक ने चीतल रेस्तरां के पास खड़ी पांच कारों को टक्कर मार दी। पुलिस उपाधीक्षक यतेंद्र नागर ने शनिवार को बताया कि मृतकों की पहचान सुनील कुमार (30) और श्वेसता (24) निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीओ ने कहा कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में शवगृह में रखा गया है। परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है। घटना की जांच की जा रही है।

### पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर 70 लाख ठगी का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

गजरौला। बालू खनन का कारोबार करने के नाम पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने 70 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र के गांव शहवाजपुर डोर निवासी मोहित कश्यप की गांव मोहम्मदाबाद निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो से जान पहचान थी। आरोप है कि मुमताज अली ने मोहित को अपने झांसे में लेते हुए बालू खनन का पट्टा होने की बात कही। इसके साथ ही कारोबार में मुनाफा कमाने की बात कहते हुए 30 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में मुमताज व उसके साथी को कई बार में 70 लाख रुपये मोहित ने दिए। कुछ रुपये बैंक खाते में भी जमा करवाए गए। आरोप है कि इसके बाद मोहित ने मुनाफे के रुपये मांगे तो मुमताज टालमटोल करता रहा। इसी बीच 17 दिसंबर 2023 को मुमताज अपने साथी के साथ मोहित के घर पहुंचा और उस पर तमंचा तान दिया। रुपये देने से मना करते हुए जाति सूचक शब्द भी कहे। तहरीर मोहित ने पुलिस को दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने मामले में मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो व उसके साथी मोमीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# उप्र के कासगंज में श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्राली तालाब में गिरी, 15 लोगों की गई जान

## पड़ोसी जिला एटा से गंगा स्नान करने जा रहे थे श्रद्धालु, पटियाली दरियागंज मार्ग पर हादसा, रेस्क्यू जारी

● मुख्यमंत्री ने मृतक आश्रितों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक मदद की घोषणा की

प्रात: किरण, संवाददाता



कासगंज। उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद में पटियाली दरियागंज मार्ग पर शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। जिला एटा से गंगा स्नान करने जा रहे करीब 40 श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में जा गिरी। हादसे में 15 लोगों की मृत्यु की पुष्टि की गई है। मृतकों में कई बच्चे भी शामिल हैं। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन कर तालाब से लोगों को निकाला जा रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मृतक आश्रितों को दो-दो लाख की आर्थिक सहायता और घायलों को 50-50 हजार रुपये के साथ बेहतर उपचार कराने के दिए निर्देश। जिला एटा के थाना जैथरा स्थित गांव खिरिया और कसा के रहने वाले 40 श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली में बैठ कर शनिवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने कादरगंज घाट जा रहे थे। कासगंज जिले में पटियाली दरियावगंज मार्ग पर नगला पजी के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई।

राहगीरों की जानकारी पर पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया गया। तालाब में डूब कर 15 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कई बच्चे शामिल हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सीएमओ डॉक्टर राजीव कुमार अग्रवाल ने 15 लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। घटना की जानकारी पर डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक सहित एसडीएम, सीओ, इंस्पेक्टर मौके पर पहुंच गए। क्षेत्रीय लोगों और गोताखोरों की मदद से श्रद्धालुओं को तालाब से बाहर निकला गया। इनकी शिनाख्त के लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कई लोग गंभीर हैं, इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के संबंध में जिला प्रशासन की ओर से अभी कोई सूची जारी नहीं की गई है। घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। मुख्यमंत्री ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कासगंज हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने हादसे में मृतक परिजनों को 2-2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने व घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचा कर उनके निःशुल्क समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। सरकार के दो मंत्री मौके पर पहुंचे कासगंज में हुए हादसे का योगी सरकार ने संज्ञान लेते हुए मौके पर दो मंत्रियों को भेजा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की बारीकी से जांच करने और हताहत लोगों से मिलने के लिए लक्ष्मीनारायण चौधरी और अनूप वाल्मिकी को भेजा है। दोनों ही मंत्री मौके पर पहुंच कर राहत कार्य और घटना के सम्बंध में अधिकारियों से जानकारी ली और बेहतर उपचार कराने को अधिकारियों को निर्देशित किया।

अखिलेश यादव ने घटना पर शोक व्यक्त किया

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि कासगंज में हुए श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से बड़ी संख्या में हताहत होने की खबर दुखद है। राहत कार्य तेजी से कर लोगों का जीवन बचाएं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

# उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा निरस्त, फिर से परीक्षा कराने के आदेश



प्रात: किरण, संवाददाता

लखनऊ। उत्तरर प्रदेश सरकार ने शनिवार को राज्यन के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर दिया है और छह माह के भीतर पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिये हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यहनाथ ने शनिवार को यह फैसला किया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्वउप्र पुलिस आरक्षी (सिपाही) के पदों पर चयन के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त करने तथा आगामी छह माह के भीतर ही पुनः परीक्षा कराने के आदेश दिए गये हैं।

इसी संदेश में उन्हों ने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ करने वाले किसी भी दशा में बख्शे नहीं जाएंगे। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

इस बीच मुख्यखमंत्री के एक सहयोगी ने बताया कि परीक्षा की गोपनीयता भंग करने वाले उप्र पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के ह्यरडारह्न पर हैं और अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन प्रयागराज स्थित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के प्रवेश द्वार के सामने से लेकर प्रदेश के विभिन्नप स्थाानों पर शुक्रवार को जारी रहा।

# यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 निरस्त

● छह माह के भीतर ही पूर्ण शुचिता के साथ फिर से होगी परीक्षाः मुख्यमंत्री

प्रात: किरण, संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सूबे में 17 व 18 फरवरी को आयोजित पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया गया है। अगले 6 माह के भीतर पूरी शुचिता के साथ दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस आशय के आदेश गृह विभाग ने शनिवार को जारी कर दिए हैं। इससे पहले उक्त परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक दिनांक 17 व 18 फरवरी, 2024 को सम्पन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में प्राप्त तथ्यों एवं सूचनाओं के परीक्षण के आधार पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के दृष्टिगत इस परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। शासन ने भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराये जाने का निर्णय लिया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह के अन्दर पूर्ण शुचिता के साथ पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की सेवा से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच, शासन ने मांगे साक्ष्यः मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा-2023 से जुड़ी शिकायतों की भी जांच कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक ने आदेश भी जारी कर दिया है। इसके मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा-2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक तथा नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।

## हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

गजरौला। शनिवार को पूर्णिमा तिथि पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। गजरौला के बृजघाट व तिगरी गंगा तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गंगा स्नान कर परिवार और समाज में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की गई।शनिवार सुबह से ठंड के बावजूद गंगा घाटों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। हर-हर गंगे के उद्घोष संग गंगा स्नान किया। बहुत से श्रद्धालुओं ने शुक्रवार रात ही गंगा तटों पर डेरा जमा दिया। वहीं भोर की पहली किरण के साथ ही निजी वाहनों के अलावा रोडवेज बसों एवं अन्य साधनों से भी श्रद्धालुओं का बृजघाट व तिगरी धाम पहुंचना शुरू हो गया। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। जरूरतमंदों को दान कर पुण्य लाभ कमाया, मंदिरों में पूजा की। हर-हर गंगे के जयकारे गंगा तट पर गूंजते रहे। अमरोहा के अलावा आसपास रामपुर, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर आदि जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी गंगा स्नान किया।

# श्री वेंकटेश्वरा की नि:शुल्क कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन योजना ऑपरेशन स्माइल का समापन

● ऑपरेशन स्माइल-2024 पिछले पाँच वर्षों से गरीब मेधावियों को निःशुल्क कोचिंग देकर उनके चेहरे पर मुस्कुराहट ला रहा हैः डॉ. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में विकसित भारत संकल्प - 2047 के तहत पिछले साठ दिनों से गरीब मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए चलाई जा रही निःशुल्क कोचिंग एवं कैरियर गाइडेन्स योजना ऑपरेशन स्माइल-2024 का शानदार समापन हो गया। 24 दिसम्बर 2023 से चली आ रही इस योजना के तहत वेंक्टेश्वरा समूह के मेरठ गजरौला परिसर के पाँच सौ से अधिक शिक्षकों ने प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को मुरादाबाद एवं मेरठ मण्डल के चयनित एक सौ एक गाँवों जाकर में बोर्ड परीक्षार्थियों को निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ उनके आगामी कैरियर विकल्पों के लिए उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी के साथ मिलकर ऑपरेशन स्माइल योजना में लगे शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्प यात्रा अकेले प्रधानमंत्री जी की ही जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि देश के हर जिम्मेदार नागरिक को आगे बढ़कर अपने-अपने क्षेत्रों में शानदार काम करते हुए राष्ट्र विकास के इस महायज्ञ में अपनी ओर से आहूति देनी होगी।विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प-2047 के तहत अन्त्योदय तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित हो सके, इसी क्रम में दो माँह पूर्व 24 दिसम्बर 2023 को वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान ने पश्चिमी यू.पी. के गरीब मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए ये कल्याणकारी निःशुल्क कोचिंग एवं कैरियर मार्गदर्शन योजना ऑपरेशन स्माइल की शानदार शुरूआत की थी, जिसमें संस्थान के योग्य अनुभवी शिक्षकों ने गाँव-गाँव जाकर बोर्ड परीक्षार्थियों को विभिन्न विषयों पर सफलता के टिप्स दिये, एवं आगामी उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों पर उनका मार्गदर्शन किया।इससे पहले वेंक्टेश्वरा संस्थान के डॉ. सी.वी. रमन सभागार में ऑपरेशन स्माईल योजना-2024 के समापन समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, प्रधान सलाहकार प्रो. वी.पी.एस. अरोड़ा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, सी.ई.ओ. अजय श्रीवास्तव, कुलपति प्रो. ऐ.के. शुक्ला, प्रतिकुलपति डॉ. राकेश यादव, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर सी.एफ.ओ. विकास भाटिया, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राजवर्धन, डॉ. सर्वनन्द साहू, मनीष कुमार शर्मा, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चैधरी, एस. एस. बघेल मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन



● बोर्ड परीक्षा में लगे परिषदीय शिक्षकों का केंद्र व्यवस्थापक कर रहे हैं शोषणः यशपाल सिंह

● बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक ड्यूटी के बहिष्कार करने की दी चेतावनी

प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुर।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय एक बैठक का आयोजन राजपूत कालोनी हसनपुर में किया गया। बैठक में बोर्ड परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक, अतिकेन्द्र व्यवस्थापक आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर द्वारा तीन शिक्षक साथियों पर की गई कार्यवाही को गलत बताते हुए उसे निरस्त करने की मांग की गयी।कहा गया कि बोर्ड परीक्षा में लगे किसी भी परिषदीय शिक्षक के खिलाफ अगर कोई कार्यवाही अमल में लाई जाती हैं तो हम सभी शिक्षक बोर्ड परीक्षा का बहिष्कार करेंगें। जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा संगठन द्वारा यह मांग की जाती है कि जब तक तीन शिक्षक साथियों के खिलाफ निर्गत पत्र निरस्त नहीं किया जाता है और केंद्र व्यवस्थापक रामकिशोर सिंह प्रधानाचार्य, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक महीपाल सिंह परीक्षा केंद्र आदर्श इंटर कालेज कुटी दौलतपुर को परिवर्तित नहीं किया जाता हैं तब तक जनपद भर के परिषदीय शिक्षक बोर्ड परीक्षा ड्यूटी नहीं करेंगे। किसी भी सूरत में शिक्षकों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।जिला मंत्री मुकेश चौधरी ने बताया कि बेसिक के शिक्षक परीक्षा केंद्र पर एक दिन पूर्व अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं तो उसी दिन संबंधित अध्यापक के विषय परीक्षा प्रभारी द्वारा नोट कर लिए जाते हैं और संभावित ड्यूटी चार्ट अध्यापकों को उपलब्ध कराया जाता है। मेरे संज्ञान में आया है कि अभी तक परीक्षा में लगे किसी भी शिक्षक को ड्यूटी चार्ट उपलब्ध नहीं कराया है जो कि शोषण करने का नया तरीका है। कक्ष निरीक्षक ड्यूटी में सर्वप्रथम उस विद्यालय का शिक्षक, उसके उपरांत राजकीय विद्यालय का शिक्षक, उसके उपरांत माध्यमिक एवं वित्त विहीन विद्यालय का शिक्षक कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाया जाता है और सबसे अंत में बेसिक के शिक्षकों की ड्यूटी कक्ष के रूप में लगाई जाती है। ड्यूटी में लगे हमारे शिक्षक साथियों को जिस दिन ड्यूटी नहीं होती है उसे दिन विद्यालय में उपस्थित रहना होता है। इसके अलावा भी वर्तमान समय में अध्यापकों के विभिन्न प्रशिक्षण जैसे समेकित शिक्षा का प्रशिक्षण, निपुण भारत मिशन का चार दिवसीय प्रशिक्षण चल रहे है।इन प्रशिक्षणों में भी शिक्षकों को उपस्थित रहना होता है। साथ ही प्रतिदिन विद्यालय में निपुण असेसमेंट भी करना होता है ऐसी स्थिति में अध्यापकों पर कार्यवाही की संस्तुति करना बेहद ही गलत हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इस कृत्य की भरसक निंदा करता है।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष हसनपुर होमपाल सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी रामवीर सिंह, ब्लॉक मंत्री जोया हीरा सिंह, शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुधीर पोसवाल,देवेंद्र शर्मा,अरविंद चौधरी,राजीव कुमार,अमित गुप्ता, राजकुमार सिंह,सतवीर सिंह, गजेंद्र सिंह ढाका,लख्मी सिंह,विक्रम सिंह, अरूण कुमार आदि मौजूद रहे।

## डयूटी मे लापरवाही बरतने पर दो शिक्षकों को नोटिस जारी

हसनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव दौलतपुर के आदर्श कुटी इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान दो कक्ष निरीक्षकों के ड्यूटी में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि दोनों शिक्षकों ने शुक्रवार को पहली पाली में ड्यूटी दी थी। इसके बाद शाम की पाली में भी उनकी ड्यूटी लगी थी। केंद्र व्यवस्थापक का कहना है कि दोनों शिक्षक शाम की पाली में ड्यूटी दिए बिना ही घर चले गए। आनन फानन में उनके स्थान पर दूसरे शिक्षकों की ड्यूटी लगानी पड़ी। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए दोनों शिक्षकों को केंद्र व्यवस्थापक ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। केंद्र व्यवस्थापक स्तर से आला शिक्षाधिकारियों को भी इस बाबत जानकारी दी गई है। उधर, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया की मामला जानकारी में नहीं है।

# प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे सुभासपा के पदाधिकारी



अमरोहा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की एक बैठक ग्राम पंचायत ढक्का में अफ्फान चौधरी के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 26 फरवरी को ग्राम पंचायत ढक्का में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चंद कश्यप शोषित, वंचित पिछड़ा दलित अल्प संख्यक समाज की जनचौपाल को सम्बोधित करेंगे। इसी सिलसिले में जिला अध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने अफ्फान चौधरी के आवास पर ग्राम वासियों से बैठकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपील की और कहा कि ओमप्रकाश राजभर ही ऐसे नेता हैं जो दवे कुचले शोषित वंचितों अल्पसंख्यको की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक उठाने का काम कर रहे हैंआज अल्पसंख्यको को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के साथ जुड़ जाना चाहिए बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद यूनुस प्रधान जी जिला कोऑर्डिनेटर पंडित राम अवतार शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, अफफान चौधरी अनस चौधरी डा चन्द्र पाल सिंह सैनीविधान सभा अध्यक्ष हसनपुर, अमरपाल सिंह खड़गवाशी अहमद मोहम्मद इमदाद तालिब मोहम्मद हसीन मोहम्मद मॉर्निंग रिजवान अहमद मारूफ अहमद मोहित भाटी तंजीम बंजारा अकील अहमद फैज अहमद आदि मौजूद रहे।

# मायावती ने संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

प्रात: किरण, संवाददाता



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने संत रविदास की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए उनके सामने झुकने वालों से सावधान रहना जरूरी है।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि संत रविदास का संदेश कर्म के माध्यम से मानवता और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण का था।

उन्होंने कहा कि संत रविदास के संदेश को भुला दिया गया है। उनका संदेश संकीर्ण राजनीतिक और चुनावी हितों के लिए नहीं बल्कि मानवता और सार्वजनिक सेवा के लिए था। बसपा प्रमुख ने कहा, इसके परिणामस्वरूप, यहां के बहुजनों का जीवन समस्याओं से भरा हुआ है।

मायावती ने कहा, ऐसे लोगों से सावधान रहना जरूरी है जो राजनीतिक लाभ के लिए उनके सामने झुकते हैं।

मायावती के इस बयान से ठीक एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गुट इंडिया पर तीखा हमला करते हुए कहा था कि इसके सदस्य जाति के नाम पर लोगों को भड़काने और लड़ाने में विश्वास रखते हैं।

प्रधानमंत्री ने संत रविदास की 647 वीं जयंती पर उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धन में शुक्रवार को भव्य प्रतिमा का अनावरण किया था।

इस मौके पर मोदी ने संत रविदास के एक दोहे का जिक्र किया और उसकी व्याख्या करते हुए कहा था ज्यादातर लोग जात-पात के फेर में उलझे रहते हैं, उलझाते रहते हैं, जात-पात का यही रोग मानवता का नुकसान करता है।

बाद में बहुजन समाज पार्टी की ओर से जारी एक बयान में मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) पर जमकर निशाना साधा।

मायावती ने कहा, महान संत गुरु रविदास जी के आदर-सम्मान में व उनकी स्मृति को बनाये रखने के लिये बसपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में अनेक कार्य किये। बसपा सरकार ने संत रविदास जी के नाम पर भदोही को जिला मुख्यालय का दर्जा सुरक्षित रखते हुए नया संत रविदास जिला बनाया, जिसे सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया।

उन्होंने कहा, वर्तमान भाजपा सरकार ने भी इसका नाम अब तक बहाल नहीं किया है, जो यह अति-दुखद है। उन्होंणने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा इसका नाम पुन बहाल नहीं करना यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी है।

# अमरोहा पहुचीं कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा, उमड़ा हुजूम



प्रात: किरण, संवाददाता

मुरादाबाद/अमरोहा।भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने नाम लिए बगैर कहा कि इखढ की राजनीति एक दूसरे को लड़ाना है।उन्होंने कहा कि एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाया जाता है। एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाया जाता है और एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाया जाता है। फिर सरकार 24 घंटे आपसे धन लूटती है। मुझे बताओ हिंदुस्तान के एयरपोर्ट किसके नाम पर हैं। हिंदुस्तान के बड़े-बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर किसको दिए जाते हैं? मुझे बताओ हिमाचल के सेब किसके हाथ में जाते हैं। मुझे बताओ हिंदुस्तान के पॉवर प्लांट किसके हाथ में हैं। हथियारों के सारे कांट्रेक्ट अडानी को ये सरकार दे रही है।उन्होंने कहा कि आपको जागरुक होना है। सवाल पूछना है। 90% जनसंख्या के हाथ में कितना धन है? यही सवाल आपको पूछना है। मैं 4 हजार किमी. आपके साथ चला। हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है। तो सबसे पहले भाई को भाई से गले मिलना है। यह देश को जोड़ता है। देश को तोड़ता नहीं है। नफरत का बाजार हम नहीं चलाते हैं। आपको समझना होगा कि नफरत से नफरत नहीं कट सकती है। आप सब यहां है, मैं दिल से आपका धन्यवाद करता हूं।शनिवार को राहुल गांधी की न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश के अमरोहा पहुंची। यहां राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भारी हुजूम उमड़ा। जगह जगह उनका लोगों व कांग्रेस कार्यकताओं ने स्वागत किया। साथ ही कुछ लोग हाथ मे बैनर लिए इरढ से निलंबित वर्तमान अमरोहा सांसद दानिश अली का विरोध करते नजर आए। उन्होंने बैनर पर लिखा- राहुल तुम से प्यार है, दानिश 5 साल से फरार है हालांकि इस दौरान इरढ सांसद दानिश अली राहुल गांधी के साथ जीप में सवार थे।यूपी में सपा और कांग्रेस के गठबंधन के बाद अमरोहा सीट कांग्रेस के खाते में गई है। ऐसे में दानिश अली ने टिकट के लिए दावेदारी ठोक दी है। दानिश के अलावा कांग्रेस नेता सचिन चौधरी भी टिकट की दावेदारी जताने वालो में सामने आए। इनके अलावा और भी कई नाम है लेकिन दानिश अली के मौजूदा सांसद होने की वजह से उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है। ऐसे में कांग्रेस के अंदर ही कुछ लोगों ने उनका विरोध शुरू कर दिया है।

**सचिन बोले, हम भी टिकट के दावेदार**

अमरोहा। कांग्रेस प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी ने अमरोहा से टिकट की दावेदारी ठोक दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने इसकी जानकारी दी। सचिन ने कहा कि वह भी टिकट की लाइन में है। पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसको स्वागत किया जाएगा, लेकिन दानिश अली को टिकट हुआ तो वह चुनाव नही लड़ाएंगे। दानिश अली न्याय यात्रा शामिल जरूर हो रहे लेकिन उन्होंने अभी कांग्रेस ज्वाइन नही की है।

**इनका गांव में नही घुसने देने का ऐलान**

अमरोहा। सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुशाहिद अली ने भी गठबंधन प्रत्याशी के रूप में सांसद दानिश अली को टिकट मिलने पर विरोध करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि यदि दानिश अली को अमरोहा से टिकट हुआ तो कड़ा विरोध करेंगे। इतना ही नही पायती कलां गांव में भी नही घुसने देंगे। मुशाहिद अली का आरोप है कि गांव के लोगो ने एक तरफा पिछली बार उनके पक्ष में मतदान किया था। जब वह बिजली से सम्बंधित काम से उनके पास गए तो उन्होंने खुद को बड़ा नेता बताते हुए काम करने से मना कर दिया था।

## पार्टी ज्वाइन नही, दावेदारी मजबूत

अमरोहा। दानिश अली राहुल गांधी से नजदीकियों के चलते बसपा से निलंबित भी किए जा चुके है। मायावती ने उनको पार्टी लाइन से अलग चलते हुए छह महीने पहले पार्टी से निलंबित कर दिया था। तब से वह राहुल गांधी के ओर करीब आ गए। दिल्ली में राहुल गांधी से उनके आवास पर जाकर भी मुलाकात कर चुके है। अब यूपी में सपा- कांग्रेस के गठबंधन के बाद उन्होंने अमरोहा सीट पर दावेदारी जता दी है, हालांकि उन्होंने अभी विधिवत कांग्रेस ज्वाइन नही की है, लेकिन राहुल गांधी जी साथ मंच साझा करने से पीछे नही रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रद्धा पूर्वक मनाई गई संत रविदास जी की जयंती



आरा। शहर के विभिन्न मोहल्ले में संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई हर साल की तरह इस साल भी मगहिया टोली गोला मोहल्ला में संत रविदास की जयंती में बड़े और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया उन्होंने संत रविदास जी के आदर्शों पर चलने का निर्णय लिया और कहा हमारे संत सभी वर्गों के लिए सामान्य रूप से पूजनीय है उनके उपदेशों पर चलने से जीवन में निरंतर सफलता प्रदान होगी

### पुलिस बाइक के साथ 84 लीटर शराब किया बरामद, धंधेबाज फरार

काराकाट (रोहतास) पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर देसी शराब व बाइक बरामद कर लिया। इस मामलें में कारोबारी पुलिस की गिरफ्तार से फरार चल रहा था। कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के कैथी से 84 लीटर देसी शराब व बाइक को बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस की भनक मिलते ही कारोबारी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की जांच पुलिस कर रही है।

### चोरी के समान साथ दो चोर गिरफ्तार

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चोरी के इनवर्टर और लैपटॉप के साथ दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि बीते दिन पूर्व शहर के सासाराम रोड स्थित एक गुमटीनुमा ऑनलाइन सेंटर में चोर के पीछे से गुमटी को काट इनवर्टर और लैपटॉप को चुरा फरार हो गए थें। जिस घटना में पीड़ित तेंदुनी जोगीवीर टोला वार्ड संख्या एक निवासी प्रकाश कुमार ने चोरी की घटना को लेकर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए पुलिस ने चोरी की घटना का उद्वेदन करते हुए चोरी किए गए इनवर्टर और लैपटॉप को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि पुलिस ने मामले में तेंदुनी निवासी सन्नी कुमार एवं गोसाई मोहल्ला निवासी टुन्ना कुमार को चोरी के समान के साथ गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों चोर को जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने चोर को किया गिरफ्तार,समान बरामद

नसरीगंज (रोहतास) पुलिस ने सोफा चोर को गिरफ्तार कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। साथ ही पुलिस ने चोरी के सोफा को भी किया बरामद। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि स्थानीय थाना के नासरीगंज निवासी राजा बाबू को सोफा चोरी करते पकड़ा गया। साथ ही साथ मामले में पुलिस ने चोरी के सोफा को भी बरामद कर लिया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार चोर के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### मंदिर में चोरी कर चोरों ने उड़ाया लाखों का समान

सासाराम (रोहतास) नगर सासाराम थाना क्षेत्र के करहगर मोड़ स्थित मनोकामना शिव मंदिर में बीते रात चोरों ने चोरी की घटना को वारदात दिया। चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट तथा गर्भ गृह का ताला तोड़कर दान पेटी तथा अन्य पूजा से जुड़ी सामान पर हाथ साफ कर फरार हो गए। बताया जाता है कि इस घटना की जानकारी सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा करने के लिए पहुंचे तो पाया कि मंदिर का ताला टूटा हुआ है। साथ ही मंदिर का दान पेटी, पीतल की कई घंटियां तथा अन्य सामान गायब है। इसके बाद पुजारी ने स्थानीय लोगों को घटना की सूचना दी। जिसके बाद लोगों की भीड़ उमड़ी पड़ी। दुसरी तरफ घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को मिलते ही सासाराम सिविल कोर्ट स्थित मंदिर स्थल पहुंच कार्रवाई में जुट गई है।

### क्राइम और शराब तस्करों पर नकेल कसना मेरी पहली प्राथमिकता : थानाध्यक्ष

नोखा (रोहतास) धर्मपुर थाना अंतर्गत नए थानाध्यक्ष के रूप में एसआई राकेश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने थाने के सभी पुलिस कर्मियों से जान पहचान करते हुए थाना का जायजा भी लिया साथ ही थाना क्षेत्र के जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों से बैठक कर विचार विमर्श कर कई विशेष दिशा निर्देश दिया पदभार ग्रहण करते हुए उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण शराब तस्करों पर शिकंजा शांति व्यवस्था कायम रखना व नागरिकों के बीच पुलिस की बेहतर कार्य कुशलता व छवि प्रस्तुत करना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। अवसर पर समस्त पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों उनका स्वागत किया।

# कृषि विज्ञान के स्वास्थ्य शिविर में कुपोषण स्तर का हुआ आकलन

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज रोहतास द्वारा जमोढ़ी पंचायत के बिसुनिया बाल गांव में कुपोषण उन्मूलन कार्यक्रम तहत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आए हुए स्वास्थ्य अधिकारियों व कार्यकताओं की टीम ने आंगनबाड़ी केंद्र और विद्यालय के उपस्थित बच्चों एवं माता के लंबाई , वजन एवं खून में हीमोग्लोबिन की मात्रा का जांच किया गया। कार्यक्रम के आयोजक वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी ने बताया कि जांच शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं माता में व्याप्त कुपोषण के स्तर का आकलन करना है। ज्ञात हो कि कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा बिसुनिया बाल गांव में कुपोषण जागरूकता कार्यक्रम गत वर्ष से ही शुरू किया गया है। जिसके तहत करीब 6 महीना पहले प्रथम चरण में इन्हीं बच्चों एवं माता की स्वास्थ्य असर की जांच की गई थी एवं उनकी लंबाई, वजन एवं हीमोग्लोबिन के स्तर का विवरण लिया गया था।उसके बाद कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा इसी गांव में विशेष रूप से विभिन्न पोषण कार्यक्रमों को चलाया गया।

जिसके तहत पोषण वाटिका का निर्माण , मशरूम उत्पादन पोषण, शिक्षा पर प्रशिक्षण , विभिन्न सब्जियों और फलों के पौधा सामग्री का वितरण विभिन्न फसलों जैसे गेहूं और मसूर के बायो फोटीर्फाइड प्रभेदो का प्रत्यक्षण, वर्मी कंपोस्ट और जैविक खाद का पोषण वाटिका में उपयोग अच्छे पोषण के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री और बकरी पालन का प्रत्यक्षण एवं प्रशिक्षण इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों को चलाया गया । इस तरह से पोषण अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा कई कार्यक्रम किए गए और अब दूसरे चरण में उनका प्रभाव जानने के लिए यह दूसरी बार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। जबकि डॉक्टर शोभा रानी ने बताया की स्वस्थ मानव की अमूल्य निधि है बच्चे और माताएं। अगर स्वस्थ रहेंगे तभी उनका शारीरिक और मानसिक विकास अच्छे तरीके से हो सकेगा और एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। अतः इस कुपोषण के प्रति समाज में जागरूकता अति आवश्यक है और ग्रामीण परिवार सालों भर अपने घर के चारों ओर उपलब्ध जमीन में जैविक रूप से वर्मी कंपोस्ट का प्रयोग कर पोषण बगिया का निर्माण कर उत्पादित ताजे फल सब्जियों को अपने खाने में उपयोग करें । इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर रतन कुमार ने भी विभिन्न सब्जियों के पौधा सामग्री के उत्पादन एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए विभिन्न साग-सब्जियों के पोषण मान और उपयोग के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही डुमरांव कॉलेज के रावे प्रोग्राम के तहत आए हुए कृषि छात्राओं ने भी स्वास्थ्य एवं साफ सफाई के बारे में महिलाओं को जानकारी दी एवं कृषि शिक्षा के प्रति उन्हें जागरूक किया। डॉक्टर एम डी आलम ने स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत जानकारी का वर्णन किया। मौके पर समस्त कृषि कर्मी मौजूद थे।

# भाजपा ने लाभार्थी संपर्क प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकताओं का लाभार्थी संपर्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। अमरा तालाब स्थित पूर्व प्रखंड प्रमुख के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी के अध्यक्षता में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा दुर्गेश सिंह ने उपस्थित लाभार्थियों से संपर्क कर प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश पर लाभार्थियों के समक्ष विभिन्न विषयों पर जानकारी दी।

जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी अशोक साह ने कार्यशाला का संचालन करते हुए लोकसभा प्रभारी संजय पटेल, कैमूर जिला प्रभारी सुरेश शर्मा,जिलाध्यक्ष कैमूर मनोज जायसवाल, लोकसभा संयोजक छोटन सिंह, लोकसभा विस्तारक अमित टिकधारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख एवं प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री रामकुमारी देवी ने भाजपा संयोजक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं.दीनदयाल उपाध्याय व संत रविदास जयंती के अवसर पर संत रविदास के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। जहां सभा संबोधन में बताया कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के उद्घोष के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित कर राष्ट्रीय स्तर पर अपने जिला व मंडलों में कार्यशाला आयोजित कर विभिन्न योजनाओं से लाभ प्राप्त करनेवाले लाभार्थियों के पास प्रत्येक बूथ पर जाकर अपने बूथ स्तरीय कार्यकताओं के माध्यम से अपने यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी का प्रणाम निवेदित कर भारतीय जनता पार्टी द्वारा किये गये कार्यो और विकास को बता रही है। साथ ही सभी कार्यकर्ता लाभार्थी से संपर्क कर सरल ऐप के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर इन विषयों का रिपोर्ट फोटोज भी भेज रहे हैं। अवसर पर जिलाउपाध्यक्ष विवेक सिंह का कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। मौके पर जिलामहामंत्री विजय सिंह, ई.पुलकित सिंह, जयंत किशोर,श्रवण चौहान, राकेश पांडेय, डॉ.शिवनाथ चौधरी,सरिता सिंह, इंदु देवी,बंटी रॉय,छट्ठू गुप्ता,अंशु सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# द एमिटी स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन



नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा एनएच 319 पर स्थित द एमिटी स्कूल सोनवर्षा में दो दिवसीय "द एमिटी स्कूल इंटर हाउस एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2023-24 का समापन शनिवार को हुआ। इस क्रम में विद्यालय निदेशक अमरेंद्र राजेश ने बताया कि स्पोर्ट्स मीट के दूसरे शनिवार 24 फरवरी को फाइनल खेला गया।जिसमें गंगा हाउस ने पुरुष क्रिकेट,कबड्डी,यमुना हाउस बॉयज ने फुटबाल,सिंधु हाउस बॉयज ने वॉलीबाल तथा गोदावरी हाउस ने बैडमिंटन का गोल्ड मेडल जीता। वही गंगा हॉउस गर्ल्स ने क्रिकेट,यमुना हाउस गर्ल्स ने फुटबाल,सिंधु हॉउस गर्ल्स ने बैडमिंटन तथा गोदावरी हाउस गर्ल्स ने वॉलीबाल का गोल्ड मेडल जीता।वही कबड्डी बॉयज में यमुना हॉउस ने गोल्ड,गंगा हाउस ने सिल्वर तो सिंधु हॉउस ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। विद्यालय में क्रिकेट,फुटबॉल, वॉलीबाल,बैडमिंटन,कबड्डी,रनिंग,स्लो साइकलिंग रेस,सुडुको, कैरम, लूडो,चेस सहित अन्य खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। स्कूल के डायरेक्टर अमरेंद्र राजेश ने प्रतियोगिता आयोजन के पश्चात सभी विजयी हॉउस व खिलाड़ियों को गोल्ड,सिल्वर ब्रॉन्ज व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# शराब के खेप साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



नावानगर (बक्सर) थानाध्यक्ष नन्दु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अतिमि और तुराव खास ,गांव में छापेमारी कर शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार कारोबारी में एक भोजपुर जिला स्थित गड़हनी थाना के सुअरी गांव निवासी रमेश कुमार, जबकि दूसरा अतीम गांव निवासी गुड्डू कुमार बताया जाता है।

बताया जाता है कि दोनों शराब का आपूर्ति करते थें। जिसे गुप्त सूचना के आधार पर अतिमि गांव में देशी शराब के खेप के साथ छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान गुड्डू कुमार व रमेश कुमार को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया तलाशी के दौरान दोनों के पास से 30 लीटर देशी शराब बरामद किया गया पूछताछ में पता चला कि रूमेश, गुड्डू को शराब की सप्लाई करने भोजपुर से आया था। वहीं तुराव खास गांव में छापेमारी में मंगर मुशहर के घर से 10 लीटर शराब बरामद किया गया जबकि कारोबारी पुलिस को देखते ही भाग गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कारोबारी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# प्रखण्ड में घुमधाम से मनाई गई संत रविदास जी की जयंती



आरा। भोजपुर जिले के संदेश विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गोरैया घाट के सुरौधा कॉलोनी कोईलवर में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई। संत रविदास जी की जयंती समारोह में मुख्य अतिथि राम दिनेश यादव जी के द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर ओबीसी जिला अध्यक्ष ऋतुराज, कोईलवर नगर मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा,सुरेंद्र यादव, वीरेंद्र राम, पिंकू शेखर गुप्ता समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# बौद्ध भिक्षु परम पूज्य धाम छाया जी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी

प्रात : किरण संवाददाता



आराः कारीसाथ,बुद्धम शरणम संस्थानम ट्रस्ट के द्वारा बौद्ध भिक्षु परम पूज्य धाम छाया जी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।शोभा यात्रा बुद्ध आश्रम से चलकर गजराजगंज के स्वर्गीय परशुराम पांडे के घर जहां

परम पूज्य बौद्ध भिक्षु धम्म छाया जी के का महा निर्वाण हुआ था तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वापस बुद्ध विहार को वापस लौटी।शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली और आस पास गाव्रो के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस यात्रा में महिलाओं और स्काउट एण्ड गाईड के बच्चों ने बढं चढ कर हिस्सा लिया।ज्ञातव्य हो कि बौद्ध भिक्षु धम्म छाया के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम दो दिवसीय है जिसमे आज शोभायात्रा और दूसरे दिन प्रतिमा का विधिवत अनावरण,एकाडमीक कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम का है।

# भारतीय जनता पार्टी आरा नगर के द्वारा प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा । भारतीय जनता पार्टी, आरा विधानसभा द्वारा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित प्रबुद्ध नागरिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन होटल आरा ग्रांड सभागार में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत बिहार भाजपा के कई महत्वपूर्ण नेताओं के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं वन्दे मातरम् गाण से हुआ। आगत अतिथि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं बिहार के पूर्व मंत्री जीवेश कुमार को पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा, शाल एवं बुके देकर किया।

इसके पश्चात अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी के जन्म भूमि से मां जानकी की जन्म स्थली पर पधारे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का हार्दिक वंदन, अभिनन्दन है। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि अबकी बार 400 पार का जो नारा दिया है उसमें आरा संसदीय क्षेत्र का पहली पंक्ति में होगा। इस अवसर पर पधारे सभी बुद्धजीवियों एवं प्रदेश से पधारे नेताओं का चरण वंदन करता हूँ।मेरी इच्छा है कि बिहार भी उत्तर प्रदेश की तरह स्वच्छ वातावरण, भय मुक्त बिहार हो और भाजपा की सरकार हो। देश आज मोदी जी के मजबूत हाथों में सुरक्षित है और चहुंमुखी विकास हो रहा है।

सभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सिया राम का जाप करो विरोधियों को साफ करो। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी की युपी 80 की 80 और सीता मैया की धरती बिहार 40 को संकल्प के साथ एनडीए को देने के लिए संकल्पित हो।देश को मोदी जी जैसा एक ऐसा प्रधानमंत्री हमें मिला है जो सिर्फ जीत की ही बात नहीं करते हैं।बल्कि देश को 100 वर्ष आगे रखने के बारे में सोचते हैं।मौर्य ने कहा कि आगामी लोकसभा का चुनाव महज हम जीतने के लिए नहीं भारत को विश्व गुरु बनाने, विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, भ्रष्टाचार, माफिया गरीबी और भारत के लिए गलत निगाह रखने वाले को मिटाने के लिए देना है।इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों की जमात है जो अपने परिवारवादी व्यवस्था भष्ट्राचारी व्यवस्था बचाने को बचाने के लिए एकजुट हुए हैं। बिहार और युपी का सम्बन्ध वर्षो पुराना है। यह धरती माता सिया की है। यहाँ के लोग काफी मेहनती, संघर्षशील और जुझारू राष्ट्र भक्त है। बिहार आंदोलन की धरती रहा है, मैं अमर शहीद महान क्रांतिकारी बाबु वीर कुंवर सिंह को नमन करता हूँ।

कार्यक्रम में उपस्थित शजीवेश कुमार मिश्र, पूर्व मंत्री सह विधायक और कार्यक्रम संयोजक, अवधेश नारायण सिंह, पूर्व सभापति बिहार विधान परिषद सह विधान पार्षद, राघवेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सह विधायक बड़हरा विधानसभा, प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा, उदय प्रताप सिंह, बिहार प्रदेश के व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक आलोक कुमार अंजन उर्फ छोटे जी भोजपुर का लाल प्रदेश संयोजक, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, उपमेयर पुनम देवी, अशोक भट्ट, सह क्षेत्रीय प्रभारी, डॉ संदीप कुमार, जिला संयोजक, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ प्रेमरंजन चतुवेर्दी, नगर अध्यक्ष जीतू चौरसिया, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह को लव पाण्डेय, अजय सिंह मुन्ना कुशवाहा, मेयर प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष प्रेम पंकज ललन, उपमेयर प्रतिनिधि सरोज सिंह, गुड्डू पासवान, राजकुमार कुशवाहा, दिनेश सिंह, विजय सिंह, रौबिन कुशवाहा, प्रियांशु दीवान, अश्वनी कुशवाहा, अनुपमा सिंह, हैप्पी तिवारी, चंदन विश्वकर्मा, रितेश वर्मा, मुन्ना सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, उमाशंकर सिंह उर्फ मिठाई लाल, डॉ संतोष पाण्डेय, जिला उद्योग मंच के पंकज प्रभाकर, बिनोद जी, सत्यनारायण प्रसाद, सुरेश प्रसाद, रणधीर कुमार ने अंगवस्त्र, माँ आरण्य देवी एवं बाबू कुंवर सिंह का मेंमोंटो, बुके और माला देकर सम्मानित किया। युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष बलजीत सिंह एवं ग्रामीण अध्यक्ष सोनु सिंह के सम्पूर्ण टीम के द्वारा बड़ी माला से सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का संचालन सुशील कुमार मिश्र एवं जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

कार्यक्रम में सुदामा राय, पूर्व उपमेयर मालती सिंह, अरुण सिन्हा, डॉ दिनेश कुमार सिन्हा, आदित्य विजय जैन, सीता देवी, मनीष गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, सुबोध वर्मा, रानु चौरसिया, उमेश पटेल, नागेश्वर दुबे पीपी, मेजर राणाप्रताप सिंह, डॉ विजय गुप्ता, सरोज चन्द्रवंशी, गौतम श्रीवास्तव, मोनु सिंह, समेत सैकड़ों चिकित्सक, अधिवक्ता, शिक्षाविद, व्यवसायी शामिल हुए।

# विश्वविद्यालय और भोजपुरी का मान बढ़ा जे एन यू में

आरा : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भारतीय भाषा केंद्र, जे एन यू में भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद तथा मैथिलि भोजपुरी अकादमी, दिल्ली सरकार के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में भोजपुरी साहित्य - संस्कृति पर केंद्रित शोधपत्र भोजपुरी विभाग के शोधछात्र और मैथिलि भोजपुरी अकादमी, दिल्ली सरकार के सदस्य रवि प्रकाश सूरज ने प्रस्तुत किया। अपने शोधपत्र में उन्होंने भोजपुरी लोकगाथाओं के संकलनकर्ता चर्चित विद्वान डॉ अर्जुनदास केसरी द्वारा भोजपुरी लोकगाथाओं के संकलन संरक्षण में किये गये योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने अपना शोधपत्र भोजपुरी में ही प्रस्तुत किया। इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में नेपाल, श्रीलंका सहित कई देशों के विद्वान शामिल थे। खास बात यह रही कि संगोष्ठी में कई ऐसी मातृभाषाओं पर केंद्रीय शोध पत्र प्रस्तुत किये गये जिन्हें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। भोजपुरी छात्र संघ ने संगोष्ठी में शोधपत्र प्रस्तुति के लिए विभाग के शोधछात्रों रवि प्रकाश सूरज,तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के संयोजक जे एन यू के डॉ राजेश पासवान को बधाई दी है।

# उत्पाद विभाग ने ट्रैक्टर पर लदे 864 लीटर विदेशी शराब किया जब्त

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर जिले के ख़्वासपुर ओ.पी क्षेत्र के जानकी बाजार के मिडिल स्कूल के समीप एक ट्रैक्टर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। साथ ही 1 कारोबारी को गिरफ्तार भी किया है। वहीं पूरे मामले में मद्य निषेध विभाग के उपायुक्त रजनीश कुमार ने बताया कि होली में अवैध शराब की बिक्री को लेकर शराब कारोबारी द्वारा अवैध शराब की खेप को मंगवायी जा रही है। जिस पर मद्य निषेध विभाग की टीम की कड़ी निगरानी बनाई हुई है। इसी क्रम में गुप्त सूचना मिली कि ख़्वासपुर थाना क्षेत्र से अवैध शराब की बड़ी खेप लेकर एक ट्रैक्टर बिक्री के लिए जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन कर उक्त स्थान पर छापेमारी की गई जहां से एक ट्रैक्टर वैन पर 100 कार्टून अवैध शराब को जब्त किया है। 180 एम.एल का 480 पीस 8 पीएम विदेशी शराब जिसकी कुल मात्रा 864 लीटर है उसे मद्य निषेध विभाग की टीम ने पकड़ा है। बाजार में इसकी अनुमति मूल्य करीब 9.50 लाख रुपये बताई जाती है।

# विभिन्न प्रखंडों में मनाया गया रविदास जयंती

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 647 वां जयंती समारोह कार्यक्रम अम्बेड़कर कॉलोनी चंदवा मे आयोजित हुआ जिसका अध्यक्षता गोरख राम व संचालन सुशील कुमार ने किया।

वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा राजद भोजपुर के अध्यक्ष सह पूर्व जिप उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने शामिल होकर संत शिरोमणि गुरू रविदास जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा की गुरू रविदास जी का वक्तव्य था की मानव एक है उनसे समान व्यवहार, समृद्धि, आदर भरा वाणी ,ईमानदारी ही मुख्य मानव जीवन का लक्ष्य है।

वही श्री शैलेंद्र ने कहा की संत शिरोमणि का मन चंगा तो कठौती मे गंगा का मंत्र ही पुरे समुदाय को एकजुट करने व वास्तविक जीवन का मूल मंत्र रहा हम सब को उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। वही कार्यक्रम मे सम्मिलित लक्ष्मण प्रसाद,जगजीवन राम,हरेराम यादव,विनायक राम,सुनैना देवी,नंद कुमार राम,कुन्ती देवी,विश्वनाथ पासवान,कन्हैया प्रसाद,रामबाबू राम, पप्पू चौधरी सहित दर्जनों लोग ने संत शिरोमणि गुरू रविदास जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किए*।

# संत शिरोमणि रविदास जी का मनाई गई जयंती

आरा। कोईलवर प्रखंड का परमबीका पब्लिक स्कूल महादेव चौक सिमरिया में संत शिरोमणि रविदास जी का जयंती मनाई गई जिसकी अध्यक्षता समाजवादी चिंतक श्री सी,पी,चक्रवर्ती जी की मंच की संचालन मानव अधिकार कार्यकर्ता मंजू कुमारी जी की इस कार्यक्रम में लेखक सहित कर साथी साथ महिला पुरुष स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे संत श्रीमणि रविदास जी का चलचित्र पर मूल्य अर्पण किया और अपने विचारों को रखे गए कार्यक्रम का शुरूआत में परमबीका पब्लिक स्कूल के निर्देशिका श्रीमती मंजू देवी ने पढ़ाई के बारे में जीत के माध्यम से बताया कि हम पढ़ेंगे लिखेंगे तो डॉक्टर बन जाएंगे हम पढ़ेंगे लिखेंगे तो वैज्ञानिक बन जाएंगे साथ ही में मानव अधिकार कार्यकर्ता मंजू कुमारी ने बताया कि अपने घर में दो रोटी कम खाइए लेकिन बच्चों को स्कूल भेजना काफी जरूरी है इस कार्यक्रम में उपस्थित चंदा पंचायत का वर्तमान मुखिया शिव शंकर जी उपस्थित रहे चंदा पंचायत का सरपंच ब्रिज किशोर कुमार उपस्थित रहे शिक्षक महेंद्र प्रताप शर्मा वरिष्ठ नेता रजत का सी,पी,चक्रवर्ती जी उपस्थित रहे प्रोफेसर सियामती राय, बिंदी कुमारी, एवं अन्य लोग इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

# सनातन मंथन संखनाद कार्यक्रम का आयोजन

## देशभर से जुटे विद्वतजनों ने सनातन संस्कार यात्रा को बताया महत्वपूर्ण

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। सनातन धर्म के शाश्वत सूत्रों को हिंदुत्व ने अपने जीवन की शैली बना कर सूक्ष्म से सूक्ष्म आचरण में पिरोकर जन्म के आह्वान से मृत्यु तक क्रमबद्ध तरीके संस्कारों का निर्माण किया ताकि कोई भी जीवन परमसत्ता के अनुभव से वंचित ना रह सके। उक्त बातें कॉन्स्टीच्यूशन क्लब ऑफ इंडिया,नई दिल्ली में आयोजित सनातन मंथन शंखनाद कार्यक्रम में सनातन संस्कार यात्रा के संस्थापक कबीर जी महाराज ने कही। अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा की आज हिंदुत्व ही अपने अस्तित्व को खोज रहा है और इसका मूल कारण हिंदू परिवारों में से प्रक्रियाओं का समाप्त हो जाना है ये जो समय है बहुत दुर्लभ है जहां पर जन चेतना घर वापसी के प्रेरणा से परिपूर्ण है अगर उन संस्कार रूपी प्रक्रियाओं को हमें घर घर में पुनर्स्थापित कर दें, तो हमारा राम राज्य का सपना पूरा होने से कोई नहीं रोक सकता और हम एक महान हिंदू राष्ट्र की बुनियाद रख पाएँगे। सनातन संस्कार यात्रा के अंतर्गत आयोजित सनातन मंथन संखनाद कार्यक्रम का आयोजन कॉन्स्टीच्यूशन क्लब नई दिल्ली में आयोजित की गई। उक्त विषय मे कार्यक्रम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी प्रमुख राहुल कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है राम मंदिर हमारी प्रेरणा के सबसे बड़े प्रतीकों में से एक है, हमें अब बस हर घर में संस्कार रूपी प्रक्रियाओं को भी स्थापित करना है। इस बाबत अखंड भारत के शाश्वत संस्कारो के लिए एक संवाद कार्यक्रम कर सनातन संस्कार वृद्धि के लिए संखनाद किया गया है जल्द ही इसका विस्तारित रूप देखने को मिलेगा। सनातन संस्कार यात्रा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष उपाध्याय ने कहा आंदोलन का मुख्य उद्देश्य यह है की हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से बाहर कर भारत की सहकारिता आधारित सामाजिक संरचना का पुनर्जीवित होना। समाज के सभी वर्गो और विशेषकर वंचित वर्गो को शिक्षित कर मूल धारा में लाना और ढोंग एवं पाखंड के कारण जो त्रुटियाँ हुई हैं उनका वैज्ञानिक और वैदिक आधार पर खंडन कर पुनर्स्थापना। कार्यक्रम में देशभर से कई गणमान्य विद्वतजन मौजूद रहें।

# महावीर झंडा पर महिला पुरुषों का हुआ दंगल का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



कैमूर-भभुआ प्रखंड के बड़का किर गांव में महावीर झंडा के उपलक्ष में महिला पुरुष दंगल का आयोजन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने फीता काटकर उद्घाटन किया।दंगल की शुरूआत हुई। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि मीरिया पंचायत के बड़का कीर गाँव मे करीब सैकड़ो वर्ष पुरानी चली आ रही परंपरा है गांव में मंदिर के पास प्राचीन समय से ही कुश्ती का आयोजन होते आ रहा है साल में एक दिन बसंत पंचमी के बाद कुश्ती का आयोजन होता है। आयोजन में जहां अंतरराज्यीय पहलवानों में महिला और पुरुष की कुश्ती दोनों टीमों ने भाग लिया और बारी-बारी से कुश्ती लड़े। जिसमें पुरुष पहलवान में प्रमोद यादव ग्राम पहाड़िया ने अनुज कुमार ग्राम चकिया को हराया वही महिला पहलवानों में छपरा की रहने वाली रिंकू ने वाराणसी के रिया को हराया।जिला परिषद विकास सिंह के द्वारा खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता पुरस्कार के रूप में दिया गया।वही विकास सिंह ने कहां की युवा पीढीयों में कुश्ती के प्रति काफी कम रुचि देखने को मिल रहा है कुश्ती हमारे पूर्वजों की धरोहर रही है हमारे भारत में खेलों से एक है कुश्ती, युवा पीढ़ी कुश्ती में आगे आए कुश्ती से मन में चुस्ती और शरीर में फुर्ती सदैव बनी रहती है, कुश्ती के बदौलत शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं युवा वर्ग लगातार व्यायाम करने से बुढ़ापा भी बहुत देर से आती है। मौके पर जनता के संबोधन में कहा कि आप लोगों के हर आयोजनों में बढ़ चढ़कर शामिल रहूंगा जहां के गांव के कमेटी के लोग और ग्रामीण जनता ने जिला परिषद सदस्य विकास सिंह को फूल मालाओं से एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है।

# सिसौड़ा में 9 मार्च से शुरू हो रहा श्री हनुमद् यज्ञ, तैयारियां जोरों पर



रामगढ़ ।प्रखंड क्षेत्र के सिसौड़ा शिव मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री हनुमद् यज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कक्षा का आयोजन किया जा रहा है ।यज्ञ का शुभारंभ 9 मार्च (शनिवार) को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगी एवं 13 मार्च को हवन व भंडारे के साथ संपन्न होगी ।यज्ञ श्री श्री 1008 रामशरण दास उर्फ दुधाधारी त्यागी जी महाराज गंगा तट गाजीपुर के तत्वाधान में कराया जा रहा है ।जिसको लेकर यज्ञशाला बनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है ।संगीतमय श्री राम कथा का शुभारंभ 7 मार्च को अयोध्या धाम में वास करने वाले रामायणी हनुमान जी दास मानस राजहंस व बाल विदुषी क्षेत्रीय कथावाचिका शिखा तिवारी के मधुर मुखार बिंदु से की जाएगी ।इस संबंध में जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के सदस्य अरुण तिवारी, चंदन सिंह व मुन्ना यादव ने बताया कि विश्व के कल्याण के लिए श्री हनुमत यज्ञ चमत्कारी है ।हनुमान जी हर तरह के विकारों का हरण कर लेते हैं। सनातन धर्म में होने वाले यज्ञ का उद्देश्य विश्व के कल्याण के लिए होता है। यज्ञ के कारण यज्ञ स्थल और आसपास का वातावरण शुद्ध होता है और वहां विराजमान नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं ।गांव में सुख समृद्धि आती है ।उन्होंने बताया कि अयोध्या से आ रहे महाराज जी द्वारा 7 मार्च से सायंकाल में 5 बजे से 8 बजे तक कथा वाचन किया जायेगा तथा बाल विदुषी शिखा तिवारी द्वारा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक संगीतमय श्री कथा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया जायेगा ।एक पीढ़ी बीत जाने की लंबी अवधि के बाद गांव में हो रहे यज्ञ से ग्रामीण उत्साहित हैं और श्रद्धा लगन के भाव के साथ तन मन धन से यज्ञ की सफल आयोजन को लेकर जी जान से जुटे हुए हैं।

# संत शिरोमणि भगत रविदास की धूमधाम से मनाया गया जन्मोत्सव

सासाराम (रोहतास) संत शिरोमणि भगत रविदास की जन्मोत्सव समारोह सासाराम के ऐतिहासिक गुरुद्वारा चाचा फगुमल साहिब में मनाया गया। अवसर पर भव्य कीर्तन दरबार के साथ-साथ भगत रविदास के अनमोल अमृतमय वाणी जिसे पांचवें नानक श्री गुरु अर्जन देव प्रसाद ने शिरोमणि ग्रंथ और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के संपादन के समय भगत रविदास के वाणी का व्याख्यान किया गया। साथ ही उनके भावना से लोगों ने बताया कालांतर में विभत्सय सामाजिक व्यवस्था एवं उच्च नीच की भावना से जकड़ा यह समाज भगत रविदास जी के जीवन काल से लेकर उनसे जुड़ी तमाम स्मृतियों को तकरीबन मिटाने का काम किया वही गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल की गई। जो भगत जी की वाणी ने फिर से संसार को रोशनी देने का कार्य करते हुए एकजुट होने का संदेश दिया। मौके पर प्रधान सरदार सुचित सिंघ, मित प्रधान मनजीत सिंघ, जेनरल सेक्रेटरी सुमेर सिंघ, सेक्रेटरी हरगोविंद सिंघ, चरणजीत सिंघ, मोहित सिंघ,धर्मेंद्र सिंघ, कमलजीत सिंघ, गुरमुख सिंह, हजूरी रागी, विकास सिंघ, पंकज सिंघ, बहन हरप्रीत कौर, मनदीप ने भगत रविदास जी के गुरबाणी के साथ भजन कीर्तन किया।



# इमरान हाशमी ने अपने को-स्टार राजीव खंडेलवाल का कमजोर पक्ष बताया



अपकमिंग सीरीज शोटाइम में किरदार निभाने वाले एक्टर इमरान हाशमी ने शो में अपने को-स्टार राजीव खंडेलवाल के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने उनके कमजोर पक्ष के बारे में बताया। सीरीज शोटाइम में महिमा मकवाना, मौनी रॉय, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।अपने सह-अभिनेता के बारे में बात करते हुए कहा, राजीव ने वास्तव में सीरीज में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। वह इसमें एक नामी स्टार की भूमिका निभा रहे हैं, जिनकी फ्लॉप फिल्में भी 100 करोड़ प्लस जैसी होती हैं। उन्होंने अपने जीवन में काफी संघर्ष देखा और वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरे। उन्होंने कहा, राजीव खंडेलवाल ने इस भूमिका को अहंकार से भरे व्यक्ति की तरह निभाया, मगर ऑफ कैमरा उनका कमजोर पक्ष देखा जा सकता है। वह कैमरे के हटते ही लोगों से अलग चले जाते हैं।

# लाहौर 1947 में दमदार किरदार में नजर आएंगे अली फजल

गदर 2 के बाद अब फैंस सनी देओल को लाहौर 1947 में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसे आमिर खान के प्रोडक्शन तले बनाया जा रहा है तो भले ही कैमरे के सामने नहीं लेकिन कैमरे के पीछे रहकर भी आमिर, सनी के साथ काम कर रहे हैं। अब तक फिल्म में सनी के अलावा प्रीति जिंटा और अभिमन्यु सिंह के स्टार कास्ट होने की जानकारी थी। अब एक और नाम इस लिस्ट में जुड़ने की खबर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक अली फजल भी फिल्म का हिस्सा होंगे। वह फिल्म में महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगे। अली के बारे में तो सब जानते ही हैं कि वह कितने टैलेंटेड हैं। उन्होंने ना सिर्फ बॉलीवुड बल्कि हॉलीवुड में भी अपना नाम कमाया है। अली ने अपने करियर में कई किरदार निभाए, लेकिन मिर्जापुर सीजन 1 और 2 से उनका गुड्डू भैया और फुकरे 3 से जफर भाई के किरदार को काफी पसंद किया गया है। अब लाहौर 1947 से उनके जुड़ने की वजह से फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। फिल्म लाहौर 1947 की बात करें तो राजकुमार संतोषी इसे निर्देशित कर रहे हैं और आमिर खान अपने प्रोडक्शन हाउस के तले इसे प्रोड्यूस करेंगे। फिल्म में अभिमन्यु सिंह का नेगेटिव रोल होगा। कुछ दिनों पहले ही निर्देशक राजकुमार संतोषी ने ए आर रहमान और जावेद अख्तर के फिल्म से जुड़ने की अनाउंसमेंट भी की थी। इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए उन्होंने कहा था, यह रीयूनियन है की टैलेंटेड लोगों का।





# स्पाई यूनिवर्स की फिल्म में शाहरुख की शिष्या बनेंगी आलिया!

अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी फिल्म जिगरा को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया ने हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग पूरी की है। इसके अलावा वह आदित्य चोपड़ा के यश राज फिल्म्स वाइआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली फीमेल लीड स्पाई फिल्म में भी नजर आएंगी। फिल्म में वह शरवरी वाघ के साथ स्क्रीन साझा करती हुई दिखाई देंगी। इस जासूसी फिल्म के नाम की अब तक घोषणा नहीं हुई है। अब फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आ रहा है।

## पठान के साथ होगा आलिया की फिल्म का कनेक्शन

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स आलिया भट्ट की फिल्म का शाहरुख खान की पठान के साथ कनेक्शन लाने की कोशिश कर रहे हैं। स्पाई यूनिवर्स के लिए पठान अब तक की सबसे सफल फिल्म रही है। किंग खान की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है। जवान और एनिमल के बाद यह फिल्म भारतीय सिनेमा की तीसरी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म है।


## आलिया की फिल्म में कैमियो करेंगे शाहरुख!

ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह बताया जा रहा है कि फिल्म के लेखक फिलहाल इस पर काम कर रहे हैं। वह फिल्म में आलिया भट्ट को शाहरुख खान की शिष्या के रूप में दिखाना चाहते हैं। इसमें वह जेओसीआर (ज्वाइंट ऑपरेशन एंड कोवर्ट रिसर्च) की टीम का हिस्सा हैं। बताया जा रहा है कि आलिया और शरवरी की फिल्म में शाहरुख कैमियो की भूमिका में नजर आ सकते हैं। इसके अलावा शाहरुख के पठान को लेकर भी बीते दिनों खबर आई थी कि इस साल के आखिरी तक पठान 2 की शूटिंग पूरी हो जाएगी।

## स्पाई यूनिवर्स की आठवीं किस्त होगी ये फिल्म

आलिया और शरवरी की इस फिल्म की शूटिंग मई 2024 के आस-पास मुंबई में शुरू करेंगी। इस फिल्म की शूटिंग विदेश में भी होगी। फिल्म इस साल के अंत में प्री-प्रोडक्शन में चली जाएगी। यह आदित्य चोपड़ा के स्पाई यूनिवर्स की आठवीं फिल्म होगी। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर-3, वॉर-2 और टाइगर बनाम पठान के बाद ये फिल्म रिलीज होगी। वहीं आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जिगरा के अलावा संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ काम करने वाली हैं।

# फूड ब्लॉगर बनने की सोच रहे हैं कार्तिक



कार्तिक आर्यन बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहते हैं। हाल ही में कार्तिक ने कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इन फोटोज में अभिनेता दक्षिण भारतीय व्यंजनों का लुत्फ उठाते हुए दिख रहे हैं। इन फोटो में कार्तिक काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा - बैंगलोर में इन स्वादिष्ट और प्रतिष्ठित भोजनालयों को देखने के बाद सोच रहा हूं फूड ब्लॉगर बन जाऊं।

# फिल्म देवरा के लिए जान्हवी सीख रही हैं तेलुगु डायलॉग



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी साउथ डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म देवरा से जान्हवी कपूर तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं, जहां वे सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, फिल्म में सैफ अली खान मुख्य विलेन की भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। वहीं, अब फिल्म से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी सामने आई है। एक साक्षात्कार में जान्हवी ने खुलासा किया वे फिल्म के लिए तेलुगु डायलॉग सीख रही हैं। साक्षात्कार में जान्हवी ने कहा, मैं अपने कमरे में बैठकर अपने डायलॉग सीख रही हूं। जान्हवी ने आगे कहा कि मैं फिलहाल किसी और चीज के बारे में बात नहीं करना चाहती। मैं बस चाहती हूं कि मैं वो करूं जो मुझे करने की जरूरत है।

जान्हवी ने देवरा को लेकर कहा कि वे जूनियर एनटीआर के साथ अपनी पहली तेलुगु फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, हम अभी इसकी शूटिंग कर रहे हैं। अब बस कुछ गाने बचे हैं शूटिंग के लिए। गौरतलब है कि पहले यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होनी थी, लेकिन बाद में इसे 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। अब यह फिल्म 10 अक्टूबर को थिएटर में रिलीज होगी। गौरतलब है कि देवारा एक को कोराटला शिवा ने लिखा और निर्देशित किया है, जिसके निर्माता एनटीआर आर्ट्स और युवासुधा आर्ट्स हैं। इस फिल्म से अनिरुद्ध रविचंदर एक बार फिर तेलुगु सिनेमा में लौट रहे हैं। इससे पहले उन्होंने अग्निथावासी और नानी में गैंग लीडर की भूमिका निभाई थी। इस बीच चर्चा यह भी है कि जाह्नवी जूनियर एनटीआर के अलावा साउथ के दिग्गज अभिनेता राम चरण के साथ भी काम करने वाली हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जान्हवी बुच्ची बाबू सना की अगली फिल्म आरसी 16 में नजर आने वाली है।



# कंगना ने फिल्मी हस्तियों पर लगाया बड़ा आरोप

**अभिनेत्री कंगना रणौत अपनी अदाकारी के साथ-साथ अपने बातों को बेबाकी से रखने के लिए भी जानी जाती हैं। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक तस्वीर साझा की है। तस्वीर साझा कर अभिनेत्री ने आरोप लगाया कि लोकप्रिय फिल्मी हस्तियां व्हाट्सएप्प जैसे लोगों के संचार ऐप को हैक करने के लिए डार्क वेब का उपयोग करती हैं।**

## डार्क वेब पर भी हो कार्रवाई

कंगना ने हाल ही में अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया। पोस्ट में उन्होंने बताया कि कैसे फोन नंबरों के साथ-साथ लोगों के पंजीकृत नाम, जिनके तहत उन नंबरों को खरीदा गया है। उनको फोन कॉल करते समय सब स्क्रीन पर दिखेगा। उन्होंने सरकार के इस की सराहना की और लिखा, यह बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र को डार्क वेब के बारे में भी कुछ करना चाहिए।

## बॉलीवुड सितारों को लेकर कही यह बात

उन्होंने आगे कहा, बॉलीवुड की कई मशहूर सितारे इसकी आदी हो गई हैं, न केवल वहां से अवैध सामान ले रही है, बल्कि व्हाट्सएप और मेल जैसे सभी के संचार को भी हैक कर रही हैं। अगर वे उन पर कार्रवाई करेंगे, तो कई बड़े नाम उजागर होंगे। बता दें कि बीते दिनों अभिनेत्री ने अभिनेता अक्षय कुमार की पत्नी और अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना को आड़े हाथ लिया था। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ट्विंकल का एक वीडियो साझा कर ट्विंकल को खरी खोटी सुनाई थी। वीडियो में अभिनेत्री पुरुषों की तुलना पॉलीथीन बैग से करती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसे लेकर कंगना ने उन्हें नेपो किड कहा था।

## कंगना रणौत का वर्कफ्रंट

कंगना रणौत को आखिरी बार चंद्रमुखी 2 और तेजस में देखा गया था। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें, तो वे जल्द ही फिल्म इमरजेंसी में इंदिरा गांधी का किरदार निभाती नजर आएंगी। फिल्म में न केवल कंगना मुख्य भूमिका में हैं, बल्कि उन्होंने निर्देशन भी किया हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेत्री को विष्णु मांचू अभिनीत फिल्म कन्नप्पा के लिए भी चुना गया है। इसमें प्रभास भगवान शिव की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जबकि विष्णु मांचू उनके भक्त की भूमिका निभाएंगे।

# 'पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद फिल्म इंडस्ट्री में स्ट्रगल किया

**शाहिद कपूर की हालिया फिल्म तेरा बातों में ऐसा उलझा जिया को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। शाहिद पिछले 20 साल से अधिक समय से फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि दिग्गज एक्टर पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कोई फायदा नहीं हुआ।**

## शुरुआत में बतौर बैकग्राउंड डांसर काम किया

2003 में शाहिद ने फिल्म इश्क विश्क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। पहली फिल्म के पहले उन्होंने संघर्ष का लंबा सफर तय किया था। उन्होंने दिल तो पागल है और ताल जैसी फिल्मों में बतौर बैकग्राउंड डांसर काम किया था। हाल में नेहा धूपिया के चैट में शाहिद कपूर ने फिल्मी स्ट्रगल पर बात की। उन्होंने कहा कि पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद उन्हें आम स्ट्रगलर्स की तरह करियर की शुरुआत करनी पड़ी।

उनका कहना था, हर कोई कहता था पंकज कपूर का बेटा है। मगर, सच बात यही है कि साइड आर्टिस्ट एक्टर्स के पास कोई पावर नहीं होता है। सिर्फ सुपरस्टार और बड़े फिल्म डायरेक्टर्स-प्रोड्यूसर्स के पास पावर होता है। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि अधिकतर फिल्मों में पंकज कपूर को साइड रोल में देखा गया था। बातचीत में शाहिद ने कहा कि शुरुआत में उन्होंने कभी किसी को बताया ही नहीं था कि वो पंकज कपूर के बेटे हैं। पेरेंट्स के अलगाव के बाद वो अपनी मां के साथ रहते थे। पहली फिल्म साइन करने के बाद उन्होंने अपने पिता को इसके बारे में बताया था।

## पिता के दम पर कुछ हासिल नहीं करना चाहते हैं शाहिद

शाहिद का कहना है कि वो अपने पिता से बस जरूरी राय लेते हैं। वो उनके नाम पर इंडस्ट्री में कुछ हासिल नहीं करना चाहते थे। उनका मानना है कि वो उसी चीज के हकदार हैं, जो उन्होंने मेहनत से हासिल की है।

## फिल्मों में बाप-बेटे ने साथ काम किया है

बाप-बेटे की इस जोड़ी को फिल्मों में भी देखा गया है। शाहिद और पंकज कपूर ने पहली बार 2011 की फिल्म मौसम में एक साथ काम किया था। फिल्म का डायरेक्शन खुद पंकज ने किया था। जबकि शाहिद ने सोनम कपूर के साथ लीड रोल प्ले किया था। बाद में दोनों ने 2015 की फिल्म शानदार और 2022 की फिल्म जर्सी में साथ काम किया था।

शाहिद के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें हाल में फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था। फिल्म में उनके अपोजिट कृति सेनन नजर आई थीं। यह फिल्म 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की धीमी शुरुआत हुई लेकिन वर्ड ऑफ माउथ की बदौलत यह बॉक्स ऑफिस पर टिकी रहने में कामयाब रही। फिल्म ने भारत में अब तक 60.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया है और दुनिया भर में 106 करोड़ रुपए की कमाई की है।






## 4 महीने से सुस्त पड़े सरकारी कंपनी के शेयर बने रॉकेट, 75 प्रतिशत का फायदा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी बीमा कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के शेयरों की कीमतों में पिछले 4 महीने के दौरान तूफानी तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव इस दौरान 600 रुपये से 1066 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। यानी इस दौरान कंपनी ने पोजीशनल निवेशकों को 75 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। लेकिन सवाल उठ रहा है कि आखिर किस वजह से एलआईसी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। शेयर बाजार से जुड़े एक्सपर्ट्स का मानना है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के मजबूत प्रदर्शन की वजह से एलआईसी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। उनका मानना है कि एलआईसी के शेयर डिस्काउंट पर ट्रेड कर रहे थे जबकि क्ष्क्ष 2 के गुणांक पर था। एलआईसी के शेयरों में तेजी के पीछे के सवाल पर स्टॉक्सबॉक्स के रिसर्च एनालिस्ट श्रेयांस वी शाह कहते हैं, कंपनी के शेयरों में तेजी के पीछे की कई वजहें हैं। दिसंबर तिमाही में कंपनी के नेट प्रॉफिट में 49 प्रतिशत का इजाफा एक वजह है। इसके अलावा कंपनी को 21,741 करोड़ रुपये टैक्स रिफंड के तौर पर प्राप्त हुए हैं। इन सब वजहों ने एलआईसी के शेयरों में तेजी लाई है।

## टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन के शेयर ने लगातार 7 दिन तक दिया तगड़ा रिटर्न, अभी और बढ़ेगा भाव!

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में तेजी पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यह शेयर 2.28 प्रतिशत गिरकर 6814.05 रुपये पर बंद हुआ। इससे पहले लगातार सात दिन तक शेयर में तेजी रही। सात कारोबारी दिनों में इसमें 36.15 फीसदी की तेजी आई है। बता दें कि गुरुवार को शेयर 9.86 प्रतिशत उछलकर एक साल के उच्चतम स्तर 7,115 रुपये पर पहुंच गया था। इस शेयर ने पिछले एक साल में लगभग 250 प्रतिशत की तेजी के साथ मल्टीबैगर रिटर्न दिया है।

स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने टाटा इन्वेस्टमेंट की सिक्योरिटीज को लॉन्ग टर्म एएसएम (अतिरिक्त निगरानी उपाय) स्ट्रक्चर के तहत सूचीबद्ध किया है। निवेशकों के हित को ध्यान में रखकर शेयर को शॉर्ट या लॉन्ग टर्म एएसएम स्ट्रक्चर में डाला जाता है।




### कैसे रहे दिसंबर तिमाही के नतीजे

इस बीच, टाटा इन्वेस्टमेंट ने दिसंबर तिमाही के दौरान नेट प्रॉफिट में 54.19 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। इस तिमाही में प्रॉफिट 53.24 करोड़ रुपये है, जबकि एक साल पहले वित्त वर्ष में यह 34.53 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान परिचालन से राजस्व 37.66 करोड़ रुपये से 34.23 प्रतिशत बढ़कर 50.55 करोड़ रुपये हो गया।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

आनंद राठी शेयर्स और स्टॉक ब्रोकर्स के जिगर एस पटेल ने कहा, शेयर को समर्थन 6700 रुपये पर होगा और ब्रेकआउट 7000 रुपये पर होगा। यह शेयर 7200 रुपये तक बढ़ सकता है। एक महीने के लिए ट्रेडिंग रेंज 6,500 रुपये से 7,300 रुपये के बीच होगी। वहीं, टिप्स2ट्रेड्स के एआर रामचंद्रन ने कहा कि टाटा इन्वेस्टमेंट में तेजी है, लेकिन डेली चार्ट पर 7,663 रुपये पर अगले ब्रेकआउट के साथ बहुत अधिक खरीदारी है। डीआरएस फिनवेस्ट के संस्थापक रवि सिंह ने कहा कि डेली चार्ट पर स्टॉक मजबूत दिख रहा है। इस शेयर के 7,500 रुपये के टारगेट तक पहुंचने की क्षमता है। स्टॉप लॉस 6,500 रुपये पर रखें। टाटा संस द्वारा प्रवर्तित, टाटा इन्वेस्टमेंट भारतीय रिजर्व बैंक के साथ रजिस्टर्ड एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। पहले इसका नाम द इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया था। कंपनी मुख्य रूप से इक्विटी शेयरों और इक्विटी से संबंधित सिक्योरिटीज जैसे लॉन्ग टर्म निवेश में शामिल है। दिसंबर 2023 तक कंपनी में प्रमोटरों की 73.38 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## महिंद्रा मैनुलाइफ म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया मल्टी एसेट फंड, 5 मार्च तक मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले निवेशकों के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, महिंद्रा मैनुलाइफ म्यूचुअल फंड ने अलग-अलग एसेट क्लास (इक्विटी, डेट और गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ यूनिट्स) में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों के लिए मल्टी एसेट एलोकेशन फंड को लॉन्च किया है। यह एनएफओ 20 फरवरी को खुला है और पांच मार्च को बंद होगा। इसके बाद 15 मार्च, 2024 से निरंतर बिक्री और बायबैक के लिए फिर से खुल जाएगा।

बाजार की बदलती मोबिलिटी के आधार पर फंड मैनेजमेंट द्वारा एसेट अलोकेशन को नियमित रूप से री-बैलेंस किया जाएगा। अलग-अलग पोर्टफोलियो जिसका मकसद निश्चित आय की स्थिरता, इक्विटी की विकास क्षमता और निवेशकों को इंडेक्सेशन के लाभ के साथ लंबे समय में पूंजीगत लाभ कराधान (एलटीसीजी) का अवसर प्रदान करेगा।

क्या कहा कंपनी के सीईओ ने- महिंद्रा मैनुलाइफ इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट के एमडी और सीईओ एंथनी हेरेडिया ने कहा- हम अपने मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। यह एक ऐसा उत्पाद है जो हर निवेशक के पोर्टफोलियो में हो सकता है। बाजार हमेशा चुनौतियों के साथ-साथ अवसर भी पेश करेगा और सोच-समझकर एसेट्स क्लास के बीच किया गया अलग-अलग, जोखिम को नजरअंदाज किए बिना, अवसर का सर्वोत्तम लाभ उठाने के तरीकों में से एक है।

## थिंकिंग पिक्चर्स लिमिटेड की बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट के लिए मीटिंग

**मुंबई , एजेंसी।** वैश्विक मनोरंजन उद्योग में अग्रणी मुंबई आधारित कंपनी थिंकिंग पिक्चर्ज़ लिमिटेड (बीएसई कोड - 539310) बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट पर विचार कर रहा है। विनियामक अनुमोदन और शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन बोनस शेयरों और स्टॉक विभाजन पर विचार करने और मंजूरी देने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 1 मार्च 2024 को होने जा रही है। मौजूदा शेयरधारकों को फायदा देने के अलावा, बोनस और स्टॉक विभाजन से कंपनी के शेयर में लिक्विडिटी बढ़ेगी। कंपनी के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और शेयरधारकों को लाभ देने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, कंपनी 1 मार्च,2024 को होने वाली बोर्ड मीटिंग में कंपनी प्रति शेयर 3 रुपए तक का लाभांश देने पर भी विचार करेगी। 1 मार्च, 2024 को कंपनी का निदेशक मंडल मौजूदा शेयरधारकों को बोनस इश्यू के अनुपात के साथ-साथ कंपनी के इक्विटी शेयरों के 5 रुपए फेसवैल्यू रुपये के उप-विभाजन पर भी विचार करेगा, जो कि संबंधित नियामक अनुमोदन के अधीन है। इस संबंध में थिंकिंग पिक्चर्ज़ लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक श्री विमल कुमार लाहोटी ने कहा कि, कंपनी मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय परिवर्तन के शिखर पर खड़ी है।

## मैकडॉनल्ड्स के आउटलेट में नकली चीज

### महाराष्ट्र के अहमदनगर में स्थित मैकडॉनल्ड्स के आउटलेट पर हुई कार्रवाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी बर्गर चेन रेस्टोरेंट मैकडोनाल्ड्स पर महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने बड़ा एक्शन लिया है। महाराष्ट्र के अहमदनगर में स्थित मैकडॉनल्ड्स के आउटलेट पर ये कार्रवाई की गई है। इस आउटलेट में मैकडॉनल्ड्स के बर्गर में रियल चीज की जगह फेक चीज का इस्तेमाल होता पाया गया है। एफडीए ने इस मामले में कंपनी को फटकार लगाई है। एफडीए के निरीक्षण में पता चला कि प्रोडक्ट्स में जिस चीज को लिखा है वो इंग्रीडिएंट इस प्रोडक्ट में नही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस आउटलेट में चीज के नाम पर ग्राहकों से ठगी की जा रही थी। इसके अलावा नियमों का पालन नहीं करने के लिए मैकडॉनल्ड्स को दोषी ठहराया है। एफडीए ने अहमदनगर में मैकडॉनल्ड्स आउटलेट का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। आरोप है कि मैकडॉनल्ड्स ने सही जानकारी दिए बिना पनीर एनालॉग्स का इस्तेमाल किया, जिससे ग्राहक यह सोचकर गुमराह हुए कि वे असली पनीर खा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पनीर एनालॉग्स को पारंपरिक डेयरी पनीर के स्वाद और बनावट को दोहराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एफडीए का दावा है कि मैकडॉनल्ड्स खाद्य लेबल या इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड पर पनीर एनालॉग्स के उपयोग का खुलासा करने में असफल रहा है। इससे ग्राहकों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच सकता है। इस आउटलेट में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कहीं भी पनीर के एनालॉग्स का कोई उल्लेख नहीं मिला। चीज़ नगेट्स, चीज़ी डिप और चीज़बर्गर जैसी वस्तुओं को पनीर होने का संकेत दिए बिना इस तरह लेबल किया जा रहा था। फूड रेगुलेटर ने कहा कि कंपनी ने लोगों को गुमराह किया, इसलिए कार्रवाई की गई है।




## बजट बाद रॉकेट की तरह बढ़ा एनर्जी शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते एक फरवरी को अंतरिम बजट के बाद भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) के शेयरों में तूफानी तेजी आई थी। इस तेजी की बदौलत शेयर 6 फरवरी 2024 को 215 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। यह शेयर के अब तक का हाई लेवल भी है। हालांकि, इसके बाद से शेयर में गिरावट का दौर शुरू हुआ और अब अपने ऑल टाइम हाई से 26 फीसदी टूट चुका है।

### शुक्रवार को आई गिरावट

बीते शुक्रवार को इरेडा के शेयर में 5 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई पर इरेडा के शेयर 167.75 रुपये के पिछले बंद स्तर के मुकाबले 5 प्रतिशत गिरकर 159.40 रुपये पर आ गए। बता दें कि 29 नवंबर 2023 को आईपीओ की शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई थी और इस शेयर का 52 वीक लो 49.99 रुपये है।



### एक्सपर्ट की राय

ब्रोकरेज प्रभुदास लीलाधर शिजू कूथुपालक्कल ने कहा- स्टॉक ने डेली चार्ट पर 185 रुपये क्षेत्र के पास निचले स्तर पर ब्रेकआउट देखा है। हालांकि अब भी इसमें पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि एक बार 154 रुपये के स्तर पर रहने के बाद शेयर 185 रुपये के स्तर तक जा सकता है। टिप्स2ट्रेड्स के अभिजीत के मुताबिक इरेडा स्टॉक की कीमत डेली चार्ट पर 186 रुपये पर मजबूत प्रतिरोध के साथ मंदी की ओर है। यह शेयर 124 रुपये के स्तर तक लुढ़क सकता है।

### इरेडा के तिमाही नतीजे

इरेडा का नेट प्रॉफिट दिसंबर तिमाही में 67 प्रतिशत बढ़कर 335.54 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के लोन बुक में वृद्धि और नेट एनपीए में साल-दर-साल 2.03 प्रतिशत से 1.52 प्रतिशत की भारी कमी के कारण प्रॉफिट में उछाल आया। तीसरी तिमाही में परिचालन से राजस्व 44.21 प्रतिशत बढ़कर 1,253.20 करोड़ रुपये हो गया। पिछले साल की इसी तिमाही में यह 868.98 करोड़ रुपये था।

बता दें कि इरेडा के आईपीओ का प्राइस बैंड 460 शेयरों के लॉट साइज के साथ 30-32 रुपये प्रति शेयर था। आईपीओ 21 नवंबर से 23 नवंबर तक बोली के लिए खुला था। इसका स्टॉक बीएसई और एनएसई पर इश्यू प्राइस से 56.25 प्रतिशत प्रीमियम पर सूचीबद्ध किया गया था।

## ओला ईलेकट्रिक ने दाम में कटोती के बाद तीन दिन में 10,000 स्कूटर की ब्रिकी की

**मुंबई , एजेंसी।** ओला ईलेकट्रिक के पीछले सप्ताह अपने एस1 प्रो, एस1 एर और एस1 एक्स + स्कुटर्स के दाम में रू. 25,000 तक की कटोती करने के पश्चात उन की ब्रिकी में जबरदस्त बढोतरी होने की खबरे प्राप्त हो रही है ।

जानकार सूत्रो के मुताबिक अलग अलग मीडिया की खबरों के अनुसार, कंपनी ने सिर्फ तिन दिन में 10,000 स्कुटर्स की जबरदस्त ब्रिकी की है, जो उस की एवरेज दैनिक ब्रिकी में तीन गुना बढोतरी के बराबर है । बिक्री में यह उछाल ईस बात के संकेत माने जा सकते है की दाम में यह व्यूहात्मक कटोती ओला की ईलेकट्रिक व्हिकल्स की महत्त्वाकांक्षा में गेम चेन्जर बन सकती है ।

ओला ईलेकट्रिक ने पीएलआई स्कीम जैसे सरकारी प्रोत्साहनो का सही लाभ उठाया है और हरेक स्कुटर पर रू 15,000 - 20,000 तक की सबसिडी प्राप्त की है. उस के साथ में, कंपनी अपने मजबूत दाम स्ट्रकचर और वर्टिकली ईन्टिग्रेटेड टेकनोलाजी के साथ संयोजन के चलते ईन बचतों का लाभ सीधा ग्राहको को पहोंचा सकी है ।



भारत की टु व्हिलर बाजार महाकाय है और 2024 में उस का मूल्य 299.18 बिलियन अमरिकी डालर्स का माना गया है, जो और भी बढोतरी के लीए सज्ज है और 2029 तक वह बढ कर 347.41 बिलियन अमरिकी डालर्स तक का होने का अनुमान है. फिलहाल मोटरसाईकिल्स ईस बाजार में अपनी प्रैकटीकल उपयोगिता और किफायती होने की वजह से सर्वोपरि है, तो ईलेकट्रिक व्हिकल्स की प्रगति भी बिजली के तेजी से बढने के आसार है और सरकार के समर्थन एवं जलवायु मुद्दो की चिंताओ के चलते 2028 तक ईन की बिक्री सालाना चक्रव्रिद्धि आधार पर 10.39 प्रतिशत रहने की उम्मीद है ।

बिक्री की ईस बढोतरी में ओला ईलेकट्रिक सब से आगे है, ईवी क्षेत्रमां कंपनी का मार्केट शेयर 40 प्रतिशत है और ईस तरह से भारतीय मोबिलिटी के भविष्य को निखारने में कंपनी एक अहम प्लेयर बन सकती है । भारतीय ईवी बाजार में ओला ईलेकट्रिक का प्रथम पंक्ति का दरज्जा और दाम में ईस अडजस्टमेन्ट के पश्चात कंपनी का वर्चस्व मार्केट में और भी मजबूत बन सकता है । कंपनी अपनी पहोंच को और भी व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और अगले 9 महिने में अपनी निर्माण क्षमता बढाकर सालाना 20 लाख स्कुटर्स की करने की कंपनी की योजना है । ईस के उपरांत, और भी व्यापक ग्राहक समुदाय को आकर्षित करने हेतु कंपनी एस1 एक्स जैसे किफायती मोडल्स की प्रस्तुती कि दिशा में विशेष ध्यान दे रही है ।

## सेटर फॉर नॉलेज सॉवेरेनिटी (सीकेएस) और एसरी इंडिया ने एमएमजीईआईएस प्रोग्राम के पायलट चरण में प्रवेश किया

**बेंगलूरू, एजेंसी।** सेंटर फॉर नॉलेज सॉवेरेनिटी (सीकेएस) और एसरी इंडिया ने मास्टर मेंटर्स जियो-एनेब्लिंग इंडियन स्कॉलर्स (एमएमजीईआईएस) प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा की। इसरो के पूर्व चेयरपर्सन श्री ए.एस. किरण कुमार ने भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डाक्टर के.जे. रमेश, भारत के पूर्व महासर्वेक्षक लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कुमार, सीकेएस के सचिव श्री विनीत गोयनका और एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेन्द्र कुमार के साथ मीडिया को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम के पायलट चरण में देशभर से 1000 विद्यार्थी शामिल होंगे।

एमएमजीईआईएस एक ऑनलाइन प्रोग्राम है जिसका लक्ष्य जियोस्पैटियल सोच पैदा करना और आठवीं कक्षा से लेकर स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को अनुसंधान उन्मुखी बनाना है जो इस देश के भावी कार्यबल का हिस्सा बनेंगे। इस प्रोग्राम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में पांच लाख तक विद्यार्थियों को इस कार्य में लगाना है। वर्ष 2022 में भारत से 66,400 पेटेंट के आवेदन किए गए जिसमें 140 जियोस्पैटियल पेटेंट के आवेदन शामिल हैं। यह प्रोग्राम एक मजबूत आईपी रूपरेखा तैयार करने की दिशा में काम करेगा जिससे भारत के एक वैश्विक जियोस्पैटियल इन्नोवेशन हब बनने की दिशा में इसकी यात्रा में और अधिक पेटेंट के लिए आवेदन किया जा सके। इस प्रोग्राम को शुरू करने के साथ दोनों संगठनो ने भारत में जियोस्पैटियल क्षेत्र में बौद्धिक संपदा के सृजन में तेजी लाने के लिए विद्यार्थियों के बीच जियोस्पैटियल सोच को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धताओं को आकार दिया है।




एमएमजीईआईएस प्रोग्राम के लिए जमीनी कार्य करने की दिशा में कई गतिविधियां की गई हैं। कुछ उल्लेखनीय गतिविधियों में 11 दिसंबर, 2023 को दिल्ली में उद्योग जगत के लोगों के साथ एक गोलमेज चर्चा, 10 शहरों से 42 विद्यार्थियों को 13 दिसंबर, 2023 को बेंगलूरू में इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आइस्ट्रैक) केंद्र का भ्रमण कराना और 10 जनवरी, 2024 को दिल्ली में एमएमजीईआईएस वेबसाइट की लांचिंग शामिल है।

आवश्यक जमीनी कार्य पूरा होने के साथ एमएमजीईआईएस प्रोग्राम अब अपने पायलट चरण में प्रवेश कर रहा है। इस पायलट प्रोग्राम को शुरुआत में चुनिंदा स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रारंभ किया जाएगा और इस वर्ष जून से इसे व्यापक स्तर पर चलाने की योजना है। एमएमजीईआईएस की टीम विद्यार्थियों के लिए एक परिवर्तनकारी सीखने का अनुभव उपलब्ध कराने और उन्हें मौजूदा डिजिटल युग में अवसरों के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मीडिया को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष आयोग के सदस्य और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व चेयरमैन श्री ए.एस. किरण कुमार ने कहा, मानव प्रयासों के सभी पहलुओं को समाहित करते हुए तेजी से बढ़ रही जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी को समझने और उसका उपयोग करने के टूल्स और ज्ञान के साथ जिज्ञासू युवा भारतीय मस्तिष्क को समर्थ और सशक्त करना महत्वपूर्ण है।

## फटाफट लगेगा सोलर पैनल, इलेक्ट्रिक वाहनों को के लिए भी कनेक्शन, मोदी सरकार ने बदले नियम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सोलर पैनल के लिए नियम आसान बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन मिलेंगे। वहीं, इलेक्ट्रिक वाहन को चार्ज करने के लिए भी कनेक्शन देने को मंजूरी दी गई है। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले उपभोक्ताओं को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है।

## न्युवोको विस्टास ने पटना में अपना दूसरा रेडी-मिक्स प्लांट लॉन्च किया

**पटना, एजेंसी।** न्युवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट ग्रुप ने पटना-सेकंड के रूप में अपने दूसरे अत्याधुनिक रेडी-मिक्स कंक्रीट प्लांट (आरएमएक्स) के उद्घाटन के साथ अपने आरएमएक्स नेटवर्क का विस्तार किया है। रानीपुर मिल्की चक, बेगमपुर, बाईपास पर रणनीतिक रूप से स्थित, यह प्लांट पटना क्षेत्र में हाई क्वालिटी निर्माण सामग्री प्रदान करने के लिए न्युवोको की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

रणनीतिक रूप से पहले प्लांट से लगभग 24 किलोमीटर की दूरी पर स्थित, पटना-सेकंड न्युवोको के रीजनल तौर पर प्रमुख प्लांट के रूप में स्थित है। यह क्षेत्र में न्युवोको के




सीमेंट प्लांट तक तेजी से पहुंच प्रदान करके उन बाजारों की क्षमता का लाभ उठाने में मदद करेगा, जिनमें अभी तक पहुंच नहीं हुई थी। निकटवर्ती औद्योगिक, कमर्शियल और आवासीय विकास से इसकी निकटता समय पर हाई क्वालिटी वाले ठोस समाधान की गारंटी भी मिलती है।

श्री प्रशांत झा, चीफ, रेडी-मिक्स (आरएमएक्स) कंक्रीट और मॉडर्न बिल्डिंग मैटीरियल्स बिजनेस, न्युवोको विस्टास ने इस नए प्लांट के उद्घाटन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि ÷पटना--सेकंड प्लांट का शुभारंभ बिहार में कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए नए समाधान प्रदान करने के लिए न्युवोको के समर्पण को दर्शाता है। यह नया प्लांट न केवल क्षेत्र में हमारी उपस्थिति को मजबूत करेगी बल्कि हमें अपने ग्राहकों को अधिक कुशलता से सेवा देने में भी सक्षम बनाएगा। पटना-सेकंड प्लांट की क्षमता 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है और इसमें ट्विन शाफ्ट मिक्सर है जो सभी ग्रेड के कंक्रीट का उत्पादन करने में सक्षम है। इसमें एक्सकॉन के ब्रांडों के तहत वैल्यू एडेड प्रोडक्ट (वीएपी) शामिल हैं। इनमें न्युवोको मिक्स के साथ एक्सपर्ट कंक्रीट, कंक्रीटो विज़ुअलाइज़िंग सेल्फ-कॉम्पैक्टिंग स्मार्ट कंक्रीट, लाइट वेट कंक्रीट (स्ट्रक्चरल और नॉन-स्ट्रक्चरल ग्रेड्स), फाइबर एनरिच्ड कंक्रीट, हाई स्ट्रेंथ कंक्रीट, वाटर एंड क्रैक रजिस्टेंट कंक्रीट, फाउंडेशन एक्सपर्ट कंक्रीट- इकोड्यूर- ग्रीन कंक्रीट रेंज, आर्टिस्टी- डेकोरेटिव कंक्रीट फ्लोर्स और इंस्टामिक्स- उपयोग के लिए तैयार बैग्ड कंक्रीट शामिल हैं। पटना-सेकंड एक विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र की अलग अलग तरह की निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है, जिसमें हाजीपुर, मसौढ़ी, फतुआ, पानापुर, गया रोड पर संपत चौक और पटना के कई सारे उपनगर शामिल हैं। यह पूर्वी पटना में एनएच 22 और एनएच 31 के चौराहे पर स्थित है जो मध्य, पूर्वी और उत्तरी क्षेत्रों तक आसान पहुंच की सुविधा प्रदान करता है। इससे कंस्ट्रक्शन साइट्स तक पहुंचने का समय कम होता है और मार्केट रिस्पांस को भी बेहतर करता है।

न्युवोको वर्तमान में पटना--सेकंड सहित पूरे भारत में 58 रेडी-मिक्स कंक्रीट (आरएमएक्स) प्लांट संचालित करता है, जो अपने नेटवर्क को और मजबूत करता है, और निर्माण क्षेत्र के समग्र विकास में सहायता करता है।

## कर्नाटक के क्रिकेटर को फील्ड पर आया हार्ट अटैक, मौत

### तमिलनाडु से जीत का जश्न मना रहे थे 34 साल के होयसला, तभी हुआ हादसा




**बेंगलूर (एजेंसी)।** बेंगलुरु में आयोजित एजिस साउथ जोन टूर्नामेंट में कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर के होयसला का दिल का दौरा पड़ने से 34 साल की उम्र में निधन हो गया। यह घटना गुरुवार की है। दरअसल गुरुवार को एजिस साउथ जोन टूर्नामेंट के तहत बेंगलुरु के आरएसआई ग्राउंड पर तमिलनाड़ और कर्नाटक के बीच मैच खेला गया। इस मैच को कर्नाटक की टीम ने जीत लिया। उसके बाद जब कर्नाटक के खिलाड़ी मैदान पर जीत का जश्न मना रहे थे, तो होयसला अचानक सीने में तेज दर्द की वजह से मैदान पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। ऑन-साइट डॉक्टरों द्वारा तत्काल आपातकालीन उपचार किया गया, लेकिन होयसला के शरीर ने रिएक्ट करना बंद कर दिया था।कर्नाटक के क्रिकेटर के होयसला अचानक सीने में तेज दर्द की वजह से मैदान पर ही बेहोश होकर गिर पड़े

**डॉक्टरों ने मृत घोषित किया** – उसके बाद, उन्हें आगे के इलाज के लिए एंबुलेंस से बॉरिंग अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने होयसला को मृत घोषित कर दिया। वह डॉक्टरों ने मृत्यु का कारण हार्ट अटैक को बताया। होयसला के आकस्मिक निधन की खबर से दोनों टीमों के खिलाड़ियों में शोक की लहर दौड़ गई।

## 2036–ओलिंपिक में एथलेटिक्स से सबसे ज्यादा मेडल जीतेगा भारत

### एएफआई प्रेसिडेंट बोले– टैलेंट सर्च के बाद फॉरेन कोच से ट्रेनिंग; 200 सेंटर बनाएंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआई) के प्रेसिडेंट आदिले सुमरिवाला ने कहा कि 2036-ओलिंपिक गेम्स में भारत सबसे ज्यादा मेडल एथलेटिक्स से जीतेगा। उन्होंने कहा कि भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी कर रहा है और हमारी तैयारियां भी जोरों पर हैं।

अगस्त-2023 में वर्ल्ड एथलेटिक्स के वाइस प्रेसिडेंट बनाए गा सुमरिवाला ने कहा- पेरिस ओलिंपिक के बाद देश में 200 सेंटर्स पर ट्रेनिंग दी जाएगी। हम नेशनल कैंप को डिसेंट्रलाइज्ड करेंगे। हमने कुछ इवेंट शॉर्टलिस्ट किए हैं और उन इवेंट्स के लिए विदेशी कोच भी नियुक्त कर दी है।

# रांची टेस्ट के दूसरे दिन भारत पहली पारी में 219/7

**रांची (एजेंसी)।** रांची टेस्ट में दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 219 रन बना लिए। ध्रुव जुरेल 30 और कुलदीप यादव 17 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत की तरफ से यशस्वी जायसवाल ने (73) अर्धशतक लगाया। इंग्लैंड की तरफ से स्पिनर शोएब बशीर सबसे ज्यादा चार विकेट ले चुके हैं। दिन पहले सेशन में इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट शतक (122*) बनाकर नॉटआउट रहे। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा 4 विकेट रवींद्र जडेजा ने लिए।टीम इंडिया फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है।



**यशस्वी के इस सीरीज में 600 रन पूरे** – टीम इंडिया के ओपनर यशस्वी जायसवाल के इस सीरीज में 600 पूरे हो गए हैं। उन्होंने चौथे मैच में भारत की पहली इनिंग में शोएब बशीर के बॉल पर सिंगल लेकर अपने 600 पूरे किए।

**गिल-यशस्वी के बीच 82 रन की साझेदारी** – रोहित शर्मा के आउट होने के बाद शुभमन गिल ने यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर भारत की पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट लिए 82 रन की साझेदारी हुई। यह पार्टनरशिप गिल के विकेट के साथ टूटी। गिल इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर की बॉल पर आउट हुए। गिल ने 38 रन की पारी खेली।

**इंग्लैंड पहली इनिंग में 353 रन पर ऑलआउट** – रांची में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। इंग्लैंड टीम चौथे मैच के दूसरे दिन के पहले सेशन में 353 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट शतक (122) लगाकर नाबाद रहे। यह उनके टेस्ट करियर का 31वां शतक है। वहीं भारत की तरफ से पहली पारी में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा टॉप विकेटटेकर रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए। उनके अलावा डेब्यू मैच खेल रहे आकाश दीप को तीन सफलताएं मिली। मोहम्मद सिराज को 2 सफलताएं मिलीं। एक विकेट रविचंद्रन अश्विन को भी मिला। इंग्लैंड ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 7 विकेट पर 302 रन बनाए थे।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**इंग्लैंड** – बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, ओली रॉबिनसन, जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर।

# बिना हाथ बैटिंग करने वाले आमिर से मिले सचिन तेंदुलकर

### एक महीने पहले किया वादा निभाया, बैट पर लिखा- आमिर, द रियल हीरो

**कश्मीर (एजेंसी)।** पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपने कश्मीर टूर के कारण चर्चा में हैं। वहां तेंदुलकर बिना हाथ बल्लेबाजी करने वाले दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन से मिलने उसके घर पहुंचे। तेंदुलकर ने आमिर से घर वालों से बातचीत की और उनकी सफलता की कहानी जानी।

आमिर वही क्रिकेटर हैं, जो पैर से गेंदबाजी करते हैं और गर्दन और कंधे के बीच बैट फंसाकर बल्लेबाजी करते हैं। पिछले महीने आमिर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे देखकर सचिन ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी और आमिर से मिलने का वादा किया था।

अब तेंदुलकर ने वह वादा निभाया दिया है। सचिन ने आमिर के बैट पर ऑटोग्राफ दिया और लिखा- आमिर, यू आर रियल हीरो। ऐसे ही इंस्पायर करते रहो।सचिन पिछले हफ्ते पत्नी अंजली के साथ आगरा का ताज महल देखने पहुंचे थे।



**क्यों चर्चा में आए आमिर हुसैन** – बिजबेहरा (जम्मू-कश्मीर) के वाघामा गांव के 34 वर्षीय दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, इसमें वे बिना हाथों के भी अपने कंधे और गर्दन के सहारे बल्लेबाजी करते दिख रहे थे। इतना ही नहीं, आमिर पैरों से गेंदबाजी कर रहे थे। उन्होंने बचपन में अपने दोनों हाथ खो दिए थे, लेकिन अपना हौसला नहीं खोया। तेंदुलकर ने भी उस वीडियो को रिपोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था कि आमिर ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। मैं इसे देखकर बहुत प्रभावित हुआ हूं। इससे पता चलता है कि उनके मन में खेल के प्रति कितना प्यार और समर्पण है। उम्मीद है कि मैं एक दिन उनसे मिलूंगा और उनके नाम की जर्सी खरीदूंगा। खेल खेलने के शौकीन लाखों लोगों को प्रेरित करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**पिछले हफ्ते कश्मीर गए थे तेंदुलकर** – सचिन तेंदुलकर पिछले हफ्ते कश्मीर गए थे। जहां वे कश्मीरी विलो बैट की फैक्ट्री पहुंचे और बैट बनाने की प्रोसेस जानी। वहां सचिन ने गली क्रिकेट भी खेला। इस दौरान उनके वीडियो और फोटोज खूब पसंद किए गए

## विश्व कप से पहले न्यूजीलैंड से टी20 सीरीज खेलेगा पाकिस्तान, विदेशी कोच रखने का फैसला

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस साल जून में होने वाले विश्व कप की तैयारी के सिलसिले में न्यूजीलैंड के खिलाफ अप्रैल में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेल सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ इस श्रृंखला की तिथियों और स्थान को लेकर चर्चा चल रही है। इस श्रृंखला का आयोजन 13 से 24 अप्रैल के बीच लाहौर और रावलपिंडी में किया जा सकता है क्योंकि इसी दौरान पाकिस्तान कराची में वेस्टइंडीज की महिला टीम की मेजबानी करेगा। पाकिस्तान ने पिछले महीने न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैच की टी20 श्रृंखला खेली थी। न्यूजीलैंड ने इस श्रृंखला में 4-1 से जीत दर्ज की थी। टी20 विश्व कप का आयोजन इस साल जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में किया जाएगा।



वहीं, पीसीबी के नवनियुक्त अध्यक्ष मोहसिन नकवी अमेरिका और वेस्टइंडीज में इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम के लिए विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ रखने पर विचार कर रहे हैं। पीसीबी के सूत्रों ने कहा कि बोर्ड के नए अध्यक्ष मोहसिन नकवी पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध विकल्पों पर विचार कर रहे हैं तथा वह विदेशी कोच और सहयोगी स्टाफ रखने के इच्छुक हैं।

उन्होंने कहा कि नकवी पहले ही चयन समिति के अध्यक्ष वहाब रियाज को उपलब्ध विकल्पों से बातचीत करने के लिए कह चुके हैं क्योंकि वह जानते हैं कि वनडे विश्व कप में असफलता के बाद जिस तरह से मिकी आर्थर, ग्रांट ब्रैडबर्न और एंड्रयू पुटिक को बाहर किया गया उसे देखते हुए विदेशी कोच पाकिस्तान की टीम से जुड़ने से कतरा सकते हैं। अनुभवी प्रशासक नकवी को इस महीने की शुरुआत में तीन साल के कार्यकाल के लिए पीसीबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

# तीसरे टी-20 से हटे डेविड कॉन्वे और वॉर्नर

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी–20 में कॉन्वे को लगी थी चोट, वॉर्नर भी चोटिल





**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई टीम के ओपनर डेविड वॉर्नर और न्यूजीलैंड के विकेट कीपर बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे तीसरे टी-20 मैच से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम न्यूजीलैंड दौरे पर है। कंगारू और कीवी टीम के बीच रविवार को ऑकलैंड में तीसरा टी-20 मुकाबला खेला जाना है। वॉर्नर की जगह स्टीव स्मिथ को तीसरे टी-20 में भी प्लेइंग इलेवन में मौका मिलना तय है। वहीं कॉन्वे की जगह न्यूजीलैंड की टीम ने टिम सिफर्ट को शामिल किया है।

**वॉर्नर के आईपीएल तक फिट होने की उम्मीद** – क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक वॉर्नर इंजरी की वजह से तीसरे मुकाबले से बाहर हैं। वॉर्नर को रिकवरी में कुछ समय लगेगा। हालांकि, इससे आईपीएल या उसके बाद आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में उनकी मौजूदगी प्रभावित नहीं होगी।

**दूसरे मैच से भी बाहर थे वॉर्नर** – वॉर्नर ऑकलैंड में शुक्रवार को खेले गए मैच से भी बाहर थे। हालांकि, उन्हें रोटेशन की वजह से भी उनका दूसरे टी-20 में खेलना तय नहीं था। उन्हें पहले टी-20 मैच में चोट लग गई थी। वॉर्नर ने पहले मुकाबले में 20 गेंदों में 32 रन बनाए थे।

**डॉन्वे को दूसरे मैच में कीपिंग के दौरान अंगूठे में लगी थी चोट** – विकेटकीपर-बल्लेबाज डेवोन कॉन्वे को शुक्रवार (23 फरवरी) को दूसरे गेम में कीपिंग करते समय अंगूठे में चोट लग गई और वह बाद में टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए बैटिंग भी नहीं कर सके। वह अब वेलिंगटन स्थित अपने घर लौटेंगे और चोट की गंभीरता का पता लगाने के विशेषज्ञ से मिलेंगे।

**ऑस्ट्रेलिया कुछ प्लेयर्स को तीसरे टी–20 से दे सकता है आराम** – ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे टी-20 में कुछ प्लेयर्स को आराम दे सकता है, उनकी जगह पर बेंच पर बैठे खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है। मैट शॉर्ट को तीसरे टी-20 में प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है। शॉर्ट को पहले टी-20 में प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी थी। ऐसे में उन्हें रविवार को दूसरा मौका मिल सकता है। वहीं मिचेल मार्श, पैट कमिसं और जोश हेजलवुड को आराम दिया जा सकता है।

मिचेल मार्श की जगह आखिरी टी-20 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान मैथ्यू वेड संभाल सकते हैं। वहीं कमिंस और हेजलवुड की जगह मिचेल स्टार्क और स्पेंसर जॉनसन को मौका मिल सकता है।

# सचिन तेंदुलकर ने खेली थी आज से ठीक 14 साल पहले करिश्माई पारी, खूब लगाए थे चौके-छक्के

**मुंबई (एजेंसी)।** क्रिकेट के गवान कहें जाने वाले सचिन तेंदुलकर ने कई बड़े रिकार्ड बनाकर अपने फैंस का दिल जीता है। उसी तरह आज का दिन यानि 24 फरवरी का दिन सचिन की जिंदगी और उनके क्रिकेट करियर में काफी महत्व रहता हैं। 24 फरवरी 2010 को ग्वालियर के कैप्टेन रूप सिंह स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हुए इस मैच में सचिन तेंदुलकर ने 147 गेंदों का सामना किया और 25 चौके और तीन छक्के लगाए। इसके साथ ही उन्होंने लगभग 13 साल पुराने वनडे के सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ डाला।

**सचिन तेंदुलकर के वनडे में 200 रन** – इस दिन सचिन ने वनडे क्रिकेट में दोहरे शतक लगया था। मास्?टर ब्?लास्?टर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे में 200* की पारी खेली थी। उनसे पहले इंटरनेशनल क्रिकेट में किसी बल्?लेबाज ने वनडे में 200 रन के जादुई आंकड़े को नहीं छुआ था। ऐसा कमाल करने वाले सचिन पहले बल्लेबाज थे। भारत के रोहित शर्मा सर्वाधिक 3 बार यह रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं।




### वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगा चुके हैं खिलाड़ी

सचिन तेंदुलकर- (200*) 24 फरवरी 2010 दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ
वीरेंद्र सहवाग- (219) 8 दिसंबर 2011 वेस्?टइंडीज के खिलाफ
रोहित शर्मा- (209) 2 नवंबर 2013 आस्ट्रेलिया के खिलाफ
रोहित शर्मा- (264) 14 नवंबर 2014 श्रीलंका के खिलाफ
रोहित शर्मा- (208*) 13 दिसंबर 2017 श्रीलंका के खिलाफ
क्रिस गेल- (215) 24 फरवरी 2015 जिम्बाम्बे के खिलाफ
मार्टिन गप्टिल- (237*) 22 मार्च 2015 वेस्?टइंडीज के खिलाफ
फखर जमान- (210*) 20 जुलाई 2018, जिम्बाम्बे के खिलाफ
ईशान किशन - (210) 10 दिसंबर 2022, बांग्लादेश के खिलाफ
शुभमन गिल - (208) 18 जनवरी 2023, न्यूजीलैंड के खिलाफ
ग्लेन मैक्सवेल - (201*) 7 नवंबर 2023 साऊथ अफ्रीका के खिलाफ
पाथुम निसांका - (210*) 9 फरवरी, 2024 अफगानिस्तान के खिलाफ

बता दें कि मूल रूप से दिल्ली के रहने वाले सचिन अपनी साहसी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे। उनको कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सा गेंदबाज सामने है। सचिन हमेशा मैच की स्थिति के हिसाब से बल्लेबाजी करना पसंद करते थे। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 463 वनडे मैचों में 44.83 की औसत से 18426 रन बनाए हैं, जिसमें 96 अर्धशतक और 49 शतक दर्ज हैं।

# सरफराज के भाई मुशीर खान ने रणजी ट्रॉफी में ठोका नाबाद दोहरा शतक, मुंबई 384

**मुंबई (एजेंसी)।** अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप 2024 में दो शतक लगाकर चर्चा में आए मुशीर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में भी शानदार आगाज किया है। मुंबई की ओर से बड़ौदा के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेल रहे मुशीर ने ऐसे समय टीम का साथ दिया जब स्कोर 99 रन पर 4 विकेट था। इंगलैंड टेस्ट सीरीज में डैब्यू कर दोनों पारियों में अर्धशतक जमाने वाले सरफराज खान के बाद मुशीर ने मुंबई के मैदान पर 357 गेंदों पर 18 चौकों की मदद से 203 रन बनाए और मुंबई का स्कोर 384 पर ला खड़ा किया।



इससे पहले पार्थिव पटेल और भूपेन ललवानी ने मुंबई को सधी हुई शुरूआत दी थी। रणजी में वापसी पर शतक लगाने वाले पृथ्वी इस बाद 46 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 33 रन बनाकर आऊट हो गए। वहीं, मध्यक्रम में कप्तान अजिंक्य रहाणे 3, शम्स मुलानी 6 तो सूर्यांश शेडगे 20 रन बनाने में सफल रहे। विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तोमर ने 248 गेंदों पर 57 रन बनाकर मुशीर का साथ दिया। शार्दुल ठाकुर ने 17 रनों का योगदान दिया। बड़ौदा की ओर से भार्गव बट सबको प्रभावित करने में सफल रहे। अपनी गेंदबाजी से उन्होंने मुंबई के गेंदबाजों को खूब परेशान किया। उन्होंने सबसे ज्यादा ओवर फेंके और 112 रन देकर 7 विकेट भी लिए। उनके साथ निनाद राठवा भी प्रभावित करने में सफल रहे। निनाद ने 38 ओवर में 86 रन देकर 3 विकेट लीं। बड़ौदा के लुकमन मेरीवाला, राज लिम्बानी, महेंश और मोलिया विकेट नहीं ले सके।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**मुंबई** – पृथ्वी शॉ, भूपेन लालवानी, हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सूर्यांश शेडगे, शम्स मुलानी, मुशीर खान, शार्दुल ठाकुर, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, तुषार देशपांडे

**बड़ौदा** – ज्योत्सनील सिंह, शाश्वत रावत, विष्णु सोलंकी (कप्तान), शिवालिक शर्मा, मितेश पटेल (विकेटकीपर), महेश पिठिया, प्रियांशु मोलिया, भार्गव भट्ट, लुकमान मेरिवाला, निनाद राठवा, राज लिम्बानी

महिला प्रीमियर लीग 2024

# साजना पर बोलीं हरमनप्रीत कौर - वो तो प्रैक्टिस मुकाबले में भी लंबे छक्के लगाती है

**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस की रोमांचक जीत के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर खुश दिखीं। 55 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच बनी हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा कि आज यह जहां पर खत्म हुआ उससे हम खुश हैं। हमने जिस तरह से खेला उससे वास्तव में खुश हूं। मैं अपने बल्लेबाजी कोच हिमांशु भैया को श्रेय देना पसंद करूंगी। उस ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद, मैं आश्वस्त नहीं थी। उन्होंने मुझे कड़ी प्रैक्टिस कराई और मुझे नई ऊर्जा दी। मैं घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहा था, मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था। मानसिक रूप से उस ब्रेक से मुझे मदद मिली। बल्लेबाजी करते समय विकेट ठीक दिख रहा था, हमने सोचा कि अगर हम खेल को गहराई तक ले जाएं तो हम जीत सकते हैं।

वहीं, सजना पर उन्होंने कहा कि वह तो अभ्यास सत्र के दौरान भी छक्के लगा रही थी और उसने आज रात हमें दिखाया। हम पहली 3 गेंदों में खेल खत्म करना चाह रहे थे लेकिन हम जानते हैं कि हमारी बल्लेबाजी में गहराई है, सजना की वजह से मैं यहां खड़ी




हूं। पहले या दूसरे स्थान पर बल्लेबाजी करना मायने नहीं रखता, केवल परिस्थितियां मायने रखती हैं और उसी के अनुसार हम बदलाव करते हैं।

मुकाबले की बात करें तो मुंबई ने संजना के आखिरी गेंद पर छक्के की मदद से दिल्ली को 4 विकेट से हरा दिया। इससे पहले मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। दिल्ली ने पहले खेलते हुए एलिसा कैप्सी के 75 रनों की बदौलत मुंबई को 171 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी मुंबई की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 55 रन बनाए लेकिन आखिरी ओवर की आखिरी गेंद पर साजना छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला ले गई।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**दिल्ली कैपिटल्स महिला** – शैफाली वर्मा, मेग लैनिंग (कप्तान), एलिस कैप्सी, जेमिमाह रोड्रिग्स, मारिजैन कैप, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, मिन्नू मणि, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), राधा यादव, शिखा पांडे।

**मुंबई इंडियंस महिला** – हेले मैथ्यूज, नैट साइवर-ब्रंट, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), अमेलिया केर, अमनजोत कौर, एस सजना, पूजा वस्त्राकर, शबनिम इस्माइल, कीर्तन बालाकृष्णन, सैका इशाक।

# यूट्यूब वीडियो देख चुराईं 500 से ज्यादा कारें, गाजियाबाद में 4 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऑन डिमांड लग्जरी गाड़ियां चोरी करने वाले एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर गैंग के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग के सभी सदस्य अनपढ़ या फिर कम पढ़े-लिखे हैं। इन्होंने यूट्यूब की मदद से कार चुराना सीखा था और तक 500 से अधिक गाड़ियां चोरी कर बेच चुके हैं। इनका नेटवर्क गुजरात, संभल, मुरादाबाद समेत आसपास के इलाकों में फैला है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की चार कारें बरामद की हैं।

एसीपी अपराध अजीत कुमार रजक ने बताया कि पकड़े गए बदमाश बुलंदशहर के ककौड़ निवासी ताज मोहम्मद उर्फ ताजू उर्फ चवन्नी, काशिफ, दिल्ली के उस्मानपुर निवासी गुड्डू और मुरादाबाद के मुगलपुरा निवासी मतीन हैं। ताज मोहम्मद हाल में दिल्ली के संगम विहार, मतीन मुरादाबाद के रामपुर दौराहा और काशिफ हापुड़ के धौलाना में रह रहा था।



एसीपी के अनुसार, पूछताछ में ताज ने बताया कि वह पांचवीं पास है। पहले वह ऑटो चलाता था। 2012 में उसकी मुलाकात रौनक अली से हुई तो वह उसके साथ मिलकर गाड़ियां चोरी करने लगा। इसमें उन्हें मोटा मुनाफा हो रहा था। वाहन चोरी के मामले में वह कई बार रौनक, रिंकू उर्फ नूर मोहम्मद, हाकिम के साथ जेल भी जा चुका है। सभी मिलकर करीब 500 गाड़ियां चोरी कर चुके हैं। जेल से बाहर आने के बाद उसने गुड्डू, मतीन, काशिफ और अरकान के साथ मिलकर अलग गिरोह बना लिया और वाहन चुराने लगे। यह लोग चोरी की गाड़ियां संभल के आमिर और गुजरात के वड़ोदरा के आसिफ को सप्लाई करते थे। गुड्डू ने बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता था और ताज के संपर्क में आकर वाहन चुराने लगा। वह संभल व गुजरात में कार सप्लाई करने में मदद करता है। वहीं, मतीन ने बताया वह मुरादाबाद में पीतल के बर्तन बनाने का काम करता था। उसने अपने सौतेले भाई अरकान और पिता फुरकान के साथ मिलकर वाहन चोरी करना शुरू किया। काशिफ ने बताया कि ताज मोहम्मद उसके चाचा थे। पिता ने उन्हें छोड़ दिया था तो उसकी मां ने ताज मोहम्मद से निकाह कर लिया। इसके बाद उसने ताज के साथ मिलकर वाहन चोरी करना शुरू कर दिया।

एसीपी ने बताया कि आरोपी तीन से पांच मिनट में कार का लॉक तोड़कर सॉफ्टवेयर के जरिये स्टार्ट कर भाग जाते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### असम कांग्रेस ने की अपने ही दो विधायकों को अयोग्य घोषित करने की अपील

**गुवाहाटी , एजेंसी।** असम विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष देबब्रज सैकिया ने शुक्रवार को स्पीकर को दो याचिकाएं सौंपकर दो कांग्रेस विधायकों कमलाख्या डे पुरकायस्थ और बसंत दास को अयोग्य घोषित करने का अनुरोध किया। दोनों विधायकों ने हाल ही में बिना पार्टी छोड़े सरकार को समर्थन देने की घोषणा की थी। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए सैकिया ने स्पीकर बिस्वजीत दैमारी को याचिकाएं सौंपी और उनसे स्वेच्छा से पार्टी की सदस्यता छोड़ने के लिए असम विधानसभा की सदस्यता से दोनों सदस्यों को तुरंत अयोग्य घोषित करने का आग्रह किया। सैकिया ने कहा कि दोनों विधायकों को भाजपा सरकार को समर्थन करने की घोषणा के बाद कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं देने पर निलंबित कर दिया गया है। गत 14 फरवरी को पुरकायस्थ और दास ने कहा था कि उन्होंने विकास कार्यों के लिए सरकार का समर्थन करने का निर्णय लिया है। पुरकायस्थ विपक्षी पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष थे और दास तरुण गोगोई सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पुरकायस्थ कई दशकों से कांग्रेस में हैं और वह 2021 में करीमगंज जिले के करीमगंज उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीते थे। वहीं दास ने मंगलदोई सीट से विधानसभा चुनाव जीता था।

### असम सरकार ने निरस्त किया मुस्लिम विवाह और तलाक कानून

**गुवाहाटी , एजेंसी।** असम सरकार ने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण कानून 1930 को शुक्रवार को निरस्त कर दिया। यह निर्णय शुक्रवार रात मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान लिया गया। कैबिनेट मंत्री जयंत मल्ल बरुआ ने इसे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम विवाह और तलाक से संबंधित सभी मामले स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत आएंगे। उन्होंने कहा, मुस्लिमों के विवाह और तलाक को पंजीकृत करने की जिम्मेदारी जिला आयुक्त और जिला रजिस्ट्रार की होगी। निरस्त हो चुके कानून के तहत कार्यरत 94 मुस्लिम रजिस्ट्रारों को भी उनके पदों से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्हें एकमुश्त दो लाख रुपये का मुआवजा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 1935 के पुराने अधिनियम द्वारा अंग्रेजों ने किशोर विवाह को आसान बना दिया था। यह कानून अंग्रेजों के समय बनाया गया था। बाल विवाह को रोकने के मकसद से सरकार ने इस कानून को निरस्त करने का फैसला लिया है। असम सरकार ने बहुविवाह रोकने के लिए कानून बनाने की तैयारी काफी पहले से कर ली थी। राज्य सरकार ने इसके लिए हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त जज वाली एक विशेष समिति बनाई थी। समिति की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लाम में मुस्लिम पुरुषों की चार महिलाओं से शादी परंपरा अनिवार्य नहीं है।

### ईरान के सैन्य बलों ने फिर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयरस्ट्राइक की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** ईरान के सैन्य बलों ने फिर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयरस्ट्राइक की है। सीमा पार कर ईरानी सैन्य बलों ने आतंकी समूह जैश-अल-अदल के कमांडर इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को मार गिराया है। न्यूज चैनल ईरान इंटरनेशनल ने ईरानी सरकारी मीडिया के हवाले से शनिवार की सुबह इसकी पुष्टि की है। बता दें कि एक महीने पहले भी ईरानी सैन्य बलों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों में पाक की सीमा में घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह किया था। यह घटनाक्रम तब सामने आया है, जब ईरान और पाकिस्तान के बीच रिश्ते तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। पिछले महीने 17 जनवरी को भी ईरान ने पाकिस्तान के दक्षिणी पश्चिमी बलूचिस्तान के पंजगूर में एयरस्ट्राइक की थी। उसके बाद पाकिस्तान ने भी ईरान की सीमाई इलाके में बलूच विद्रोहियों के ठिकानों पर स्ट्राइक की थी। अल अरबिया न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार, जिस आतंकी संगठन के सरगना को ईरानी सुरक्षा बलों ने एयरस्ट्राइक में मार गिराने का दावा किया है, उस जैश अल-अदल की स्थापना 2012 में हुई थी। ईरान ने उस समूह को एक आतंकवादी इकाई के रूप में मान्यता दी गई है। यह मुख्य रूप से सिस्तान-बलूचिस्तान के दक्षिणपूर्वी प्रांत में सक्रिय है।

### अब पौंग बांध के वेटलैंड किनारे भी किसान कर सकेंगे खेतीबाड़ी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के पौंग डैम एरिया के वेटलैंड में भी अब खेती-बाड़ी हो सकेगी। सरकार ने इस साल से इसकी इजाजत दे दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक होशियार सिंह के मूल, भवानी सिंह पठानिया और बिक्रम सिंह के प्रतिपूरक के सवाल के जवाब में यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पौंग डैम एरिया में अभी तक इको सेंसिटिव जोन घोषित किया गया है और न ही इसकी कोई अधिसूचना जारी की गई है। उन्होंने कहा कि जब इसे अधिसूचित किया जाएगा, उससे पहले संबंधित विधानसभा हलकों के विधायकों से चर्चा कर उनके सुझाव लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार अभी वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी एरिया से कुछ हिस्से को हटाने के प्रयास कर रही है, लेकिन इसके नियम काफी कड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहले वाइल्ड लाइफ सेंक्चुरी की अधिसूचना जारी होगी और उसके बाद इको सेंसिटिव जोन बनाने का कार्य किया जाएग।

# कांग्रेस की उम्मीदों को बड़ा झटका, पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी टीएमसी



**कोलकाता, एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने फिर से दोहराया है कि ममता बनर्जी की पार्टी राज्य की सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। गौरतलब है कि बीते 24 घंटे के दौरान सूत्रों से यह जानकारी सामने आई थी कि ममता बनर्जी और कांग्रेस के बीच में सीट बंटवारे को लेकर फिर से बातचीत का दौर शुरू हुआ है, जिससे कांग्रेस के लिए राहत माना जा रहा था। इसी दौरान, यह भी सामने आया कि ममता बनर्जी कांग्रेस को पांच सीटें दे सकती हैं। हालांकि, फिर यह भी दावा किया गया कि सिर्फ दो सीटें ही कांग्रेस को दिए जाने की बातें चल रही हैं। इन सबके बीच शुक्रवार रात फिर से कांग्रेस को झटका लगा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा है कि कुछ हफ्ते पहले टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि टीएमसी राज्य की सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। इसके अलावा, असम और मेघालय की तुरा सीट पर भी उम्मीदवार उतारे जाएंगे। इस स्थिति में अब भी कोई बदलाव नहीं आया है। टीएमसी सांसद के इस बयान से साफ है कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन करके चुनाव नहीं लड़ेगी और राज्य की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार खड़े करने की तैयारी कर रही है। पिछले एक-दो दिनों में विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए कई तरह की सकारात्मक खबरें सामने आ रही थीं। पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का यूपी में अलायंस फाइनल हुआ तो दिल्ली, हरियाणा, गुजरात आदि के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच भी गठबंधन लगभग तय हो गया। आप और कांग्रेस के बीच अगले 24 घंटे में गठबंधन का ऐलान किया जा सकता है। उधर, महाराष्ट्र में भी महाविकास अघाड़ी के बीच सीटों का बंटवारा लगभग-लगभग तय हो गया है। ऐसे में भले ही कई दलों से गठबंधन फाइनल हो गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में टीएमसी का मैदान में अकेले उतरने से कांग्रेस को झटका लग सकता है।

पश्चिम बंगाल में टीएमसी का सामना बीजेपी से है। पिछले लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को जहां 22 सीटें मिली थीं तो बीजेपी ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी। हालांकि, वोट फीसदी में भी कोई बहुत बड़ा फर्क नहीं था। टीएमसी को 42 फीसदी और बीजेपी को 40 फीसदी वोट मिले थे।


# जमीन विवाद में अटका 100 बेड के अस्पताल का काम, किसानों ने रुकवाया काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जमीन विवाद के कारण जेवर एयरपोर्ट के पास बनने वाले 100 बिस्तरों का मल्टीस्पेश्यलिटी अस्पताल का काम रुक गया है। यहां 10 दिन से काम ठप है। किसानों ने कुछ हिस्से को आबादी की जमीन बताकर काम रुकवा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने यमुना प्राधिकरण से मामले के निस्तारण की मांग की है। यमुना क्षेत्र के सेक्टर-22 ई में 100 बिस्तर का ट्रॉमा सेंटर और इतने ही बिस्तर का मल्टीस्पेश्यलिटी बनाया जाना है। करीब 24 हजार वर्ग मीटर में बनने वाली दोनों परियोजनाओं का शिलान्यास पिछले साल जुलाई में हुआ था। यमुना प्राधिकरण ने दोनों स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निशुल्क जमीन दी है। ट्रॉमा सेंटर का निर्माण चल रहा है, लेकिन 100 बिस्तरों के मल्टीस्पेश्यलिटी अस्पताल का निर्माण किसानों ने विरोध कर रुकवा दिया है। किसानों का आरोप है कि चिकित्सकीय



सुविधा के लिए ली गई करीब सात हजार वर्ग मीटर आबादी की जमीन है। यहां अस्पताल जमीन समतल करने का काम किया जा रहा था। समाधान के लिए पत्र लिखा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि किसानों के विवाद के कारण अभी काम रुका हुआ है। इसके निस्तारण की मांग प्राधिकरण से की गई है। इसके लिए पत्र लिखा गया है। विवाद खत्म होते ही काम शुरू करवा दिया जाएगा। ट्रॉमा सेंटर के निर्माण में कोई परेशानी नहीं है। इसका काम चल रहा है। जेवर के पास बनने वाला ट्रॉमा सेंटर साल के अंत तक बनकर तैयार होगा। यह जिले का पहला सरकारी ट्रॉमा सेंटर होगा। वहीं, मल्टीस्पेश्यलिटी अस्पताल भी साथ में ही बनकर तैयार होना था, लेकिन विवाद के कारण इसके बनने में देरी हो सकती है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि दोनों अस्पताल एक साथ बनकर तैयार होंगे।

# खगोलविदों ने अरुण-वरुण ग्रहों के आसपास खोजे 3 नए चंद्रमा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** खगोलविदों को हमारे सौर मंडल में तीन ऐसे चंद्रमा दिखे हैं जो पहले अज्ञात थे। इनमें से दो चंद्रमा वरुण और एक चंद्रमा अरुण के चारों ओर चक्कर लगा रहा है। हवाई और चिली में शक्तिशाली भूमि-आधारित दूरबीनों का उपयोग करके दूर स्थित इन छोटे चंद्रमाओं को देखा गया, और अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ के लघु ग्रह केंद्र ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। इसी के साथ वरुण के चारों ओर चक्कर लगा रहे चंद्रमा की ज्ञात संख्या 16 और अरुण के चारों ओर घूम रहे चंद्रमा की ज्ञात संख्या 28 हो गई है। इस खोज में मदद करने वाले वाशिंगटन स्थित 'कार्नेगी इंस्टीट्यूशन फॉर साइंस के खगोलशास्त्री स्कॉट शेपर्ड ने बताया कि वरुण के नए चंद्रमाओं में से एक की ज्ञात कक्षीय यात्रा अब तक सबसे लंबी है।उन्होंने बताया कि छोटे बाह्य चंद्रमा को सूर्य से सबसे दूर स्थित विशाल बर्फीले ग्रह वरुण के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में लगभग 27 साल लगते हैं। उन्होंने बताया कि अरुण की परिक्रमा कर रहा नया चंद्रमा इस ग्रह के चंद्रमाओं में संभवतः सबसे छोटा है और इसका अनुमानित व्यास केवल पांच मील (आठ किलोमीटर) है।

उन्होंने कहा, हमें लगता कि अभी ऐसे कई और छोटे चंद्रमा हो सकते हैं, जिनकी खोज की जानी बाकी है। बता दें कि इससे पहले नासा/जेपीएल सोलर सिस्टम डायनेमिक्स टीम के अनुसार, हमारे सौर मंडल में ग्रहों की परिक्रमा करने वाले चंद्रमाओं की वर्तमान संख्या 290 है इनमें पृथ्वी के लिए एक चंद्रमा, मंगल ग्रह के लिए दो, बृहस्पति पर 95, शनि पर 146, यूरेनस पर 27, नेप्च्यून पर 14 और बौने ग्रह प्लूटो के लिए 5 है।

# पीटीआई ने आम चुनाव में खराब प्रदर्शन के चलते पार्टी अध्यक्ष को हटाया




**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के नतीजों में खराब प्रदर्शन के चलते जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के अध्यक्ष पद से बैरिस्टर गौहर अली खान को हटा दिया गया है। इसकी जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेता शेर अफजल मारवात ने दी। उन्होंने कहा कि वह एक बेहतरीन इंसान है, लेकिन चुनाव में खराब प्रदर्शन के चलते पार्टी ने अध्यक्ष पद पर बनाए रखने के लिए योग्य नहीं समझा है।

**पीटीआई ने अध्यक्ष पद से गौहर अली खान को हटायाः** पीटीआई नेता ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि गौहर अली खान कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल रहे। पार्टी को चलाने के लिए हर समय जमीनी सक्रियता जरूरी है, लेकिन उनके साथ ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणामों के बाद उनके नेतृत्व का दृष्टिकोण सराहनीय नहीं था। गौरतलब है कि गौहर अली खान ने घोषणा की कि पार्टी के भीतर तीन मार्च को होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव में भाग लेंगे

**पीटीआई के समर्थित उम्मीदवार सरकार बनाने में रहे विफलः** विवादों से घिरेआम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली में सीटें जीतीं। हालांकि, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) एक नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमत हो गए हैं, जिससे इमरान खान की सत्ता में वापसी की संभावनाएं न के बराबर हो गई हैं। हालांकि गौहर अली खान ने गोहर ने गुरुवार को शीर्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करते हुए कहा कि इस बार, पार्टी अध्यक्ष के लिए हमारे उम्मीदवार बैरिस्टर अली जफर और महासचिव उमर अयूब होंगे। पीटीआई के नए चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, इंट्रा-पार्टी चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार 23 और 24 फरवरी को अपना नामांकन पत्र जमा कर सकते हैं, जिसकी जांच 25 फरवरी को की जाएगी। इस बीच, नामांकन पत्रों पर अंतिम निर्णय की घोषणा 27 फरवरी को की जाएगी और मतदान तीन मार्च को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय और चार प्रांतीय सचिवालयों में होगा।

### जिहादी शमीमा बेगम ब्रिटेन की नागरिकता पाने की कानूनी जंग हारी

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन से भाग कर इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकी समूह में शामिल होने वाली लंदन में जन्मी बांग्लादेशी मूल की शमीमा बेगम ब्रिटिश नागरिकता प्राप्त करने की एक और कानूनी लड़ाई हार गई। अपनी दो सहेलियों के साथ ब्रिटेन से भागते समय शमीमा 15 वर्ष की स्कूली छात्रा थी। सीरिया में एक डच आईएस लड़ाके से शादी करने के बाद शमीमा बेगम जिहादी दुल्हन के रूप में सामने आई। वर्तमान में 24 वर्षीया शमीमा उत्तरी सीरिया में एक शरणार्थी शिविर में रह रही है। शमीमा के तीन बच्चे हुए थे जिनकी बाद में मौत हो गई। इससे पहले 2022 में ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने शमीमा के ब्रिटेन लौटने पर प्रतिबंध के फैसले को बरकरार रखा था। पिछले वर्ष फरवरी में विशेष आव्रजन अपील आयोग (एसआईएसी) में अपना केस हार जाने के बाद शमीमा अपील कोर्ट पहुंची थी, लेकिन न्यायाधीशों ने सर्वसम्मति से विशेष ट्रिब्यूनल के फैसले से सहमति जताई।

# दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया-रूस सैन्य सहयोग पर जताई चिंता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ताए-यूल ने उत्तर कोरिया और रूस के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इससे कोरियाई प्रायद्वीप की सुरक्षा को खतरे में पड़ सकती है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, चो ने शुक्रवार को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की दूसरी वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की ब्रीफिंग के दौरान यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, अगर उत्तर कोरिया उन्नत सैन्य तकनीक या तेल शिपमेंट हासिल करता है, तो इससे कोरियाई प्रायद्वीप की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच सहयोग यूएनएससी प्रस्तावों का स्पष्ट उल्लंघन हैं और हथियार अप्रसार व्यवस्था को कमजोर करते हैं।

व्हाइट हाउस ने खुलासा किया है कि उत्तर कोरिया ने रूस को सैन्य उपकरण, युद्ध सामग्री और बैलिस्टिक मिसाइलें प्रदान कीं। इनमें से कुछ को 30 दिसंबर, 2 जनवरी और 6 जनवरी को यूक्रेनी लक्ष्यों पर दागा गया। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, हथियारों के बदले प्योंगयांग रूस से सैन्य सहायता मांग रहा है, इसमें लड़ाकू विमान, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें,



बख्तरबंद वाहन, बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन उपकरण या सामग्री और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियां शामिल हैं।

चो ने कहा, मेरी सरकार रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग से बहुत परेशान है। यूक्रेन में उत्तर कोरियाई युद्ध सामग्री और मिसाइलें देखी गई हैं, इससे यूक्रेन में युद्ध के और बढ़ने और लंबे समय तक चलने का भी खतरा है। चो ने कहा कि सुरक्षा परिषद के लिए अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के अपने मौलिक कर्तव्य को पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, मैं इस लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में कोरिया की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना चाहता हूं। चो ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि एक ऐसे देश के रूप में जिसने 1950 के दशक में भी युद्ध का अनुभव किया था, कोरिया बहुत अच्छी तरह से जानता है कि सैन्य आक्रामकता से पीड़ित होने का क्या मतलब है।

### संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का यूक्रेन संकट खत्म करने का आह्वान

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूक्रेन संकट को समाप्त करने का आह्वान किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने शुक्रवार को यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियान की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर होने वाली सुरक्षा परिषद की बैठक में यह अपील की। गुटेरेस ने कहा, यह शांति का सही समय है - संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्तावों पर आधारित न्यायसंगत शांति। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय विवादों को शांतिपूर्ण तरीकों से सुलझाया जाएगा और सभी राज्यों को किसी अन्य राज्य की क्षेत्रीय अखंडता या राजनीतिक स्वतंत्रता के खिलाफ धमकी या बल के प्रयोग से बचना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129